खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 23°C

देहरादून, गुरुवार 24 जुलाई 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 351 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 28 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



ट्रम्प सीजफायर कराने वाले कौन: राहुल गांधी

पेज 2




हरमन प्रीत का शतक, भारतीय महिला टीम ने जीती वनडे सीरीज

खेल टाइम्स



प्लास्टिक खाने वाले फफूंद की सच्चाई

सम्पादकीय




बिना वीजा 59 देशों की यात्रा कर सकते हैं भारतीय

पेज़ 12

## टॉयलेट में बैठे-बैठे ही हाईकोर्ट की सुनवाई में शामिल हुआ था शख्स

### गुजरात हाईकोर्ट ने लिया एक्शन- 15 दिन समाजसेवा करने का दिया आदेश

**अहमदाबाद, वार्ता**

**गुजरात** के अहमदाबाद में ऑनलाइन अदालती सुनवाई के दौरान टॉयलेट से ही पेश होने वाले शख्स को अदालत की अवमानना का सामना करने का निर्देश दिया गया।

गुजरात हाईकोर्ट ने मंगलवार को हुई सुनवाई में अब्दुल समद को 15 दिन की सामुदायिक सेवा करने का आदेश दिया है। यह घटना 20 जून को हुई जब जस्टिस नीरज एस. देसाई एक मामले की सुनवाई कर रहे थे। इसी दौरान अब्दुल टॉयलेट से ही ऑनलाइन सुनवाई में शामिल हुआ था।




इसका वीडियो वायरल हो गया था। जिसके बाद गुजरात हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए अवमानना कार्यवाही की थी। कोर्ट ने 14 जुलाई को हुई सुनवाई में अब्दुल पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। जुर्माने की राशि 22 जुलाई तक कोर्ट की रजिस्ट्री में जमा करनी थी। हालांकि, मंगलवार को अब्दुल ने एक लाख रुपये की जुर्माना राशि भी भरी और कोर्ट से अपनी गलती के लिए माफी भी मांग ली है। गौरतलब है कि कोविड-19 महामारी के बाद से, गुजरात हाईकोर्ट ने वकीलों और पक्षकारों को वर्चुअल माध्यम से सुनवाई में शामिल होने की अनुमति दी है। कार्यवाही का सीधा प्रसारण न्यायालय के यूट्यूब चैनल के जरिये किया जाता है। अब्दुल समद शाह सूरत के किम गांव का निवासी है और मारपीट के एक मामले में शिकायतकर्ता है। इसी मामले की सुनवाई के दौरान वह टॉयलेट से ही ऑनलाइन सुनवाई में शामिल हुआ था।

## SC Order: महिला IPS को पति व ससुरालियों से मांगनी होगी माफी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- वैवाहिक विवाद में झूठे केस कराए थे दर्ज
- सुप्रीम कोर्ट बोला- पद का गलत इस्तेमाल न करें, सभी मामलों को भी रद्द किया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महिला आईपीएस अफसर को अपने पूर्व पति और ससुराल वालों से बिना शर्त माफी मांगने का आदेश दिया। अधिकारी ने वैवाहिक विवाद में पति और ससुराल वालों के खिलाफ कई झूठे क्रिमिनल केस दर्ज कराए थे।

सुप्रीम कोर्ट ने उन सभी मामलों को भी रद्द कर दिया। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने अपने फैसले में कहा कि मुकदमों की वजह से पति को 109 दिन और उसके पिता को 103 दिन जेल में बिताने पड़े। उन्होंने जो कुछ सहा, उसकी किसी भी तरह से भरपाई नहीं की जा सकती। कोर्ट ने आदेश दिया कि महिला और उसके माता-पिता पीड़ित पति और उसके परिवार के सदस्यों से बिना शर्त माफी मांगें। माफीनामा अंग्रेजी और हिंदी के एक-एक प्रसिद्ध अखबार के राष्ट्रीय संस्करण में छपवाना होगा। साथ ही माफीनामा 3 दिनों के भीतर फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी प्रसारित करना होगा। कोर्ट ने 2018 से अलग रह रहे इस जोड़े के तलाक की अर्जी भी मंजूर कर ली और बेटी की कस्टडी मां (महिला आईपीएस अधिकारी) को सौंप दी। महिला का पूर्व पति और परिवार के सदस्य बेटी से मिल सकेंगे।

### लगातार तीसरे दिन नहीं चली लोकसभा व राज्यसभा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने अपनी मांगों के समर्थन में बुधवार को भी जबरदस्त हंगामा किया, जिसके कारण दो बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थापित कर दी गई। पीठासीन अधिकारी कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोबीच आ गए। पीठीसीन अधिकारी ने हंगामे के दौरान कहा कि आज गोवा की जनजातियों से जुड़ा बहुत महत्वपूर्ण विधेयक है। गोवा राज्य विधानसभा निर्वाचन-क्षेत्र अनुसूचित जनजाति प्रतिनिधित्व का पुन:समायोजन विधेयक 2024 पर चर्चा करनी है। वहीं बिहार में चुनाव आयोग के मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में लामबंद विपक्ष ने लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी राज्यसभा में जोरदार हंगामा किया, जिसके कारण दो बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

### श्रावण शिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**हरिद्वार (ब्यूरो)।** हरिद्वार में श्रावण शिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों में बुधवार तड़के से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक करने के लिए उमड़ पड़ी। कनखल स्थित दक्षेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने भगवान शिव की ससुराल में जलाभिषेक कर पुण्य अर्जित किया। श्रावण मास की शिवरात्रि के दिन श्रद्धालु शिवालयों में जल चढ़ा रहे हैं। कांवड़ियों ने अपने-अपने स्थानीय शिवालयों में जल चढ़ाया। इसी के साथ श्रावण मेला बुधवार को संपन्न हो गया।

### मोदी ब्रिटेन, मालदीव की 4 दिवसीय यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा के लिए बुधवार को राजधानी से लंदन के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान वह दोनों देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों चर्चा करेंगे। श्री मोदी ने रवाना होने से पहले जारी बयान में कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच एक व्यापक रणनीतिक भागीदारी है और जिसमें हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

## भारत ने पाक को लताड़ा

### यूएन में कहा: आतंकवाद में आकंठ डूबा पाक

**न्यूयॉर्क, वार्ता**

**भारत ने** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अंतर्राष्ट्रीय शांति, सुरक्षा और बहुपक्षीय सहयोग के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराते हुए 'सीमा पार आतंकवाद को लगातार प्रायोजित करने' के लिए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की है।




- सीमा पार आतंकवाद को लगातार प्रायोजित करने के लिए कड़ी आलोचना की

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने पहलगाम में पर्यटकों पर किए गए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के आतंकवाद-रोधी अभियान का जिक्र किया और छद्म युद्ध से उत्पन्न बढ़ते खतरे का उल्लेख किया। उन्होंने चेतावनी दी कि मौजूदा संघर्षों को पाकिस्तान के सहयोग से गैर-सरकारी तत्व तेजी से बढ़ाते जा रहे हैं। श्री हरीश ने पाकिस्तान को उसकी असलियत बताते हुए भारत और पाकिस्तान की स्थिति का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ एक जीवंत लोकतंत्र, उभरती अर्थव्यवस्था और एक बहुलवादी समाज वाला भारत है तो दूसरी तरफ कट्टरता, आतंकवाद और अंतर्राष्ट्रीय कर्ज पर लगातार निर्भर पाकिस्तान है। इस परिषद का एक सदस्य देश जिसका, आचरण पूरा विश्व जानता है, जो आतंकवाद का रहनुमा है और जिसकी आलोचना पूरी दुनिया करती है, उसे कम से कम इस तरह के उपदेश नहीं देने चाहिए। भारतीय प्रतिनिधि ने सुरक्षा परिषद में एक उच्चस्तरीय खुली बैठक में आतंकवाद के मसले पर जमकर पाकिस्तान को लताड़ा और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का हवाला दिया, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा कि इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन शुरू करते हुए पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकवादी शिविरों पर एक सटीक और आनुपातिक कार्रवाई की ।

### जस्टिस वर्मा केस से अलग हुए सीजेआई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की रिट याचिका पर होने वाली सुनवाई से स्वयं को बुधवार को अलग कर लिया। न्यायमूर्ति वर्मा ने दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर रहने के दौरान राष्ट्रीय राजधानी के अपने सरकारी आवास से कथित तौर पर नकदी मिलने के मामले में आंतरिक जांच प्रक्रिया और उनके स्थानांतरण तथा न्यायाधीश के पद से हटाने के फैसले की वैधता को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में एक रिट याचिका दायर की है। मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई से अपने आप को अलग करते हुए कहा कि चूंकि वह उनके स्थानांतरण (दिल्ली उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में) के निर्णय का हिस्सा थे, इसलिए उनके लिए इस मामले में सुनवाई करना उचित नहीं होगा।

## दिल्ली में सड़कें डूबीं, स्कूलों में घुटनों तक भरा पानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बुधवार सुबह से ही बारिश हो रही है। दिल्ली के कई इलाकों में सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया, जिससे गाड़ियां फंस गईं। दिल्ली के टिकरी कलां स्थित नगर निगम बालिका स्कूल के क्लासरूम में दो फीट तक पानी भर गया। बच्चे पानी के बीच डेस्क पर बैठे दिखे। कई जगह ट्रैफिक जाम की स्थिति देखी गई।

गाजियाबाद में रामनगर एलिवेटेड रोड पर गाड़ियों की



लंबी कतारें नजर आईं। आईएमडी ने दिल्ली और एनसीआर में बुधवार दिन भर गरज, बिजली और तेज हवाओं (30-40 किमी प्रति घंटे) के साथ और बारिश होने की संभावना जताई थी।

### सुप्रीम कोर्ट का नीट-यूजी काउंसलिंग पर रोक से इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2025 की काउंसलिंग पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। पीठ ने मध्य प्रदेश के कुछ केंद्रों में बिजली गुल होने से पीड़ित नीट-यूजी 2025 परीक्षार्थियों की ओर से दायर दो याचिकाओं पर अंतरिम राहत देने से इन्कार कर दिया। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई करेगी।

### लगातार बढ़ रहा है अहमदाबाद प्लेन क्रैश की नई परतें खुलने का सिलसिला

## गलत शव भेज दिए ब्रिटेन, डीएनए से मिलान नहीं

**अहमदाबाद, वार्ता**

**ब्रिटेन में अहमदाबाद** प्लेन क्रैश के पीड़ित 2 परिवारों ने दावा किया है कि उन्हें गलत शव सौंपे गए हैं। उनके वकील जेम्स हीली के मुताबिक, दोनों शवों का डीएनए उनके परिजन से मेल नहीं खा रहा।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन में रहने वाले एक परिवार ने अपने परिजन के अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी थी, लेकिन जब डीएनए जांच में पता चला कि ताबूत में किसी और यात्री का शव है, तो उन्हें अंतिम संस्कार की योजना रद्द करनी पड़ी। एयर इंडिया ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। वहीं, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मामला सामने आने के बाद हम ब्रिटिश अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हालांकि भारत में अफसरों ने प्रोटोकॉल के तहत ही मृतकों की पहचान की थी। दरअसल, 13 शवों को ब्रिटेन भेजा गया था। 12 जून को प्लेन हादसे में 270 लोगों की मौत हुई थी। हादसे के वक्त विमान में 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत 242 पैसेंजर सवार थे।

#### टेकऑफ से पहले इंडिगो फ्लाइट में लगी आग

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद से दीव जा रही इंडिगो की फ्लाइट एटीआर 76 में बुधवार को उड़ान भरने से ठीक पहले इंजन में आग लग गई। फ्लाइट में 60 लोग पैसेंजर थे। जैसे ही विमान रनवे पर टेकऑफ की तैयारी कर रहा था, पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीएस) को इमरजेंसी 'मेडे' कॉल भेजा और उड़ान को रोक दिया गया। यह हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ। इसके बाद तुरंत सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना की जांच जारी है।



## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ में 16 साइबर ठग गिरफ्तार, एक करोड़ बरामद

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की गुंडबा पुलिस ने सोशल मीडिया पर पॉप मैसेज भेज कर साइबर ठगी को अंजाम देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 16 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से एक करोड़ सात लाख रुपए बरामद किए। पुलिस आयुक्त अमित सिंह सेंगर ने बताया कि अब तक साइबर फॅाड को लेकर लखनऊ में किए गए बड़े कार्रवाई में से यह एक है। उन्होंने बताया कि गुडंबा पुलिस को सूचना मिली थी कि सृष्टि डिपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 403 में एक अवैध रूप से कॉल सेंटर का संचालन किया जा रहा है। गिरोह के सरगना समेत 16 लोग गिरफ्तार किए गए है। इन लोगों के पास से लगभग 1 करोड़ 7 लाख रुपए बरामद किए गए है।

### आजाद, तिलक को मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दो महान स्वतंत्रता सेनानियों, चंद्रशेखर आज़ाद और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके साहस, दृढ़ विश्वास और देश के स्वतंत्रता संग्राम पर उनके अमिट प्रभाव की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि चंद्रशेखर आज़ाद और लोकमान्य तिलक की विरासत देश की पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

### योगी ने की लोक मंगल की कामना

**गोरखपुर।** पावन सावन माह की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि, सावन शिवरात्रि को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंधियारी बाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

# गढ़मुक्तेश्वर बनेगा आस्था व ग्रामीण पर्यटन का केन्द्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले मे स्थित गढ़मुक्तेश्वर और उसके आस-पास के क्षेत्रों की धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को आधुनिक स्वरूप देने के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने 19.50 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस परियोजनाओं से ना केवल तीर्थस्थलों के सौंदईकरण होगा, बल्कि आधुनिक पर्यटक सुविधाएं भी विकसित होंगी। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक देशी-विदेशी सैलानियों को आकर्षित करके स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करना है। उन्होंने बताया कि गघ्मुक्तेश्वर एक पौराणिक एवं धार्मिक स्थल है। गंगा किनारे स्थित इस स्थल पर दूर-दूर से



■ पर्यटन विभाग से 19.50 करोड़ की स्वीकृति दी गई: जयवीर सिंह

श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए आते है। इन परियोजनाओं में ब्रजघाट का पुनर्विकास सम्मिलित है, जहां वॉटर लेजर शो, वेंडिंग जोन, फूड प्लाजा और आधारभूत सामुदायिक सुविधाओं की स्थापना की जा रही है।

इसके अलावा नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों जैसे नक्का कुआं (गुरु तेगबहादुर गुरुद्वारा के पास), कल्याणेश्वर महादेव मंदिर और पंचायत मंदिर (बड़ा बाजार) का भी पर्यटन विकास किया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर, एक प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक नगर है, जो अब पर्यटन विकास की दृष्टि से भी उत्तर प्रदेश के मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है। गंगा नदी के तट पर स्थित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर, जो भगवान शिव को समर्पित है, श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। इस मंदिर को मनोकामनाएं पूरी करने वाला माना जाता है।

### गाजियाबाद में डा. केएन मोदी विश्वविद्यालय के संचालन को मंजूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गाजियाबाद के मोदीनगर में स्थापित होने वाले डा. केएन मोदी विश्वविद्यालय को संचालन की अनुमति प्रदान कर दी है। बुधवार को लखनऊ स्थित अपने आवास पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने विश्वविद्यालय को संचालन प्राधिकार पत्र सौंपा। प्रस्तावित विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2025 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 8 सन-2025) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की अनुसूची-2 में क्रमांक 49 पर शामिल किया गया है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय को वैधानिक मान्यता प्राप्त हो गई है, जिससे यह औपचारिक रूप से संचालन शुरू कर सकेगा। इस अवसर पर उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। डा. केएन मोदी विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित समूह द्वारा गाजियाबाद में स्थापित होने वाला यह विश्वविद्यालय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के नए अवसर प्रदान करेगा।

# प्राथमिक स्कूलों के विलय पर सुनवाई जारी

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों के विलय मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में विशेष अपीलों पर सुनवाई जारी है।

मुख्य न्यायधीश अरुण भंसाली और न्यायधीश जसप्रीत सिंह की खंडपीठ के समक्ष बुधवार को विशेष अपीलों पर राज्य सरकार व बेसिक शिक्षा विभाग के अधिवक्ताओं की बहस चल रही है। इससे पहले याचियों के अधिवक्ता बहस कर चुके हैं। दोनों पक्षों के वकीलों ने अपनी दलीलों के समर्थन में नजीरों को भी पेश किया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को नियत की है। पहली विशेष अपील 5 बच्चों ने और दूसरी 17 बच्चों ने अपने अभिभावकों के जरिए दाखिल की है। इनमें स्कूलों के विलय में एकल पीठ द्वारा बीती 7 जुलाई



को दिए गए फैसले को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया है। याचियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डा. एलपी मिश्र व अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने दलीलें दीं। जबकि राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता अनुज कुदेसिया, मुख्य स्थाई अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार सिंह के साथ बहस कर रहे हैं।

बीती सात जुलाई को स्कूलों के विलय मामले में एकल पीठ ने प्राथमिक स्कूलों के विलय आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिकाओं को खारिज कर दिया था। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह फैसला सीतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों समेत एक अन्य याचिका पर दिया था। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था, जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है। याचियों ने इसे मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाला कहा था। साथ ही मर्जर से छोटे बच्चों के स्कूल दूर हो जाने की परेशानियों का मुद्दा भी उठाया था। याचियों की ओर से खास तौर पर दलील दी गई थी कि स्कूलों को विलय करने का सरकार का आदेश, 6 से 14 साल के बच्चों के मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन करने वाला है।

# संविदा कर्मियों को समय से वेतन दिया जाए: आशीष

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के विरोध में जारी आंदोलन के बीच पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष गोयल ने संविदाकर्मियों को समय से वेतन देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कहीं से इस बाबत कोई शिकायत मिलती है, तो फिर रेगुलर कार्मिकों का वेतन रोक दिया जाएगा। वहीं अध्यक्ष ने सभी मुख्य अभियन्ताओं को निर्देश दिए है कि बायोमीट्रिक उपस्थिति सौ प्रतिशत सुनिश्चित की जाए।

उप्र पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष गोयल ने बताया कि डिस्कॉम स्तर पर इसकी रेग्यूलर मॉनीटरिंग करने को कहा गया है। जिससे संविदा कर्मियों आदि को समय से वेतन मिले। अध्यक्ष ने कहा कि जुलाई का वेतन रेग्यूलर कर्मियों को तभी मिलेगी, जब संविदा कर्मिको को मिल जाएगा। अध्यक्ष ने कहा कि संविदाकर्मी या मीटर रीडर अल्पवेतन भोगी हैं। लाइन मैन कड़ी मेहनत करता है इन सब लोगों को समय से वेतन मिलना चाहिए। उन्होंने निदेशक कार्मिक को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

गर्मी को देखते हुए विद्युत आपूर्ति को सामान्य बनाए रखने के लिए उठाए जा रहे कदम के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि आपूर्ति सामान्य रहे और सभी क्षेत्रों को प्रर्याप्त विद्युत मिले इसके लिए सभी अधिकारी अत्यधिक सजगता बरतने को कहा गया है। साथ ही उपभोक्ताओं को विद्युत व्यवधान और आपूर्ति के बारे में सही जानकारी देने को कहा गया है। कृषि फीडर और रूरल फीडर पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है।

# मंत्री विजय शाह के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के खिलाफ कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दाखिल की है, जिसमें मंत्री को पद से हटाने की मांग गई है। नेता ने अपनी याचिका में कहा है कि मंत्री शाह का आचरण संविधान के अनुच्छेद 164 (3) के तहत ली गई शपथ का उल्लंघन करता है। जिसके आधार पर याचिकाकर्ता ने मंत्री के खिलाफ क्वो-वारंटो रिट जारी करने की मांग की है, ताकि उन्हें मंत्री पद से हटाया जा सके। कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने अपनी याचिका में कहा है कि डा. अंबेडकर नगर के रायकुंडा गांव में आयोजित एक समारोह के दौरान मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित टिप्पणी की थी।

## युद्धविराम पर प्रधानमंत्री की चुप्पी को लेकर सवाल उठाए

# ट्रम्प सीजफायर कराने वाले कौन: राहुल

**नई दिल्ली, वार्ता**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम समझौते की मध्यस्थता के बार-बार किए गए दावों पर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाया।

गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए सरकार की विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और ऑपरेशन सिंदूर से निपटने के तरीके पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री क्या बयान देंगे कि ट्रंप ने युद्धविराम की मध्यस्थता की? वह ऐसा नहीं कह सकते। लेकिन सच्चाई यह है कि ट्रंप ने



■ ट्रम्प ने 25 बार दावा किया, पीएम मोदी एक जवाब नहीं दे पाए, कैसे बोलेंगे ट्रम्प ने कराया

युद्धविराम की मध्यस्थता की थी और पूरी दुनिया यह जानती है। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने कम से कम 25 मौकों पर दावा किया है कि युद्धविराम समझौते की मध्यस्थता में उनकी भूमिका थी। उन्होंने कहा कि युद्धविराम कराने वाले ट्रंप कौन होते हैं? यह उनका काम नहीं है। फिर भी मोदी ने एक बार भी जवाब नहीं दिया।

यह सच्चाई है और आप इससे भाग नहीं सकते। कांग्रेस नेता ने कहा कि एक तरफ सरकार कहती है कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है। दूसरी तरफ वह जीत का जश्न मना रही है और इस बीच ट्रंप बार-बार कह रहे हैं कि उन्होंने युद्धविराम करवाया है। जाहिर है, कुछ तो गड़बड़ है।

### हिन्दुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे: गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे को लेकर बुधवार को आरोप लगाया कि हिंदुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे हैं। गांधी ने संसद परिसर में कहा कि हिन्दुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे है, यह वास्तविकता है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन चुप नहीं बैठेगा और संसद से सड़क तक लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ बिहार की बात नहीं है। महाराष्ट्र में भी चोरी की। हमने चुनाव आयोग से मतदाता सूची मांगी, वीडियो मांगे, लेकिन उन्होंने हमें नहीं दिया। नेता विपक्ष ने कहा कि सरकार ने वीडियोग्राफी देने का कानून ही बदल दिया। महाराष्ट्र में चुनाव से पहले एक करोड़ नए वोटर जोड़े गए। हमने कर्नाटक में अध्ययन किया है और भयंकर चोरी पकड़ी है। मैं 'ब्लैक एंड व्हाइट' में आपको और चुनाव आयोग को बता सकता हूं कि कहां और कैसे चोरी की जा रही है।



सेंसेक्स 82726.64
निफ्टी 25219.90



सोना रु. 100502
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 115500
प्रति किलो



# अमेरिका-जापान समझौते से बाजार में लौटी तेजी

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका और जापान के बीच हुए व्यापार समझौते से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौट आई और प्रमुख सूचकांक लगभग दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। बीएसई का सेंसेक्स 539.83 अंक की मजबूती के साथ 82,726.64 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 159 अंक की बढ़त में 25,219.90 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 10 जुलाई के बाद का उच्चतम स्तर है।

अमेरिका-जापान के बीच आयात शुल्क और निवेश संबंधी व्यापार समझौते के बाद आज एशियाई और यूरोपीय बाजार हरे निशान में रहे। जापान का निक्केई 3.51 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी के साथ बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग 1.62 प्रतिशत मजबूत हुआ।हालांकि चीन का शंघाई कंपोजिट लगभग सपाट रहा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई और जर्मनी का



डैक्स क्रमश: 0.54 फीसदी और 0.84 फीसदी ऊपर बने हुए थे। इससे पहले मंगलवार को अमेरिका शेयर बाजारों में भी लिवाली देखी गई थी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जापान पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। पहले उन्होंने 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की बात कही थी। मंगलवार को हुए समझौते के तहत जापान अमेरिका में 550 अरब डॉलर का निवेश करेगा। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विशेषज्ञ रूपक डे ने बताया कि अमेरिका-जापान समझौते से निवेशकों की धारणा सकारात्मक बनी हुई है और अल्पावधि में ऐसा ही बना रहेगा। निफ्टी ऊपर 25,500 अंक तक जा सकता, जबकि नीचे 24,900 अंक पर इसे समर्थन मिलेगा। सकारात्मक वैश्विक रुझानों से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से सेंसेक्स 265 अंक चढ़कर 82,451.87 अंक पर खुला और पूरे दिन मजबूत बना रहा। इसका दिन का निचला स्तर 82,279.73 अंक और उच्चतम स्तर 82,786.43 अंक रहा।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयर हरे निशान में रहे। टाटा मोटर्स में सर्वाधिक 2.51 फीसदी की तेजी रही। भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी और बजाज फिनसर्व के शेयर भी एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। सेंसेक्स में हिंदुस्तान यूनिलिवर का शेयर सबसे ज्यादा 1.19 फीसदी टूट गया। निफ्टी-50 की शुरुआत 78.45 अंक की तेजी में 25,139.35 अंक से हुई। यह नीचे 25,085.50 अंक और ऊपर 25,233.50 अंक को छुने के बाद अंत में 0.63 फीसदी की तेजी में बंद हुआ।

### सोना 1,00,502 प्रति 10 ग्राम के ऑल-टाइम हाई पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम बुधवार को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 994 बढ़कर 1,00,502 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 99,508 पर था। वहीं चांदी की कीमत 1,007 बढ़कर 1,15,500 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,14,493 पर थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,950 थी, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रही। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 102,380 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,850 रही।

# चावल महंगा, गेहूं सस्ता, तेलों में रही तेजी

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू जिंस बाजारों में बुधवार को गेहूं में नरमी रही जबकि चावल के दाम बढ़ गए। खाद्य तेलों में भी तेजी का रुख रहा। दालों में उतार.चढ़ाव देखा गया, जबकि गुड़ और चीनी के भाव टूट गए। घरेलू थोक बाजारों में चावल की औसत कीमत 17 रुपए बढ़कर 3,820.07 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं पांच रुपए टूटकर 2,817.06 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी करीब 11 रुपए सस्ता हुआ और 3,274.03 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। खाद्य तेलों में तेजी रही। मूंगफली तेल औसतन 38 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। सरसों तेल 61 रुपए और सोया तेल करीब 33 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वनस्पति के दाम में 66 रुपए प्रति क्विंटल की मजबूती दर्ज की गई। सूरजमुखी तेल करीब 67 रुपए और पाम ऑयल लगभग 68 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ा। दाल-दलहनों में तेजी का रुख रहा। दलहन बाजार में मसूर दाल की कीमत लगभग स्थिर रही। चना दाल 24 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल का औसत भाव करीब 17 रुपए घट गया। उड़द दाल में करीब 24 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी रही। दाल मूंग में लगभग दो रुपए की मामूली तेजी रही। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के



औसत भाव करीब चार रुपए प्रति क्विंटल गिर गए। चीनी भी दो रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई है। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7862.15, मसूर काली 8057.45, मूंग दाल 10126.14, उड़द दाल 10487.46, अरहर दाल 10996.74 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2817.06 रुपए और चावल 3820.07 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4266.89 और गुड़ 4892.63 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17183.97 रुपए, मूंगफली तेल 17826.95 रुपए, सूरजमुखी तेल 15266.61 रुपए, सोया रिफाइंड 13764.98 रुपए, पाम ऑयल 122237.96 रुपए और वनस्पति तेल 14473.13 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# यूपी के ढाई लाख घरों में बायोगैस यूनिटें लगाएगी सरकार

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश में ग्राम-ऊर्जा मॉडल के तहत गांवों में घरेलू बायोगैस यूनिटों की स्थापना शुरू की जा रही है, जिससे न सिर्फ ग्रामीणों की रसोई का खर्च घटेगा, बल्कि जैविक खाद उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इस योजना से किसानों और ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि योजना के पहले चरण को लागू करने के लिए अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर और गोंडा जिलों का चयन किया गया है। इन चारों जिलों में कुल 2,250 घरेलू बायोगैस यूनिटें स्थापित की जाएंगी। यह एक पायलट प्रोजेक्ट है और इन जिलों में सफलता के बाद अगले चार वर्षों में इसे

■ रसोई का खर्च घटेगा पर्यावरण संरक्षण को भी मिलेगा बढ़ावा

लगभग 2-5 लाख घरों तक विस्तारित करने की योजना है। उन्होंने बताया कि प्रत्एक बायोगैस संयंत्र की कुल लागत 39,300 रुपए है। प्रक्रिया के अंतर्गत बायोगैस यूनिट की स्थापना के लिए किसानों को केवल 3,990 रुपए ही अंशदान देना होगा। इस योजना को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से औपचारिक स्वीकृति भी मिल चुकी है। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के अनुसार यह पहल ग्रामीणों के जीवन को आसान बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

### रुपए में गिरावट जारी, 3.25 पैसे टूटा


**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में डॉलर की मांग आने से अमेरिकी मुद्रा की तुलना में बुधवार को रुपया 3.25 पैसे टूट गया। कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 86.4125 रुपए का बोला गया। भारतीय मुद्रा लगातार छठे कारोबार दिवस पर कमजोर हुई है। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की अनुसंधान विश्लेषक रिया सिंह ने बताया कि रुपया 86.50 रुपए प्रति डॉलर की तरफ बढ़ रहा है जो चार सप्ताह का निचला स्तर है। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में हो रही देरी से बाजार में निवेशक आशंकित हैं। विशेषकर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बाद उनकी चिंता और बढ़ गई है जिसमें उन्होंने ब्रिक्स देशों के खिलाफ ऊंचे आयात शुल्क लगाने की बात कही थी। रुपया आज 8.50 पैसे की गिरावट में 86.4650 रुपए प्रति डॉलर पर खुला।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता व ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करें अधिकारी: मुर्मू

**नई दिल्ली, वार्ता**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रक्षा संपदा सेवा अधिकारियों से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन-आधारित भूमि सर्वेक्षण, उपग्रह चित्र और संपत्तियों के रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए ब्लॉकचेन जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का कामकाज में इस्तेमाल करने को कहा है।

श्रीमती मुर्मू ने बुधवार को यहां भारतीय रक्षा संपदा सेवा, सैन्य अभियंता सेवा और केंद्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के साथ राष्ट्रपति भवन में मुलाकात के दौरान यह बात कही। रक्षा संपदा सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी के इस युग में डिजिटल समाधानों का




एकीकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी में प्रगति से अवगत रहना और उन्हें ने कामकाज में लाना उनका कर्तव्य है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन-आधारित भूमि सर्वेक्षण, उपग्रह चित्र और संपत्ति रिकॉर्ड रखरखाव के लिए ब्लॉकचेन अब भविष्य की अवधारणाएं नहीं रह गई हैं, बल्कि ए शासन का हिस्सा बन रही हैं।ह उन्होंने अधिकारियों से बुनियादी ढाँचे के विकास में पर्यावरण-अनुकूल पद्धतियों को अपनाने, नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों को अपनाने, अपव्यय को कम करने और छावनियों में जल संरक्षण सुनिश्चित करने की सलाह दी। सैन्य अभियंता सेवा (एमईएस) के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सैन्य निर्माण के क्षेत्र में उभरते नेतृत्व के रूप में, युवा एमईएस अधिकारियों की न केवल निर्माण, बल्कि जिम्मेदारी के साथ निर्माण करने की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उन्हें सतत विकास को बढ़ावा देने और रक्षा अवसंरचना के कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि एमईएस 'आत्मनिर्भर भारत[ के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप 'मेक इन इंडिया[ पहल के तहत स्वदेशी सामग्रियों और प्रौद्योगिकियों के उपयोग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है।













### वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# समय पर योग्य शिक्षकों की पदोन्नति का रास्ता हुआ साफ

## मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की अध्यक्षता में कैबिनेट में हुआ निर्णय




■ राजकीय विद्यालयों में प्रधानाचार्य पद की सेवा नियमावली में संशोधन मंजूर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक में राजकीय विद्यालयों में प्रधानाचार्य पद की सेवा नियमावली में संशोधन को मंजूरी दी गई, जिससे अब पदोन्नति, तैनाती और योग्यता मानकों को लेकर बनी असमंजस की स्थिति दूर हो सकेगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज सचिवालय में राज्य कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई । बैठक में शिक्षा विभाग से जुड़ा एक अहम फैसला लिया गया। बैठक में राजकीय विद्यालयों में प्रधानाचार्य पद की सेवा नियमावली में संशोधन को मंजूरी दी गई, जिससे अब पदोन्नति, तैनाती और योग्यता मानकों को लेकर बनी असमंजस की स्थिति दूर हो सकेगी। नए संशोधनों के तहत अब प्रधानाचार्य बनने की प्रक्रिया ज्यादा पारदर्शी और स्पष्ट हो गई है। यह निर्णय लंबे समय से चली आ रही शिक्षकों की मांगों और प्रशास. निक पेचीदगियों को दूर करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इससे योग्य शिक्षकों को समय पर पदोन्नति का लाभ मिलेगा और स्कूलों में प्रशासनिक कुशलता भी बढ़ेगी।

### धामी कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण फैसले

#### कुंभ मेला 2027 के लिए कर्मचारी

कैबिनेट ने आगामी हरिद्वार कुंभ मेला 2027 के सुचारू संचालन हेतु 82 पदों पर नियुक्ति को मंजूरी दी। इन पदों पर नियुक्त कार्मिकों से साफ-सफाई, स्वास्थ्य सेवाएं, सुरक्षा और समन्वय कार्यों को मजबूती मिलेगी।

#### ई-स्टांप व्यवस्था होगी सरल

राज्य में ई-स्टांप व्यवस्था को सरल और प्रभावी बनाने के लिए भी प्रस्ताव पारित किया गया। अब नागरिकों को स्टांप खरीदने के लिए लंबी कतारों में नहीं लगना पड़ेगा, क्योंकि प्रक्रिया और ज्यादा डिजिटल और सुगम हो जाएगी। इससे राजस्व संग्रह में पारदर्शिता आएगी।

#### सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार

इसके अलावा कैबिनेट के यह निर्णय राज्य प्रशासनिक ढांचे को न केवल अधिक आधुनिक और सुगठित बनाएंगे, बल्कि शिक्षा, आयोजन और सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार लाएंगे। विशेष रूप से शिक्षा विभाग में पारदर्शिता को लेकर लिया गया फैसला भविष्य की दिशा में एक मजबूत संकेत माना जा रहा है।

# राज्य में पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान आज

## राज्य निर्वाचन आयोग और पुलिस प्रशासन ने की तैयारियां, 6049 पदों पर पहले चरण में मैदान में हैं 18004 प्रत्याशी

■ पहले चरण में अपने पंचायत प्रतिनिधी चुनेंगे 26 लाख मतदाता
■ मतदान वाले विकासखंडों में रहेगा सार्वजनिक अवकाश




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए पहले चरण का मतदान गुरुवार को (आज) हो रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग ने इस बार राज्य में पहली दफा पंचायत चुनावों को दो चरणों में कराने का निर्णय लिया था। उसी हिसाब से चुनाव कार्यक्रम जारी किया गया था। चुनावी कार्यक्रम के हिसाब से 24 जुलाई को पहला चरण और 28 जुलाई को दूसरे चरण का मतदान होना है। पहले चरण में राज्य के 12 जनपदों के दूरस्थ क्षेत्रों के गांव एवं ब्लॉकों में मतदान कराया जा रहा है। ( हरिद्वार जनपद को छोड़कर) पहले चरण के मतदान के लिए राज्य निर्वाचन आयोग और पुलिस प्रशासन की भी पूरी तैयारियों हो चुकी हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव शांतिपूर्ण, पारदर्शी, निष्पक्ष और एक्ट के तहत संपन्न कराए जाने की प्रतिबद्धता जताई है।

### पहले चरण के मतदान वाले विकासखंड

1. अल्मोड़ा जनपद के ताकुला, धौलादेवी, ताड़ीखेत, भैंसियाछाना, लमगड़ा, चौखुटिया 2. जनपद ऊधमसिंह नगर के खटीमा, सितारगंज, गदरपुर, बाजपुर 3. जनपद चंपावत के लोहाघाट एवं पाटी 4. जनपद पिथौरागढ़ के धारचूला, डीडीहाट, मुनस्यारी, कनालीछीना 5. जनपद नैनीताल के बेतालघाट, ओखलकांडा, रामगढ़, धारी 6. जनपद बागेश्वर के बागेश्वर, गरुड़, कपकोट 7. जनपद उत्तरकाशी के मोरी, पुरोला, नौगांव 8. जनपद चमोली के देवाल, थराली, ज्योतिर्मठ, नारायणबगड़ 9. जनपद टिहरी के जौनपुर, प्रतापनगर, जाखणीधार, थौलधार, भिलंगना 10. जनपद देहरादून के चकराता, कालसी, विकासनगर 11. जनपद पौड़ी के खिर्सू, पाबौ, थलीसैंण, नैनीडांडा, बीरोंखाल, रिखणीखाल, एकेश्वर, पोखड़ा तथा 12. जनपद रुद्रप्रयाग के ऊखीमठ, जखोली और अगस्त्यमुनि ब्लॉक में मतदान होगा।

### मुख्यमंत्री धामी की प्रदेशवासियों से मतदान की अपील

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के अंतर्गत कल होने वाले मतदान के लिए प्रदेशवासियों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं और इन चुनावों में प्रत्येक मतदाता की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती मतदाता की जागरूकता और सहभागिता पर निर्भर करती है। त्रिस्तरीय पंचायत प्रणाली के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं का संचालन होता है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के मतदाताओं से विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे अधिकाधिक संख्या में मतदान केंद्रों तक पहुँच कर लोकतंत्र को सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता का एक-एक वोट राज्य के भविष्य को गढ़ने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

### प्रथम चरण के मतदान में प्रत्याशियों का विवरण

1. सदस्य ग्राम पंचायत के 948 पदों सापेक्ष 2247 प्रत्याशी प्रतिभाग करेंगे। 2. प्रधान ग्राम पंचायत के 3393 पदों सापेक्ष 9835 प्रत्याशी प्रतिभाग करेंगे। 3. सदस्य क्षेत्र पंचायत के 1507 पदों सापेक्ष 5044 प्रत्याशी प्रतिभाग करेंगे। 4. सदस्य जिला पंचायत के 201 पदों सापेक्ष 878 प्रत्याशी प्रतिभाग करेंगे। 5. लगभग 26 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# माहरा का वीडियो वायरल, कांग्रेस ने बताया एडिटेड, जताई आपत्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा का एक एडिटेड और भ्रामक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से सियासी माहौल गरमा गया है। इस वीडियो में माहरा को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रशंसा करते हुए दिखाया गया है, जबकि कांग्रेस का दावा है कि यह वीडियो पूरी तरह झूठा, तोड़-मरोड़कर तैयार किया गया है और इसका उद्देश्य आमजन को गुमराह करना और कांग्रेस नेताओं की छवि धूमिल करना है।

इस संबंध में बुधवार को थाना कोतवाली देहरादून में कांग्रेस नेताओं ने शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, यह वीडियो फेसबुक पेज "धाकड़ धामी" से प्रसारित किया गया है, जिसके



करीब 6.65 लाख फॉलोअर्स हैं।

अमरजीत सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष के सलाहकार ने बयान देते हुए कहा कि यह सोशल मीडिया का दुरुपयोग है और इससे साफ पता चलता है कि राजनीतिक द्वेष की भावना से कांग्रेस नेताओं के खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, "जब मुख्यमंत्री की आलोचना करने वाला गीतकार जेल भेजा जाता है, तब भाजपा समर्थकों द्वारा कांग्रेस नेताओं पर झूठे वीडियो बनाकर प्रचार करना पूरी तरह अलोकतांत्रिक है। भाजपा अगर अपने कार्यों को लेकर सच में आत्मविश्वास में है, तो वह श्वेत पत्र जारी करे, न कि झूठे वीडियो।"

जसविंदर सिंह जोगी, देहरादून महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रशासन को चाहिए कि वह ऐसे मामलों में शीघ्र कार्रवाई करे ताकि भविष्य में कोई भी सोशल मीडिया

## बकाया गन्ना मूल्य भुगतान के लिए 47.46 करोड़ जारी

**देहरादून।** राज्य सरकार द्वारा पेराई सत्र 2024-25 के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान हेतु चीनी मिल डोईवाला के लिये रु. 22.47 करोड़ एवं चीनी मिल बाजपुर के लिये रु. 25.09 करोड़ की धनराशि कुल रु. 47.46 करोड़ स्वीकृत कर दी गयी है। इससे पूर्व भी राज्य के सहकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिलों के गन्ना किसानों के भुगतान हेतु धनराशि रु. 92.14 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। इस प्रकार पेराई सत्र 2024-25 के लिये राज्य सरकार द्वारा कुल रु. 139.70 करोड़ की धनराशि की स्वीकृति गन्ना किसानों के भुगतान हेतु दी गयी है।

# राजकीय मेडिकल कॉलेजों में तीमारदारों के लिए बनेंगे विश्रामगृह

## चिकित्सा शिक्षा विभाग व सेवादान आरोग्य संस्था के बीच हुआ एमओयू

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड के राजकीय मेडिकल कॉलेजों से सम्बद्ध चिकित्सालयों में उपचार के लिए आने वाले मरीजों के परिजनों व तीमारदारों को राहत देने के उद्देश्य से विश्रामगृहों का निर्माण किया जायेगा। इन विश्रामगृहों में तीमारदारों के लिये बैठने, ठहरने, पेयजल, भोजन, स्वच्छ शौचालय तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध की जायेगी। इसके लिये चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सेवादान आरोग्य संस्था के साथ एमओयू (समझौता ज्ञापन) साइन किया है। पहले चरण में राजकीय मेडिकल कॉलेज दून व हल्द्वानी में विश्रामगृह बनाये जायेंगे।



बुधवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की उपस्थिति में तीमारदारों के लिए विश्राम गृह बनाने को राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी तथा सेवादान आरोग्य संस्था के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता (एम.ओ.यू.) हस्ताक्षरित किया गया। पहले चरण में राजकीय दून मेडिकल कॉलेज व राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में विश्रामगृहों का निर्माण किया जायेगा, जिन्हें सेवादान आरोग्य संस्था द्वारा संचालित भी किया जायेगा। इसके बाद अन्य मेडिकल कॉलेजों में भी इस पहल को विस्तारित किया जायेगा। इन विश्रामगृहों में मेडिकल कालेजों से सम्बद्ध अस्पतालों में भर्ती मरीजों के परिजनों व तिमारदारों को ठहरने के साथ ही भोजन इत्यादि की सुविधाएं दी जायेगी। जिससे तिमारदारों को रात्रि विश्राम व ठहरने के लिये होटलों, धर्मशालाओं व सरायों में न भटकना पड़े। समझौता ज्ञापन कार्यक्रम में सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कार सिंह धामी ने विश्रामगृहों के निर्माण को तिमारदारों की दीर्घकालिक समस्याओं का समाधान बताया और सेवादान आरोग्य संस्था से किच्छा स्थित एम्स सैटेलाइट सेंटर में भी ऐसी सुविधा शुरू करने की बात कही, जिसे संस्था द्वारा स्वीकार किया गया।

"सरकार मरीजों के साथ-साथ उनके तीमारदारों की कठिनाइयों को भी गंभीरता से समझती है। अस्पतालों में दिन-रात परिजनों को समय बिताना पड़ता है। तीमारदारों की समस्याओं को देखते हुये सरकार ने विश्रामगृह बनाने का निर्णय लिया है, चिकित्सा शिक्षा विभाग व सेवादान आरोग्य फाउंडेशन के बीच इसको लेकर एमओयू साइन हुआ है, जल्द ही तीमारदारों को विश्रामगृहों की सुविधाएं मिलेगी..

**. डॉ. धन सिंह रावत, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड।**

## दोनों मेडिकल कॉलेजों में 350 बिस्तर वाले विश्राम गृहों का होगा निर्माण

**देहरादून।** समझौते के तहत सेवादान आरोग्य फाउंडेशन शीघ्र ही दोनों मेडिकल कॉलेजों में कुल 350 बिस्तरों की क्षमता वाले विश्राम गृहों का निर्माण करेगी। जिसमें 10 बेड वाले 5 शयनागार तथा 8 बेड वाले 2 शयनागारों में 55 रूपये प्रति बिस्तर तिमारदारों को उपलब्ध कराये जायेंगे। इसके अलावा 6 बेड वाले 5 शयनागार (शौचालय युक्त ) में तिमारदारों को 75 रूपये प्रति बिस्तर मिलेगा। विश्रामगृह में डबल बेड वाले 33 कमरे (शौचालय युक्त/नॉन एसी) 330 रूपये प्रति कक्ष की दर पर लोगों को मिलेंगे। इसी प्रकार डबल बेड वाले 8 कमरे (शौचालय व एसी सहित) 850 रूपये प्रति कक्ष में मिलेगा। इसके अलावा विश्रामगृह में चार बेड वाले 36 कमरे (शौचालय सहित) 75 रूपये प्रति बिस्तर के हिसाब से मिलेंगे। विश्राम गृहों (रैन बसेरों) में नाश्ता 20 रूपये, दोपहर व रात्रि भोजन 35 रूपये की सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया जायेगा। इन विश्राम गृहों के निर्माण के लिये राजकीय मेडिकल कॉलेज देहरादून द्वारा 1750 वर्गमीटर एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी द्वारा 1400 वर्गमीटर भूमि उपलब्ध की गई है।

# यूपीईएस को मिली अंतर्राष्ट्रीय मान्यता

## रिस्क मैनेजमेंट में वैश्विक शिक्षा का रास्ता हुआ प्रशस्त, छात्रों को मिलेगा अंतर्राष्ट्रीय प्रमाणन

■ आई.आर.एम इंडिया एफिलिएट से हुआ करार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज (यू.पी.ई.एस) ने बुधवार को इंस्टीट्यूट ऑफ रिस्क मैनेजमेंट (आई.आर.एम), इंडिया एफिलिएट से अंत. रराष्ट्रीय अफिलिएशन प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। इस साझेदारी के तहत अब यू.पी.ई.एस में पढ़ने वाले छात्र ग्लोबल लेवल 1 एंटरप्राइज रिस्क मैनेजमेंट (ई.आर.एम) एग्जाम दे सकेंगे और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर की मान्यता प्राप्त क्रेडेंशियल भी मिल सकेगी।



इस समझौते पर यू.पी.ई.एस स्कूल ऑफ बिजनेस में आयोजित एक समारोह में हस्ताक्षर किए गए। मौके पर कुलपति डॉ. राम शर्मा, रजिस्ट्रार मनीष मदान, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. जयशंकर वरियार, स्कूल ऑफ बिजनेस के डायरेक्टर प्रो. राहुल नैनवाल, एसोसिएट डीन डॉ. निरज शिरीष मांकड़, आई.आर.एम इंडिया एफिलिएट के सीईओ हर्ष शाह, सी.एफ.आई.आर.एम और पीडब्ल्यूसी इंडिया की सीनियर एडवाइजर ज्योति रुपारेल और ए.एफ.आर.वाई के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर जय ठाकुर भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर 'लीडिंग विद रिस्क-इंटेलिजेंस: फ्यूचर-प्रूफिंग ऑर्गनाइजेशंस' विषय पर मास्टरक्लास भी आयोजित की गई।

इस करार के बाद यू.पी.ई.एस छात्रों को इंडस्ट्रियल विजिट्स, 300 से अधिक प्रकार के रिस्क्स जैसे ई.एस.जी, फाइनेंशियल, ऑपरेशनल और जियोपॉलिटिकल रिस्क्स को समझने और उनसे निपटने की ट्रेनिंग देगा। फैकल्टी मेंबर्स को भी विशेष स्कॉलरशिप्स और स्ट्रक्चर्ड ट्रेनिंग प्रोग्राम्स का लाभ मिलेगा।

आई.आर.एम इंडिया के सीईओ हर्ष शाह ने कहा कि यह करार रिस्क मैनेजमेंट में वैश्विक स्तर पर टैलेंट तैयार करने की दिशा में एक अहम कदम है। वहीं रजिस्ट्रार मनीष मदान ने कहा कि यह साझेदारी छात्रों और शिक्षकों को अनिश्चितताओं से निपटने के लिए जरूरी कौशल प्रदान करेगी।

बता दें कि आई.आर.एम की स्थापना 1986 में यूनाइटेड किंगडम में हुई थी और यह आज 143 देशों में कार्यरत है। यह संस्था रिस्क मैनेजमेंट क्षेत्र में दुनिया की अग्रणी सर्टिफिकेशन बॉडी मानी जाती है और फेलोशिप लेवल तक प्रोफेशनल डेजिग्नेशंस प्रदान करती है। यू.पी.ई.एस अपने शिक्षा मॉडल में अकादमिक कठोरता को वैश्विक दृष्टिकोण, इंटरडिसिप्लिनरी लर्निंग और इंडस्ट्री इंटीग्रेशन के साथ जोड़ने के लिए जाना जाता है। यह करार विश्वविद्यालय के छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए और भी बेहतर तरीके से तैयार करेगा।




## विशेष प्रशिक्षण के लिए मांगे गए आवेदन: बीएसए

**सहारनपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कोमल ने कहा कि विशेष प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के लिए आवेदन मांगे गये है। बीएसए ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में शैक्षिक सत्र 2025 - 26 में 7 और 14 आयु व्यय वर्ग के चिन्हित आउट ऑफ स्कूली बच्चों को विद्यालय में नामांकन के उपरांत विशेष प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के लिए विशेष प्रशिक्षक ( सेवानिवृत अध्यापक/ वॉलिंटियर ) का चयन विद्यालय स्तर पर किया जाना है । जिसमें उन्होंने बताया विस्तृत दिशा निर्देश, चयन किए जाने वाले विद्यालयों की सूची खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय सहारनपुर में चस्पा की गई है।






# बिना डॉक्टर परामर्श के न बेची जाएं प्रतिबंधित दवाइयां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पौड़ी की सचिव व सिविल जज (सीनियर डिवीजन) नाजिश कलीम ने मंगलवार को उप जिला संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होने मेडिकल स्टोर संचालकों को बिना डॉक्टर की पर्ची के प्रतिबंधित दवाओं ना बेचने की निर्देश दिए। कहा कि बिना विशेषज्ञ परामर्श के दवाओं का सेवन स्वास्थ्य के लिए घातक हो सकता है।

निरीक्षण के दौरान कुछ दुकानों पर ऐसी दवाएं पाई गई जिन्हें डॉक्टर की सलाह के बिना बेचना नियम विरुद्ध है। ऐसे में भविष्य में अगर इस तरह की अनियमितता पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देशित किया गया कि हर ग्राहक को दवा का बिल अवश्य दिया जाए और एक्सपायरी व प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पूरी तरह रोकी जाए। इसी क्रम में न्यायालय परिसर श्रीनगर में आयोजित गोष्ठी में श्रीनगर के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों ने प्रतिभाग किया। दवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा, नियमों के पालन और उपभोक्ताओं को बिल प्रदान करने पर विशेष चर्चा हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता भी सचिव नाजिश कलीम ने की।कार्यक्रम में सिविल जज जूनियर डिवीजन कुमारी अलका, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ प्रमेश चंद्र जोशी, संरक्षक अनूप पांथरी, महेंद्र पाल सिंह रावत, प्रदीप मैठाणी, सुबोध भट्ट समेत अनेक लोग मौजूद रहे। इसके साथ ही हरेला महोत्सव के तहत न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया, जिसमें अधिकारियों, अधिवक्ताओं व कर्मचारियों ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# अग्निवीरों के लिए गढ़वाल विवि चलाएगा सार्टिफिकेट कोर्स

**■ गढ़वाल विवि की 23वीं विद्या परिषद की बैठक सम्पन्न**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की 23वीं बैठक मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न ऐजेंडो पर चर्चा की गई। कुलपति सचिवालय सभागार में ऑफलाइन और हाईब्रीड मोड़ पर हुई बैठक में कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह की पहल पर सिविल सोसाइटी एवं अन्य जनमानस के प्रस्ताव अनुरूप गढ़वाल विवि के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले स्वर्गीय कुंज. बिहारी नेगी के नाम पर बिड़ला परिसर स्थित सामुदायिक भवन का नाम कुंजबिहारी नेगी सामुदायिक भवन के नाम पर रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में विवि ने छात्र हित में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के अधीन एप्लाइड साइंस एवं ह्यूमैनिटीज (अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी) विभाग स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया। विद्या परिषद की बैठक में विवि के कार्यहित में डीन नियुक्ति एवं पदोन्नति, मुख्य छात्र सलाहकार एवं नियोजन एवं विकास समिति के गठन के निर्णयों का अनुमोदन किया गया। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व एवं प्रभावी क्रियान्वयन को दृष्टिगत रखते हुए समन्वयक एनईपी प्रो. प्रशांत कंडारी को डीन एकेडमिक अफेयर का दायित्व देने का प्रस्ताव पारित किया गया। विद्या परिषद की बैठक में गढ़वाल राइफल रेजीमेंट लैंसडाउन के प्रस्ताव पर विचार करते हुए अग्निवीर प्रशिक्षार्णियों को प्रशिक्षण के दौरान सार्टीफिकेट कोर्स प्रदान किए जाने पर भी सैद्धातिक सहमति भी प्रदान की गई। साथ ही गढ़वाल राइफल रेजीमेंट के साथ अनुबंध किए जाने व सार्टीफिकेट कोर्स के संचालन की अन्य प्रक्रिया संपादित किए जाने के भी निर्देश पारित किए गये। बैठक में जिन शोधार्थियों के वाइवा सम्पन्न हो गये थे उनको पीएचडी की डिग्री अवार्ड करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कुलसचिव प्रो. राकेश ढोड़ी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी गुसांई, वित्त अधिकारी/डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. संजय ध्यानी, निदेशक टिहरी एवं पौड़ी परिसर, समस्त संकायध्यक्ष सहित सभी विभागाध्यक्षों ने प्रतिभाग किया।

# पोलिंग बूथों के लिए सभी मतदान पार्टियां रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** पंचायत चुनाव के तहत जिले के तीनों विकासखण्डों के दूरस्थ पोलिंग बूथों को लेकर मतदान पार्टियों को रवाना किया गया, जिसमें 392 मतदान पार्टियों को उनके संबंधित मतदान स्थलों के लिए रवाना किया गया, जिसमें जिसमें अगस्तमुनि से 189, जखोली से 130 तथा ऊखीमठ से 73 पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। जिन्हें मतपेटी सहित मतदान से संबंधित सभी आवश्यक सामग्री यथा-मतदाता सूची, सीलिंग सामग्री, बैलेट पेपर, स्टेशनरी किट आदि प्रदान की गई। जबकि बीते दिन 67 मतदान पार्टियों को उनके गंतव्यों के लिए रवाना किया गया था। सभी मतदान पार्टियों द्वारा अपने-अपने दस्तावेजों का विधिवत सत्यापित कर गंतव्य की ओर प्रस्थान किया गया। मतदान कार्मिकों की सुविधा, सुरक्षा और समयबद्ध गंतव्य पर पहुंच सुनिश्चित करने को लेकर प्रशासन द्वारा समुचित प्रबंध किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर सभी मतदान कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए हैं।फोटो: पोलिंग बूथों के लिए जाती मतदान पार्टिया(23आरडीपी2)

**डीएम ने किया स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण**

रुद्रप्रयाग। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी प्रतीक जैन, पुलिस अधीक्षक रूद्रप्रयाग प्रहलाद कोंडे, प्रवेक्षक वैभव गुप्ता व मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने अगस्त्यमुनि खेल क्रीड़ा मैदान पहुंच कर स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने सभी कर्मिको से निष्पक्ष भाव से अपने कर्तव्यों के पालन करने करी अपील की।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मतदान तैयारियों का निरीक्षण

**■ स्ट्रांग रूम, मतपेटियों और भोजन व्यवस्था को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश 121 बूथों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित, सभी संबंधित अधिकारी रहे मौजूद**



**शाह टाइम्स संवाददददाता**

**नई टिहरी।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 के अंतर्गत बुधवार को जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नितिका खंडेलवाल ने विकासखंड थौलधार का स्थलीय निरीक्षण कर चुनाव तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्र की समस्त व्यवस्थाओं को गंभीरता से परखा और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए।

निरीक्षण के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथों की स्थिति, आपदा नियंत्रण कक्ष, सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था, मतपेटियों की सुरक्षा, स्ट्रांग रूम की क्षमता तथा मतदान कार्मिकों के लिए की गई भोजन व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदान प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि 121 बूथों की मतपेटियों को सुरक्षित रूप से रखने के लिए समुचित स्थान उपलब्ध है और वहां सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्ट्रांग रूम के भीतर और बाहर की सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की चूक न हो और सीसीटीवी कैमरे चौबीसों घंटे सक्रिय रहें।

इस दौरान जिला पूर्ति अधिकारी मनोज डोभाल ने जानकारी दी कि सभी मतदान कार्मिकों के लिए भोजन की व्यवस्थित और समयबद्ध व्यवस्था की गई है। सभी कार्मिकों को तय समय पर खाना वितरित किया जा रहा है ताकि वे निर्बाध रूप से अपनी ड्यूटी निभा सकें।

निरीक्षण के समय डिप्टी डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर मो. असलम, रिटर्निंग ऑफिसर प्रशांत भारद्वाज, ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर स्नेह नेगी सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौके पर उपस्थित थे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे आपसी समन्वय के साथ चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सफल बनाने में पूर्ण सहयोग दें।

# चमोली में एक लाख 4 हजार 715 मतदाता प्रथम चरण में करेंगे मतदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।**राज्य निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के तहत 24 जुलाई को जनपद चमोली के 258 मतदेय स्थलों पर मतदान किया जाएगा। प्रथम चरण में ज्योतिर्मठ, देवाल, थराली और नारायणबगड़ विकासखंडों में 9 जिला पंचायत सदस्य, 91 क्षेत्र पंचायत सदस्य, 232 ग्राम प्रधान और 1662 सदस्य ग्राम पंचायत पदों के लिए मतदान किया जाएगा।

चमोली जिले में ज्योतिर्मठ, देवाल, थराली और नारायणबगड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए कुल 1 लाख 4 हजार 715 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। चारों विकास खंडों में 50 हजार 690 महिलाएं और 54 हजार 25 पुरुष मतदाता हैं। जिनमें से देवाल में 11 हजार 50 महिलाएं व 11 हजार 897 पुरुष, थराली 12 हजार 139 महिलाएं, 12 हजार 663 पुरुष, ज्योतिर्मठ में 13 हजार 211 महिलाएं, 13 हजार 843 पुरुष और नारायणबगड विकास खंड में 14 हजार 290 महिलाएं व 15 हजार 622 पुरुष मतदाता हैं। इनमें 1789 मतदाता 80 वर्ष से अधिक आयु के हैं। जबकि इन सभी विकास खंडों में निर्वाचन कार्यालय की ओर से 447 दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित किया गया है। वहीं समाज कल्याण विभाग की ओर से मतदान की सुविधा हेतु पंजीकृत दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के सहयोग के लिए आशा, आंगनवाडी, एनसीसी और एनएसएस कैडेट्स स्वयं सेवक के रुप में तैनात किए गए हैं। साथ ही सड़क मार्ग पर स्थित मतदेय स्थलों पर मतदान केंद्र तक आने जाने के लिए वाहनों की भी व्यवस्था की गई है।

**एक नजर .......**

## सावन शिवरात्रि पर केदारनाथ धाम में उमड़ा भक्तों का हुजूम

**रुद्रप्रयाग।** सावन शिवरात्रि के मोके पर केदारनाथ धाम में शिव भक्तों का हुजूम उमड़ा। सुबह से ही भक्त बाबा केदारनाथ के दर्शनों के लिए लंबी लाइनों में लगे रहे। केदारनाथ मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों से भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। केदारनाथ धाम में आस्था का हुजूम उमड़ रहा है। लगातार बारिश होने के बावजूद धाम में भारी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। अभी तक 14 लाख से अधिक भक्त बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। सावन शिवरात्रि के मौके पर भी धाम में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही भक्त बाबा के दर्शनों के लिए लम्बी लाइन में लगे रहे है। आज से धाम में केदारनाथ धाम के तीर्थ पुरोहितों की ओर 16-17 जून 2013 की आपदा में मारे लगे लोगों की आत्मा की शांति के लिए श्रीमदभागवत भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसको लेकर केदारनाथ मंदिर को रंग बिरंगे फूलों से भव्य तरीके से सजाया जा रहा है।

## पौधारोपण कर किया आमजन को जागरूक

**कोटद्वार ।** श्री गुरु गोरखनाथ पर्यावरणीय संरक्षण एवं संवर्धन समिति की ओर से दुगड्डा ब्लाक के राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय और देवीखाल के ग्राम बादकोट में पौधरोपण किया गया। इस दौरान आम, अमरूद, अनार, कटहल, हरड़ और बहेड़ा आदि के पौधे लगाए गए। इस दौरान समिति महासचिव सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण में लगातार परिवर्तन हो रहे हैं। पौधरोपण करने से ही इस तरह के परिवर्तनों से बचा जा सकता है। इसलिए सभी को अपने जीवन में पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। कहा कि समिति की ओर से क्षेत्र के धार्मिक स्थानों और विद्यालयों में लगातार पौधरोपण करते हुए लोगों को इस संबध में जागरूक भी किया जा रहा है।

## 24 व 28 जुलाई को मतदान दिवस पर रहेगा अवकाश

कोटद्वार । त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 के मतदान के दिन संबंधित विकासखण्डों में अवकाश रहेगा। अवकाश के संबंध में उत्तराखण्ड शासन व राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के क्रम में जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत स्वाति एस भदौरिया ने अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार त्रिस्तारीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन- 2025 के अन्तर्गत विकासखण्डवार प्रथम चरण के मतदान दिवस 24 जुलाई, दिन गुरुवार एवं द्वितीय चरण के मतदान दिवस 28 जुलाई, दिन सोमवार को सम्बन्धित विकासखण्डों के क्षेत्रांतर्गत स्थित शासकीय, अशासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, अर्द्ध-निकायों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कार्मिकों, कारीगरों, मजदूरों को मतदान हेतु सवेतन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त तिथियों में निर्वाचन क्षेत्रों के समस्त कोषागार भी बन्द रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता 24 जुलाई एवं 28 जुलाई को अपने निर्धारित मतदान केंद्रों पर पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें।

## पंचायत चुनावों में तैनात पुलिस बल को ब्रीफ कर किया रवाना

**रुद्रप्रयाग।** पंचायत चुनावों को शांतिपूर्वक व निष्पक्ष रूप से संपादित कराने को लेकर चुनाव में तैनात पुलिस बल की ब्रीफिंग की गई। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने तीनों विकासखंड मुख्यालय में पुलिस बल को ब्रीफ कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सकुशल सम्पन्न को लेकर तीनो विकासखण्डों से सम्बन्धित पोलिंग पार्टियों को पूर्व चुनाव ड्यूटी में नियुक्त पुलिस बल को अगस्त्यमुनि ब्लॉक में निरीक्षक मनोज नेगी, जखोली ब्लॉक में निरीक्षक श्याम लाल तथा ऊखीमठ ब्लॉक में निरीक्षक मुकेश चौहान ने ब्रीफ किया। इस दौरान अधिकारियों के स्तर से पुलिस बल को आपस में उचित सामंजस्य के साथ ड्यूटी करने, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से चुवाव सम्पन्न कराने, ड्यूटी के दौरान लापरवाही न बरतने तथा अतिरिक्त सावधानियां बरतने, समय से ड्यूटी स्थल पर पहुंचकर आसपास के क्षेत्र को भली-भांति चेक करने व मतदान स्थल व उसके आप-पास के दायरे में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश न करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बुधवार को तीनो विकासखंडो की 392 पोलिंग पार्टियों को सुरक्षा बलों के साथ सम्बन्धित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया।

# चलाया सत्यापन अभियान

**कोटद्वार ।** जिला प्रशासन की ओर से जनपद के शहरी क्षेत्र में उपभोक्ताओं के राशन कार्ड का सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत बाहरी व अपात्र लोगों के राशन कार्डों को निरस्त किया जा रहा है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी कोटद्वार करण क्षेत्री ने बताया कि राशन कार्ड योजना में पांच लाख रूपए से कम आय वालों को राज्य खाद्य योजना के अंतर्गत पीला, पंद्रह हजार रूपए मासिक से कम आय वालों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सफेद व दिव्यांग पेंशन की पात्रता वाले और चार हजार रूपए मासिक आय से कम आय वालों को अन्त्योदय के अंतर्गत गुलाबी राशन कार्ड प्रदान किया गया है।

# कांवड़िया बनकर स्कूटी चुराने वाला शातिर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**■ सीसीटीवी फुटेज और सतर्क चेकिंग से हुआ खुलासा, आरोपी के पास से चोरी की स्कूटी बरामद नशे की लत ने बनाया चोर, गंगोत्री से लौटते वक्त की थी स्कूटी चोरी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नरेंद्रनगर थाना पुलिस ने कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़िया के वेश में घूमते हुए एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई एक स्कूटी भी बरामद कर ली गई है। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष संजय मिश्रा के नेतृत्व में की गई। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई को आगर गांव निवासी दिनेश ने थाने में तहरीर दी थी कि उसकी स्कूटी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच का जिम्मा एसआई आमिर खान को सौंपा। वहीं, वाहन चोरी की घटनाओं को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने घटना के शीघ्र खुलासे और आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए थे। इसके बाद पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की गहनता से जांच की। साथ ही मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए क्षेत्र में निरंतर चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत मंगलवार को पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली, जब एक संदिग्ध व्यक्ति को दबोचा गया। उसकी पहचान शत्रुघ्न वर्मा पुत्र करमवीर वर्मा निवासी मकान संख्या 113, चंदकी वाली गली नंबरदार, ग्राम पल्ला, दिल्ली के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध कबूलते हुए बताया कि वह 15 जुलाई को अपने साथियों के साथ गंगोत्री जल लेने गया था, लेकिन नशे की लत के चलते वह यात्रा के दौरान उनसे अलग हो गया।

वापसी के समय रास्ते में उसे एक स्कूटी लावारिस अवस्था में खड़ी दिखी, जिस पर उसकी नजर टिक गई। उसने स्कूटी का लॉक तोड़कर चोरी कर ली और उसे खींचते हुए एक मैकेनिक के पास ले जाकर स्टार्ट कराया। इसके बाद वह स्कूटी लेकर फरार हो गया और लगातार पुलिस चेकिंग के डर से इधर-उधर छिपता रहा। मंगलवार को जब वह स्कूटी को बेचने के इरादे से बाजार की ओर जा रहा था, तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया।

पुलिस आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने की तैयारी कर रही है। इस पूरी कार्रवाई में हेड कांस्टेबल संजय रावत और पुष्कर सिंह भी शामिल रहे, जिन्होंने मुस्तैदी से कार्य कर वाहन चोरी के मामले का सफल खुलासा किया। पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि वे अपने वाहनों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

# टिहरी में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की मांग तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने टिहरी में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज की स्थापना प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग को एक बार फिर से पुरजोर तरीके से उठाया है। उन्होंने इस मुद्दे को लेकर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और टीएचडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आर. के. विश्नोई से तत्काल ठोस कदम उठाने की अपील की है।

विधायक उपाध्याय ने जानकारी दी कि 15 जुलाई 2024 को टीएचडीसी के सीएमडी द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र भेजा गया था, जिसमें कहा गया था कि टीएचडीसी मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के मानकों के अनुरूप एक आधुनिक मेडिकल कॉलेज का निर्माण कर उसे राज्य सरकार को सौंपेगा।

मुख्यमंत्री ने उस समय सचिव स्वास्थ्य को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए थे, जिससे स्थानीय जनता में आशा की किरण जगी थी।

लेकिन दुर्भाग्यवश, एक वर्ष बीत जाने के बाद भी इस महत्वाकांक्षी परियोजना में कोई ठोस प्रगति नहीं हो सकी है। विधायक ने कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक है कि टीएचडीसी ने अपने बजट में मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए अब तक कोई वित्तीय प्रावधान नहीं किया है। इससे स्थानीय जनता में गहरी निराशा और असंतोष व्याप्त है, क्योंकि यह परियोजना न केवल क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को सशक्त बनाएगी, बल्कि युवाओं के लिए चिकित्सा शिक्षा के नए द्वार भी खोलेगी।

विधायक उपाध्याय ने बताया कि प्रशासन द्वारा भागीरथीपुरम के निकट इणियां क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज के लिए 13 हेक्टेयर भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव चिकित्सा शिक्षा विभाग को भेजा गया था, परंतु वह फाइल विभाग में लंबित रह गई और आगे नहीं बढ़ सकी।

हालांकि, हाल ही में विद्युत मंत्रालय की एक उच्चस्तरीय बैठक में इस विषय पर चर्चा की गई है, जिससे एक बार फिर उम्मीद जगी है कि यह परियोजना धरातल पर उतर सकेगी।

विधायक ने इस बात पर जोर दिया कि टिहरीवासियों ने राज्य के लिए जो बलिदान और योगदान दिया है, उसका सम्मान तभी संभव है जब टिहरी में उच्च गुणवत्ता वाला मेडिकल कॉलेज शीघ्र स्थापित किया जाए।

उन्होंने मांग की कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना को अब और विलंबित न किया जाए और शीघ्रातिशीघ्र इसका शिलान्यास कर निर्माण कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि यह न केवल टिहरी की वर्षों पुरानी मांग है, बल्कि यहां की जनभावनाओं का सवाल भी है, जिसे अब और अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए।

# छात्रों ने सीखे व्यवहारिक एवं मानसिक कौशलों के गुर

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के शिक्षा विभाग में आयोजित पाँच दिवसीय जीवन कौशल एवं व्यक्तित्व विकास कार्यशाला बुधवार को सम्पन्न हुई। जीवन के विविध पहलुओं से संबंधित व्यवहारिक एवं मानसिक कौशलों का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यशाला में विश्वविद्यालय के इंटीग्रेटेड बीएड़ के द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया।

# विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण सप्ताह का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण सप्ताह' का समापन हो गया है। इस दौरान तीनों विकासखंड में 138 महिला नसबंदी की गई।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश ने बताया कि 'मां बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही' थीम के साथ गत 11 जुलाई से शुरू हुए विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण सप्ताह के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि में 60, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊखीमठ में 53 व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखोली में 25 महिला नसबंदी की गई, सभी 138 महिला नसबंदी ऑपरेशन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि के सर्जन डॉ. वैभव विशाल सिंह व उनकी टीम ने किए। इसके अलावा लाभार्थियों को परिवार नियोजन की अस्थाई विधि सेवा का लाभ दिया गया, जिसमें माला एन, छाया, अंतरा, कॉपर-टी परिवार नियोजन साधन का लाभ देने के साथ कंडोम का वितरण किया गया। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की ओर से पहला बच्चा 20 वर्ष की उम्र के बाद हो, वो भी तब जब स्त्री तन व मन से स्वस्थ हो। साथ ही दो बच्चों में तीन वर्ष का अंतर रखने व बच्चों में अंतर रखने के लिए गर्भ निरोधक साधनों का उपयोग करने का लेकर जागरूक किया गया। बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से परिवार नियोजन के साधन पुरुष नसबंदी कराने पर रुपए 2000 की, महिला नसबंदी कराने पर रूपए 1400 व गर्भ निरोधक उपाय पीपीआईयूसीडी अपनाने पर रुपए 300 व प्रसव के बाद 7 दिन के भीतर नसबंदी अपनाने पर 2200 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है।

# कार्रवाई किए जाने के आश्वासन के बाद अनशन हुआ समाप्त

**कोटद्वार ।** नगर निगम के अंतर्गत कौड़िया स्थित नार्थ कार्बेट रिसोर्ट के संचालन को लेकर नागरिक मंच का रिसोर्ट परिसर में चल रहा क्रमिक अनशन प्रशासन की सकारात्मक कार्रवाई के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया है। बताते चलें कि पिछले कुछ दिनों से मंच के सदस्य रिसोर्ट के संचालन को लेकर अनशन पर बैठे हुए थे। सदस्यों का कहना था कि करोड़ों का बजट खर्च करने के बाद भी देख रेख के अभाव में रिसोर्ट का भवन खंडहर बनता जा रहा है। मंच अध्यक्ष सीपी नैथानी ने बताया कि मंच के अनशन को देखते हुए उपजिलाधिकारी ने रिसोर्ट परिसर का निरीक्षण किया ।

# मतदान के लिए लौटे प्रवासियों से बढ़ा दबाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 के प्रथम चरण के मतदान से पहले प्रवासी मतदाताओं का अपने-अपने गांवों की ओर लौटना बुधवार को भी जारी रहा, जिससे जनपद टिहरी गढ़वाल के विभिन्न हिस्सों में यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। प्रतापनगर, भिलंगना, जाखणीधार, थौलधार और जौनपुर ब्लॉकों में 24 जुलाई को होने वाले मतदान को लेकर उत्साह चरम पर है। बड़ी संख्या में वे प्रवासी युवा जो नौकरी और रोजगार के सिलसिले में दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हिमाचल, मध्यप्रदेश, मुंबई और अन्य राज्यों में निवासरत हैं, अब अपने गांव लौट रहे हैं ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

हालांकि, इनकी वापसी के कारण बुधवार को जाखणीधार के टिपरी तिराहे, लंबगांव बाजार, घनसाली और चमियाला बाजार में सुबह से ही भीषण जाम लग गया। वाहनों की लंबी कतारों ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया और लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा।

जाखणीधार ब्लॉक मुख्यालय स्थित टिपरी तिराहा क्षेत्र के कई ग्रामीण मार्गों का प्रमुख जंक्शन है, जिससे विभिन्न दिशाओं में यातायात प्रवाह होता है। बुधवार सुबह से ही यहां 3 से 4 किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिसे नियंत्रित करने में पुलिस प्रशासन को भारी मशक्कत करनी पड़ी। जाम में फंसे जीआईसी बड़कोट के प्रधानाचार्य जेपी डबराल, शिक्षक रामानुज बहुगुणा, हरीश और विजय सिंह ने बताया कि वे स्कूल से छुट्टी के बाद नई टिहरी लौट रहे थे, लेकिन दोपहर करीब डेढ़ बजे से जाम में फंसे रहे और शाम सवा तीन बजे जाकर कहीं जाकर राहत मिली।

कोतवाली निरीक्षक अजय कुमार जाटव ने जानकारी दी कि इस समय बड़ी संख्या में वाहन टिपरी तिराहे से जाखणीधार, भिलंगना और प्रतापनगर की ओर बढ़ रहे हैं। यातायात का अत्यधिक दबाव और नियमों की अनदेखी के कारण पुलिस को ट्रैफिक नियंत्रित करने में खासी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं कर रहे, जिससे स्थिति और अधिक बिगड़ रही है। हालांकि, प्रशासन की मुस्तैदी के चलते करीब सवा तीन बजे के आसपास जाम को किसी तरह धीरे-धीरे खुलवाया गया।

# पंचायत चुनावों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : बलूनी

## एसपी देहात ने पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर दिए दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देहरादून।** पंचायत चुनावों के प्रथम चरण में 24 जुलाई को होने वाली मतदान प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विकासनगर में चुनाव ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस बल की ब्रीफिंग किया । ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश जया बलूनी द्वारा समस्त जोनल पुलिस अधिकारी, सेक्टर पुलिस अधिकारी व उपस्थित बल को सम्बोधित करते हुए बताया कि हमारी प्राथमिकता स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराना है। इसलिए पो. लिंग बूथों पर ड्यूटी पर नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारी ड्यूटी के दौरान निष्पक्षता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे।

बूथों पर सुरक्षा के लिए नियुक्त किया गया समस्त बल चुनाव के दौरान अलर्ट मोड पर रहेगा। साथ ही इस बात को सुनिश्चित कर लें कि मतदान केन्द्र तथा उसके समीप किसी भी राजनैतिक दल का चिह्न अथवा किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यन्त्रों का प्रयोग न हो। मतदान स्थल के 100 मीटर की परीधि में केवल मतदाता व पूर्व में अधिकृत व्यक्ति को ही प्रवेश दिया जाये। पीठासीन अधिकारी द्वारा बुलाये जाने के अतिरिक्त कोई भी पुलिस कर्मचारी मतदान स्थल में प्रवेश न करे। पुलिस ब्रीफिंग के दौरान उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में सुरक्षा के लिए नियुक्त बल इस बात को सुनिश्चित कर ले मतदान की निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के पश्चात किसी भी व्यक्ति को मतदान स्थल में प्रवेश नहीं करने दिया जाये तथा जो व्यक्ति अन्दर आ चुके हो, वे ही नियमानुसार अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

पोलिंग बूथ के अन्दर किसी भी व्यक्ति को मोबाईल ले जाने कि अनुम. ति किसी भी दशा में न दी जाये। चुनाव केंद्र में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था होने पर इसकी सूचना तत्काल अपने उच्चाधिकारियों को दें। सभी जोनल व सेक्टर पुलिस अधिकारियो अपने समकक्ष जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट से समन्वय स्थापित कर सभी पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर पोलिंग पार्टियों के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाऐ सुनिश्चित कर लें। जनपद देहरादून के विकासखंड चकराता, कालसी तथा विकासनगर में धारा 163 लागू कर दी जाएगी, इसलिए सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले कि इस दौरान किसी राजनीतिक दल द्वारा किसी प्रकार का खुला प्रचार-प्रसार व जनसभा न की जाए।

साथ ही अपने-अपने क्षेत्रों के होटल, ढाबों, धर्मशालाओं आदि की चौकिंग कर इस बात को सुनिश्चित कर लें कि कोई बाहरी व्यक्ति अनावश्यक रूप से बिना किसी कारण के उक्त स्थानो पर न रूका हो। चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए तीनों विकासखंडों 04 सुपर जोन, 14 जोन, 49 सेक्टर में विभाजित किया गया है, जिनमें 367 मतदान केंद्र तथा 509 मतदेय स्थल (बूथ) बनाये गए है।

# आईएसबीटी की जलभराव समस्या का हुआ पुख्ता इंतजाम : कुमकुम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** एसडीएम कुमकुम जोशी की अध्यक्षता मे जिला प्रशासन ने आईएसबीटी में जलभराव की बडी समस्या का स्थायी निदान करने के बाद अब निगम क्षेत्रों में जलजमाव की समस्या को दूर करने के लिए बड़ा एक्शन प्लान तैयार किया।

जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशों पर नगर निगम देहरादून, ऋषिकेश और डोईवाला शहरों में जल भराव समस्या के समाधान के लिए 17 डी-वाटरिंग पंप लिए गए है। अपर जिलाधिकारी (एफआर) केके मिश्रा ने बुधवार को जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से इन डी -वाटरिंग पंपों को संबंधित विभागों को उपलब्ध कराया।जिलाधिकारी ने मानसून अवधि के दौरान नगर निगम क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह, एसडीएम हरिगिरी और एसडीएम कुमकुम जोशी की अध्यक्षता संबंधित विभागों के सहयोगी अधिकारियों को शामिल करते हुए त्वरित प्रतिक्रिया टीमें (क्यूआरटी) भी तैनात की है। क्यूआरटी के पास डी-वाटरिंग पंप होने के बाद अब जलभराव की समस्या से लोगों को छुटकारा मिलेगा। जिलाधिकारी ने क्यूआरटी में नामित सभी अधिकारियों को मानसून अवधि के दौरान उनको आवंटित स्थानों पर जल निकासी में व्यवधान व चोकिंग पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।जिलाधिकारी के निर्देश पर शहरों में जल जमाव वाले क्षेत्र चिन्हित किए गए है। इनमें प्रमुख क्षेत्रों पर जल निकासी के लिए डी-वाटरिंग पंप लगाए जाएंगे। जिसकी कार्रवाई प्रशासन ने शुरू कर दी है। जिला प्रशासन ने नगर निगम देहरादून, जल संस्थान व जल निगम को 10, नगर निगम ऋषिकेश के लिए 04, डोईवाला के लिए 02, तहसील ऋषिकेश को 01 डी-वाटरिंग एवं मड पंप सहवर्ती उपकरणों सहित उपलब्ध करा दिए गए है। जिला आपातकालीन परिच. ालन केंद्र में डी-वाटरिंग पंप वितरण के दौरान जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ऋषभ कुमार, नगर निगम के सेनेटरी इंस्पेक्टर राजेश बहुगुणा सहित जल संस्थान, जल निगम व सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# निर्वाचन से पूर्व पुलिस ने किया फ्लेग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देहरादून।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च किया।फ्लैग मार्च के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन करने एवं निर्भीक व निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने कि लोगों से अपील की गई।

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को सकुशल रूप से सम्पन्न कराने तथा चुनाव प्रक्रिया के दौरान क्षेत्र मे शान्ति/कानून व्यवस्था को कायम रखने के संबंध में एसएसपी ने सभी अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये । वही विकासखण्ड चकराता, विकासनगर तथा त्यूणी में निर्वाचन ड्यूटी में नियुक्त पुलिस बल द्वारा अपने अपने क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस द्वारा आम जन से कानून/शान्ति व्यवस्था बनाये रखते हुए आदर्श आचार संहिता का पालन करने तथा निष्पक्ष व निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गयी। साथ ही आदर्श आचार सहिंता का उल्लघंन करने वालो तथा चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने का प्रयास करने वालो के विरूद्ध कठोर विधिक कार्यवाही करने की चेतावनी दी गयी।

# बिना सूचना दिए चिकित्साधिकारी के छुट्टी जाने पर सीएमओ नाराज

## सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा ने यूपीएचसी रीठा मंडी का औचक निरीक्षण किया

- स्वास्थ्य कार्यक्रमों की ली जानकारी, रिकॉर्ड के रखरखाव का जायजा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा ने बुधवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रीठा मंडी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि केंद्र में तैनात चिकित्सा अधिकारी अवक. ाश पर हैं, जिसकी सूचना सीएमओ कार्यालय को नहीं दी गई थी। इस पर सीएमओ द्वारा निर्देशित किया गया कि भविष्य में ऐसी पुनरावृति न हो और चिकित्सा अधिकारी अवकाश पर जाने से पूर्व सीएमओ कार्यालय से लिखित अनुमति प्राप्त करेंगे।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने केंद्र में दी जाने वाली लाभार्थीपरक योजनाओं और स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी ली तथा केंद्र के रिकॉर्ड के रखरखाव का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एन यू एच एम के वित्त एवं प्रशासनिक अधिकारी वेद प्रकाश रतूड़ी, अक्षांश चित्रांश से यूपीएचसी समन्वयक सरिता, परियोजना समन्वयक प्रतिभा एवं अन्य उपस्थितरहे।

### टीकाकरण से पूर्व तैयार करें ड्यू लिस्टः सीएमओ

टीकाकरण अभियान के संबंध में सीएमओ ने निर्देश दिए कि टीकाकरण से पूर्व बच्चों की ड्यू लिस्ट तैयार करें और उसमें लाभार्थी का मोबाइल नंबर और दिया जाने वाला टीका स्पष्ट लिखा हो। बायो मेडिकल वेस्ट संबंधी कलर कोडेड डस्टबिन के संबंध में उन्होंने कहा डस्टबिन का रख रखाव तथा वेस्ट मैनेजमेंट का ब्यौरा नियमित लॉग बुक में दर्ज किया जाए। शौचालयों की नियमित स्वच्छता के भी दिए

# पेंशन हिस्सेदारी के 1600 करोड़ देने पर यूपी का जताया आभार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 की अवधि के लिए उत्तराखंड राज्य को पेंशन की हिस्सेदारी के रूप में रू 1600 करोड़ की धनराशि का भुगतान किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि दोनों राज्यों के मध्य बेहतर समन्वय एवं निरंतर संवाद के चलते परिसंपत्तियों एवं दायित्वों के लंबित मुददों का तेजी से निस्तारण किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्यों में पेंशन पर हुए व्यय के प्रभाजन हेतु महालेखाकार, उत्तर प्रदेश के द्वारा वर्ष 2021-22 के लिए रू. 952.26 करोड़ एवं वर्ष 2022-23 की अवधि के लिए रू. 1309.00 करोड़ की देयता उत्तर प्रदेश सरकार पर आंक. लित की गई थी। पेंशन व्यय पर उक्त दो वित्तीय वर्षो के लिए आगणित कुल रू. 2261.26 करोड़ की देयता के सापेक्ष उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा माह जुलाई 2025 में रू 1600 करोड़ की धनराशि भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से अन्तर्राज्यीय समायोजन के द्वारा उत्तराखंड सरकार को किए जाने के संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।

# ई-संजीवनी पोर्टल पर रिपोर्ट करें

**देहरादून।** संजीवनी सेवाओं के संबंध में उन्होंने कहा कि ई संजीवनी के माध्यम से संपर्क करने वाले लाभार्थियों को उचित सलाह उपलब्ध करायें तथा ई संजीवनी पोर्टल पर नियमित रिपोर्टिंग दर्ज करें। मानसून सीजन को दृष्टिगत डेंगू रोकथाम अभियान में तेजी लाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिये गये। उन्होंने कहा कि वॉलेंटियर और आशा कार्यकत्रियों के माध्यम से घर घर मॉनिटरिंग अभियान चलायें तथा लार्वा उन्मूलन गतिविधियां चलायें। टेली मानस सेवा की समीक्षा करते हुए सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा ने कहा कि समुदाय में टेली मानस सेवा तथा उसके अंतर्गत दी जाने वाली परामर्श सेवाओं के बारे में जागरूकता फैलाएं। आशा कार्यकत्रियां समुदाय में जाकर टेली मानस हेल्पलाइन नंबर 14416 का प्रचार प्रसार करें।

# संभावित प्रसव तिथि से एक सप्ताह पूर्व गर्भवतियों को करें भर्तीः डॉ. शर्मा

**देहरादून।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपदा संवेदनशील क्षेत्रों से गर्भवती महिलाओं को उनकी संभावित प्रसव तिथि से एक सप्ताह पूर्व नजदीकी चिकित्सालयों में भर्ती करवायें। जिससे गर्भवतियों का सुरक्षित संस्थागत प्रसव करवाते हुए जच्चा बच्चा के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। डॉ मनोज कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जनपद स्तरीय भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की मासिक समीक्षा की । बैठक में संस्थागत प्रसव, ए.एन. सी. चौकअप, टीकाकरण, जननी सुरक्षा योजना, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर, शिशु एवं बाल स्वास्थ्य, गैर संच. ारी रोगों, संचारी रोगों, डेंगू अभियान, टीबी मुक्त भारत, आशा कार्यक्रम, कायाकल्प, हेल्थ वेलनेस सेंटर जैसे महत्वपूर्ण घटकों पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में जनपद के अंतर्गत जिला चिकित्सालय एवं उप जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों तथा ब्लॉक चिकित्सा इकाई के चिकित्सा अधीक्षकों द्वारा संबंधित संस्थानों में स्वास्थ्य कार्यक्रमों से संबंधित लक्ष्यों एवं उनके सापेक्ष सम्पादित की जा रही गतिविधियों के विवरण के साथ-साथ मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए कार्ययोजना भी प्रस्तुत की गयी।

## हरित पखवाड़ा-नगर निगम ने लगाए 2000 पौधो

**देहरादून।** नगर निगम देहरादून ने हरित पखवाड़े के अंतर्गत कूड़ा संग्रहण केंद्र , धोरण एवं कैनाल रोड में वृहद वृक्षारोपण किया । वृक्षारोपण कार्यक्रम में नगर आयुक्त नमामि बंसल मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहीं। कार्यक्रम में नगर निगम में गठित महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के साथ वृक्षारोपण किया गया जहां टर्मिनेलिया व कचनार आदि के 2000 से अधिक वृक्ष लगाए गए । हरित पखवाड़े के अंतर्गत 31 जुलाई तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।इस मौके पर नगर आयुक्त नमामि बंसल ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करना हम सब की जिम्मेदारी है।

# बरसात से बाधित सड़कों को खोलने में जुटा प्रशासनः मिश्रा

**शाह टाइम्स संवादाता**



**देहरादून।** बरसात के कारण अवरूद्ध हो रही सड़कों पर यातायात सुचारू रूप से चलने के लिए प्रशासन की टीम अलर्ट मोड पर है। बताया गया है कि इस सीजन में अब तक 6 राष्ट्रीय राजमार्ग, 21 राज्य मार्ग, 245 ग्रामीण सड़क, 4 मुख्य जिला मार्ग एवं अन्य मार्ग सहित 277 मार्ग भूस्खलन और मलबा आने के कारण अवरूद्ध हुए थे। जिन्हें प्रशासनिक टीम ने सुचारू कर दिया गया है। वही देखा जाए तो सड़कों पर हो रहे निर्माण भी बरसात के चलते प्रशासन के सामने एक चुनौती बना है।

अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा ने बताया कि चकराता लाखा मंडल मोटर मार्ग, माक्टी पोखरी मर्ब मोटर मार्ग, प्रमेडी हयो टगरी से बेहमू मोटर मार्ग, पुरोडी रावडा डामटा मोटर मार्ग, क्यारपुल डामटा कोटा म्यूंडा और रोठू गोठाड जाखनी मोटर मार्ग को मलबा हटाकर खोले जा चुके है और वर्तमान में इन सभी सड़कों पर यातायात सुचारू है। पोखरी, माक्टी, लाखा मंडल आदि संवेदनशील सभी स्थानों पर 24 घंटे जेसीबी तैनात है और समय समय पर मलबा आने से बाधित होने पर इन सभी मार्गो को त्वरित सुचारू किया जा रहा है। वर्तमान में ये सभी मार्ग आवागमन के लिए सुचारू है। बुधवार को बंद हुए 5 मोटर मार्ग जिनमें गडूल सकरोल मोटर मार्ग, कोटी डिमउ मोटर मार्ग, पुरकुल से भितरली किमाड मोटर मार्ग और लांघा मटोगी मदर्सू मोटर मार्ग को भी यातायात के लिए सुचारू कर दिया गया है। वही सहस्रधारा नालीवाला मोटर मार्ग खोलने का काम चल रहा है। वहीं दूसरी ओर सूत्रों की माने तो राजधानी की अलग-अलग सड़कों पर जल भराव देखा गया है।

# बाढ़ सुरक्षा व जल निकासी योजनाओं को तेजी पूर्ण करे सिंचाई विभागः जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के न्यू कैंट रोड़ स्थित आवासीय कार्यालय में सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली।

बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रस्तावित तथा चल रहे सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। काबीना मंत्री ने सालावाला के बृजलोक कालोनी में भूमिगत नाले के पुर्ननिर्माण सहित दून विहार एवं अन्य योजनाओं को अतिशीघ्र स्वीकृति के निर्देश दिये। इस बाबत उन्होंने दूरभाष पर सिंचाई सचिव से भी वार्ता की। उन्होंने अधिकारियों कहा कि जो भी प्रस्ताव शासन स्तर पर लंबित हैं, उनकी शीघ्र स्वीकृति के लिए लगातार फालोअप किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि जल निकासी, सुरक्षा दीवारों और आरसीसी पाइप सहित बाढ़ सुरक्षा से संबंधित निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में पार्षद भूपेन्द्र कठैत, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता पुरुषोत्तम सिंह, अस्सिटेंट इंजीनियर अभिनाश भटनागर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## राधा शिवमहापुराण कथा ज्ञान यज्ञ में शामिल हुए जोशी

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को किशन नगर चौक स्थित श्री राधाकृष्ण मन्दिर में आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा ज्ञान यज्ञ में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कथा का श्रवण और भगवान शिव की आरती में शामिल हुए और प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना भी की। जोशी ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल धार्मिक चेतना को जागृत करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मकता एवं नैतिक मूल्यों को भी मजबूती प्रदान करते हैं। इस अवसर पर पार्षद नंदनी शर्मा, केशव लाल गोयल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# सेंचुरियन डिफेंस अकादमी में हुई क्रूरता का बाल आयोग ने लिया संज्ञान



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** राजधानी देहरादून के सेंचुरियन डिफेंस एकेडमी कोचिंग संस्थान में बच्चे के साथ हुई क्रूरता का उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सख्ती से संज्ञान लिया है । साथ ही इस प्रकार के सभी शिक्षण संस्थानों में अनियमितताओं व शिक्षण व्यवस्था की गंभीर कमियों का भी उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने कड़ा संज्ञान लिया है।

पूर्व में भी इस प्रकार के संस्थानों के विरुद्ध कई शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें मनमानी फीस वसूली, आयोग के द्वारा भी अत्यधिक भीड़भाड़, बच्चों के रहन-सहन की अस्वास्थ्यकर परिस्थितियां, तथा विद्यालयी शिक्षा की अनदेखी जैसे गंभीर मुद्दे पुर भी चिंता और आदेश पारित किए गए हैं इस प्रकरण में आयोग ने संस्थान के मालिकों व प्रबंधन को तलब किया है। आयोग की अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना ने बताया कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि विद्यालयी शिक्षा को नजरअंदाज कर केवल कोचिंग केंद्र के संचालन पर बल दिया जा रहा है, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास, मानसिक स्वास्थ्य तथा जीवन कौशल के लिए घातक है। आयोग का स्पष्ट मानना है कि कोचिंग संस्थानों के लिए मैंडेटरी गाइडलाइंस बनाई जाए, विशेष रूप से तब जब विद्यालय खुले रहते हैं। आयोग की ओर से इस प्रकरण की विस्तृत जांच करवाई जा रही है तथा संबंधित विभागों से रिपोर्ट तलब की गई है। साथ ही, राज्य सरकार को एक फिर एक औपचारिक पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री से यह अनुरोध किया गया है कि कोचिंग संस्थानों के लिए विशेष नीति एवं निगरानी तंत्र की स्थापना की जाए।

# डिफेंस के नाम पर शिक्षा को बनाया जा रहा है व्यापार का अड्डा

## लखनऊ में स्थित सेंचुरियन डिफेंस एकेडमी की देहरादून ब्रांच के छात्र को लगवाई गई उठक बैठक



**इमरान चौधरी**

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** राजधानी के बल्लू पुर चौक स्थित सेंचुरियन डिफेंस एकेडमी में शिक्षा के नाम पर व्यापार का अड्डा बनता जा रहा है।जिसका जीता जाता सबूत उस वक्त सामने आया जब डिफेंस की शिक्षा के नाम पर व्यापार करने में जुटे सेंचुरियन डिफेंस एकेडमी बल्लूपुर चौक स्थित मे एक शिक्षक ने एनडीए की तैयारी करने वाले छात्र के साथ बेरहमी से बर्ताव किया। यही नहीं छात्र की मामूली सी गलती पर सेंचुरियन डिफेंस एकेडमी के शिक्षक ने छात्र से 400 उठक बैठक कराई। जिससे छात्र की हालत बिगड़ गई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। यह मामला उस वक्त चर्चा में बन गया जब पीड़ित छात्र के पिता ने शिक्षक के विरुद्ध मेघालय मे मुकदमा दर्ज करा दिया।

मुकदमे की कॉपी देहरादून के बसंत विहार थाना में भेज दी।दरअसल राजधानी देहरादून में कई ऐसी शिक्षण संस्थाएं हैं जो शिक्षा के नाम पर अपना उल्लू सीधा करने में जुटी हैं कुछ दिन पूर्व ऐसा ही मामला कई स्कूलों में आया था जो शिक्षा के मंदिर को बदनाम करने में लगे हैं। हाल ही में एक ऐसा मामला आया जिसे डिफेंस की तैयारी करने आए एक छात्र की सेंचुरियन डिफेंस एकेडमी के शिक्षक ने ऐसी सजा दी की जिससे छात्रा की हालत ही बिगड़ गई।

बताया गया है कि शिलांग मेघालय निवास बलजीत कुमार बर्मन ने अपने पुत्र को डिफेंस की तैयारी के लिए बल्लूपुर चौक स्थित सेंचुरियन डिफेंस एकेडमी में दाखिला दिलाया था।सेंचुरियन डिफेंस एकेडमी के शिक्षक ने मामूली सी गलती पर छात्र से 400 उठक बैठक लगवा दी जिससे छात्र की हालत बिगड़ गई, इसकी सूचना जैसे ही उसके पिता को मिली तो वह गैर राज्य से सीधा एकेडमी पहुंचा और बिगड़ती हालात को देखकर पुत्र को तुरंत नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया था। पीड़ित पक्ष ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी शिक्षक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया। अब बसंत विहार पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। सीओ सिटी विवेक कुमार कुटियाल ने बताया कि पटना को लेकर निष्पक्ष जांच के आदेश दिए हैं जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी वही एकेडमी के अन्य नियमों की भी पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।




### कई राज्यों में ब्रांच खोलकर करते हैं शिक्षा का व्यापार

शिक्षा के मंदिर की आड़ लेकर मास्टरमाइंड व्यापारी छात्रों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। लखनऊ में बैठे सेंचुरियन डिफेंस एकेडमी के मालिक ने देहरादून में अपनी ब्रांच खोलकर यहां छात्रों को डिफेंस के पाठ पढ़ा रहे हैं।चर्चा तो यहां तक है कि एकेडमी में आने वाले छात्र-छात्राओं से लाखों रुपए की वसूली की जाती है और फिर उनके साथ अभद्रता भी की जाती है। जिसे लेकर अब पीड़ित छात्र के पिता ने कानून का दरवाजा खटखटाया।

### दुनवासी बोले-शिक्षा विभाग को भी रहना चाहिए अलर्ट

डिफेंस विभाग से ताल्लुक रखने वाले दुनवासियो का कहना है कि गैर राज्यों से आकर देहरादून की जमीन पर बड़े-बड़े विज्ञापन लगाकर एकेडमी खोलने के बाद छात्रों के साथ खिलवाड़ करने वाले शिक्षा माफिया पर शिक्षा विभाग की नजर रहनी चाहिए और जांच पड़ताल के बाद ही उनका रजिस्ट्रेशन होना चाहिए। लोगों का मानना है कि ऐसी एकेडमी पर कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए जो गैर राज्यों से आए छात्र-छात्राओं के साथ अभद्रता एवं खुलेआम पैसों की वसूली करने में जुटे हैं।

### एकेडमी पर क्या प्रशासन कसेगा शिकंजा

राजधानी देहरादून में डिफेंस की शिक्षा को लेकर छात्र के साथ की गई अभद्रता का मामला अब लोगों की जुबान पर चर्चाओं का विषय बना है। बल्लूपुर चौक स्थित बड़ी सी बिल्डिंग पर बड़े-बड़े विज्ञापन लगाकर मासूम छात्र-छात्राओं को डिफेंस में नौकरी दिलाने के सपने दिखाकर अपना उल्लू सीधा करने वाले ऐसे शिक्षा के व्यापारियों पर जो शिक्षा के मंदिरों को बदनाम करने में जुटे हैं उन पर प्रशासन अपना शिकंजा करने में क्या कामयाब होगा। जिससे छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ आगे खिलवाड़ ना हो सके। इसे लेकर भी लोगों में चर्चाएं व्याप्त है।

**इस सारे मामले में जब सेंचुरियन डिफेंस के प्रबंधन से पक्ष जानने के लिए फोन किया गया तो फोन नहीं रिसीव हो पाया ।**

# जलाभिषेक के लिए शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## कांवड़ मेला संपन्न होने पर डीएम और एसएसपी ने दक्ष मंदिर में किया जलाभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सावन की शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने विभिन्न शिवालयों में महादेव शिव का जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की। जलाभिषेक के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी उमड़ पड़ी। बिल्केश्वर महादेव, नीलेश्वर महादेव, दक्ष महोदव मंदिर, तिल भांडेश्वर मंदिर, दरिद्र भंजन महादेव आदि पौराणिक शिवालयों में श्रद्धालुओं की सबसे अधिक भीड़ रही।

कांवड़ मेला संपन्न होने पर डीएम मयूर दीक्षित, एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल, एसपी सिटी पंकज गैरोला व अन्य अधिकारियों ने हरकी पैड़ी पर गंगा पूजन और दुग्धाभिषेक किया और दक्ष महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और श्री दक्षेश्वर महादेव का आशीर्वाद लिया एवं महादेव का आभार व्यक्त किया। गंगा जल लेने आए कांवड़ियों ने भी दक्ष महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। जलाभिषेक को संपन्न कराने के लिए पुलिस की और से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। जलाभिषेक के लिए आने वाले श्रद्धालुओं में महिलाओं की अधिक संख्या को देखते हुए सभी मंदिरों पर महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सावन में भगवान शिव अपनी ससुराल दक्ष महादेव मंदिर में विराजमान रहकर सृष्टि का संचालन करते हैं। जलाभिषेक के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए दक्ष महादेव मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों से भव्य रूप से सजाया गया है।

प्रेस प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने कहा की इस वर्ष के कांवड़ मेले में लगभग 04 करोड़ 50 लाख शिवभक्त हरिद्वार पहुंच कर गंगा जल लेकर अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। उन्होंने कहा कि मां गंगा एवं महादेव शिव की कृपा है कि करोड़ों भक्त आने के बाद भी कांवड़ मेला सकुशल एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में कार्य किया गया तथा उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं भी उपलब्ध कराई गई जिसके फलस्वरूप कांवड मेला सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का भी आभार व्यक्त किया कि जिनके कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था के साथ महत्वपूर्ण चुनौती यातायात व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित ढंग से संचालित कराई गई। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों, पुलिस जवानों, पीआरडी, होमगार्ड, अर्ध सैनिक बलों अधिकारियों एवं जवानों का भी आभार व्यक्त किया,जिन्होंने दिन रात अपने दायित्वों का निर्वहन कुशलता एवं निष्ठा से किया। उन्होंने सभी प्रशासनिक एवं जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कार्मिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं, व्यापार मंडल, जनप्रतिनिधियों संत समाज, जनपद वासियों एवं पर्यावरण मित्रो का भी आभार व्यक्त किया, जिनके सहायक से कांवड़ यात्रा सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई गई। इसके साथ ही उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के प्रेस प्रतिनिधियों का भी आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से पुलिस द्वारा की गई यातायात व्यवस्था से लेकर जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का व्यापक स्तर से प्रचारित प्रसारित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा सकुशल एवं सफलतापूर्व संपन्न कराई गई है अब वेस्ट मैनेजमेंट को संपादित करने के लिए कांवड़ मेला क्षेत्र एवं कांवड़ पटरी मार्गों पर अगले तीन दिनों तक विशेष स्वच्छता एवं सफाई अभियान चलाया जाएगा जिसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। इस अवसर पर एचआरडीए सचिव मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार,एसपी ट्रैफिक जितेंद्र मेहरा, एसपी सदर जितेंद्र चौधरी, एसपी सिटी पंकज गैरोला, अपर पुलिस अधीक्षक स्वप्न किशोर, सीओ सिटी शिशुपाल नेगी, सीओ निहारिका सेमवाल, तहसीलदार सचिन कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।






# कांवड़ मेला संपन्न होने पर एसएसपी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर लिया फीडबैक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कांवड़ मेला संपन्न होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने सभी सुपर जोनल और जोनल प्रभारियों के साथ सीसीआर में बैठक की और मेले के संबंध में फीडबैक लिया। इस दौरान एसएसपी ने सभी सुपर जोनल व जोनल अधिकारियों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया और पुलिसफोर्स को शुभकामनाएं दी। बैठक में अधिकारियों से मिले फीडबैठ में सामने आयी कमियों पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही अगले वर्ष होने वाले कांवड़ मेले में व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के संबंध में भी विचार विमर्श किया गया। एसएसपी ने कहा कि कांवड़ मेले को सकुशल संपन्न कराना बहुत बड़ी चुनौती था। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने जिम्मेदारी और टीम भावना के साथ आपस में समन्वय बनाकर मेले को संपन्न कराया। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। एसएसपी ने कहा कि मेला निर्विघन सम्पन्न कराने में पुलिस के साथ प्रशासन की टीम ने भी मेहनत की। सभी के सामूहिक प्रयास से मेला सकुशल संपन्न हुआ।



# गंगा के तेज बहाव में बहे अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी दीपक हुड्डा, पीएसी ने बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कांवड़ यात्रा के बीच गंगा घाट पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान, एशियन गोल्ड मेडलिस्ट और अर्जुन पुरस्कार विजेता दीपक हुड्डा नहाते समय गंगा की तेज धारा में बह गए। मौके पर मौजूद लोगों की सांसें थम गईं लेकिन गनीमत रही कि आपदा राहत कार्यों में तैनात 40 वीं वाहिनी पीएसी की टीम ने समय रहते उनकी जान बचा ली। घटना उस वक्त हुई जब दीपक हुड्डा हरिद्वार में कांवड़ यात्रा के दौरान गंगा स्नान कर रहे थे। स्नान करते समय उनका संतुलन बिगड़ा और वह बहाव के साथ आगे की ओर बहने लगे। यह देख आसपास के श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया। कुछ ही पलों में राहत दल सक्रिय हुआ और 40वीं वाहिनी पीएसी के गोताखोरों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया। गंगा की तेज धारा और मौके की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद राहत दल ने जिस साहस और सूझबूझ का परिचय दिया, वह सराहनीय है। गौरतलब है कि दीपक हुड्डा भारत के अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी हैं। वह प्रो कबड्डी लीग में कप्तानी कर चुके हैं और देश के लिए कई अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में पदक जीत चुके हैं। उनकी पत्नी स्वीटी बूरा भी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज हैं। इस साहसिक बचाव अभियान को लेकर पूरे प्रशासन और खेल जगत में 40वीं वाहिनी पीएसी के जवानों की खूब प्रशंसा हो रही है। हरिद्वार पुलिस व आपदा राहत बलों की तत्परता की बदौलत एक राष्ट्रीय खिलाड़ी की जान बचाई जा सकी।



### पीएसी सब इंस्पेक्टर ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

# सड़क पर गिरा मोबाइल लौटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सड़क पर गिरे मिले कीमती मोबाइल फोन को पीएसी सब इंस्पेक्टर ने उसके स्वामी के सुपुर्द कर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ख्याति ढाबा और भेल तिराहे के बीच गश्त पर तैनात पीएसी के सब इंस्पेक्टर इखलाक मलिक की नजर सड़क पर गिरे एक मोबाइल पड़ी तो उन्होंने उसे उठाकर सुरक्षित रख लिया और मोबाइल के मालिक विकास कुमार से संपर्क होने पर उसे बुलाकर फोन उसके सुपुर्द कर दिया। मोबाइल फोन वापस पाकर विकास कुमार ने पुलिस का आभार जताया।




# स्मैक की डिलीवरी करने आए युवक को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार। स्मैक की डिलीवरी देने पहुंचे एक आरोपी को पुलिस ने मौके पर दबोच लिया। आरोपी के पास से करीब 25 ग्राम स्मैक, नकदी और मोबाइल बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह महज 1000 रुपये में नशे की खेप पहुंचाने आया था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। सोमवार देर रात एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और कोतवाली पुलिस की टीम ग्राम सराय अंडरपास तिराहे के पास संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक काले रंग की बाइक पर सवार युवक वहां आता दिखा। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने बाइक मोड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने कुछ ही दूरी पर उसे दबोच लिया। आरोपी की पहचान अकरम निवासी लादपुर खुर्द, कोतवाली लक्सर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान पुलिस को उसके पास से 24.80 ग्राम स्मैक, 300 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह स्मैक उसे मानू निवासी कासमपुर बुड्ढाहेड़ी, थाना पथरी ने दी थी, जिसे सराय मंडी गेट के पास किसी व्यक्ति को सौंपना था। इसके बदले उसे एक हजार रुपये मिलने थे। इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। स्मैक सप्लाई कराने वाले मुख्य सरगना मानू की तलाश कर रही है।

# डीएम, एसएसपी के कुशल नेतृत्व में सकुशल संपन्न हुआ कांवड़ मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील अरोड़ा ने कांवड़ मेला सकुशल संपन्न होने पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल का आभार जताया है। सुनील अरोड़ा ने कहा कि डीएम एवं एसएसपी के कुशल नेतृत्व में कांवड़ मेला सकुशल संपन्न हुआ है। दोनो अधिकारी लगातार भ्रमण कर अधीनस्थों का हौसला बढ़ाते रहे। उन्होंने ने कहा कि पुलिस और प्रशासन की कुशल रणनीति के चलते इस बार शहरवासियों को जाम से भी राहत मिली। मेले के दौरान किसी भी प्रकार और असुविधाओं का सामना स्थानीय लोगों को नहीं करना पड़ा। सुनील अरोड़ा ने व्यापारियों, समाजसेवी संगठनों, एसपीओ आदि का भी आभार जताया।

# मेला क्षेत्र का भ्रमण कर मेयर किरण जैसल ने दिए तेजी से सफाई करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** बुधवार को मेयर किरण जैसल ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सफाई अभियान का निरीक्षण किया और अधिकारियों कर्मचारियों को तेजी से सफाई करने के निर्देश दिए। अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए मेयर किरण जैसल ने कहा कि सभी के सहयोग से कांवड़ मेला सकुशल संपन्न होने के बाद मेला क्षेत्र और शहर की सफाई बड़ी चुनौती है। इसके लिए नगर निगम की और से विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया है। हरकी पैड़ी सहित तमाम घाटों, कांवड़ पटरी मार्ग, शहर के सभी पार्कों, सड़कों आदि पर फैले कचरे और गंदगी को साफ करने के लिए सभी अधिकारी कर्मचारी युद्धस्तर पर सफाई अभियान में जुट जाएं। सफाई अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मेयर ने कहा कि व्यापारी और स्थानीय लोग भी सफाई व्यवस्था में सहयोग करें। शहर को साफ सुथरा रखना सभी की जिम्मेदारी है।



# महाशिवरात्रि भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित महापर्व : कैलाशानंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी की पूरे सावन चलने वाली शिव आराधना निरंतर जारी है। बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने श्री दक्षिण काली मंदिर स्थित शिव मंदिर में विभिन्न प्रकार के पुष्पों से शिवलिंग का श्रंग्रार कर गंगाजल, दूध, दही, घी, शहद, भांग, धतूरा, विल्व पत्र आदि से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने कहा कि त्रिदेवों में भगवान शिव का स्थान सर्वोच्च है। मां पार्वती भगवान शिव की शक्ति हैं। सभी देवी देवता भगवान शिव की आराधना करते हैं। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित महापर्व है। महाशिवरात्रि पर पूर्ण विधि विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक करें। इस दौरान माता पार्वती का भी ध्यान अवश्य करें। ऐसा करने से महादेव शिव और माता पार्वती दोनों प्रसन्न होते हैं। शिव और शक्ति की सम्मिलित कृपा साधक को प्राप्त होती है। जिससे परिवार में सुख समद्धि का वास होता है। कष्टों से छुटकारा मिलता है। सभी कार्यो में सफलता मिलती है। स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज के शिष्य स्वामी अवंतिकानंद ब्रह्मचारी ने कहा कि गुरूदेव की साधना का समापन श्रावण पूर्णिमा को सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूषों के सानिध्य में गंगातट पर विशेष अनुष्ठान के साथ होगा।

# श्री अखंड परशुराम अखाड़े और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने किया रूद्राभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** महाशिवरात्रि पर श्री अखंड परशुराम अखाड़े एव शिवमूर्ति व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने शिवमूर्ति चौक पर भगवान शिव की प्रतिमा पर रूद्राभिषेक किया और राज्य की सुख समृद्धि की कामना की और प्रसाद वितरित किया। रूद्राभिषेक में मेयर किरण जैसल भी शामिल हुई। मेयर किरण जैसल ने कहा कि जन-जन के आराध्य भगवान शिव सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि भगवान शिव और मां गंगा की कृपा से विशाल कांवड़ मेला सकुशल संपन्न हुआ है। पंडित अधीर कौशिक ने कांवड़ मेला सकुशल संपन्न होने पर पुलिस प्रशासन का आभार जताया और कांवड़ मेला व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। पंडित अधीर कौशिक ने सरकार से गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग करते हुए कहा कि सभी को गौवंश संरक्षण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर मुकेश शर्मा, अंबर गोयल, पार्षद दीपक शर्मा, पूर्व पार्षद राजीव भार्गव, प्रदीप बंसल, गौरव खंडूजा, वीरेंद्र अरोड़ा, आशीष बिश्नोई, रवि पंडित, हरिदत्त आदि शामिल रहे।



# अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने मंशेश्वर महादेव का किया जलाभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** महाशिवरात्रि पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने चरण पादुका मंदिर स्थित मंशेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया और सभी के लिए मंगल कामना की। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि भगवान शिव की कृपा से राज्य में सुख समृद्धि बढ़ेगी और सभी का जीवन मंगलमय होगा। उन्होंने कहा कि सभी शिवभक्त पूरे सावन पूर्ण समर्पित भाव से भगवान शिव की आराधना करें। सच्चे मन से की गयी शिव आराधना कभी निष्फल नहीं जाती। महादेव शिव अपने भक्तों को आराधना का प्रतिफल अवश्य प्रदान करते हैं और उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। कांवड़ मेला सकुशल संपन्न होने पर श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, जिला अधिकारी मयूर दीक्षित, एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल को बधाई दी और कहा कि कांवड़ मेला संपन्न कराना हमेशा से ही चुनौतीपूर्ण रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशन में जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने जिस प्रकार करोड़ों शिवभक्तों की भीड़ को नियंत्रित किया और विशाल कांवड़ मेले को सकुशल संपन्न कराया है। उसके लिए सभी अधिकारी और कर्मचारी साधुवाद के पात्र हैं।

इस अवसर पर निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी, भारत माता मंदिर के महंत महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी, महंत राज गिरी, एसएमएजेएन कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर सुनील कुमार बत्रा, समाजसेवी भोला शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

# रानी माजरा में पहले से सीज स्टोन क्रेशर से चोरी का खनिज पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रनीमजरा क्षेत्र में स्थित श्री शिव शक्ति स्टोन क्रशर पर बीती रात 2 बजे खनन विभाग की टीम ने छापा मारा और बड़ी मात्रा में चोरी का खनिज जब्त किया। खनन अधिकारी मो. काजिम रजा के नेतृत्व में की गई इस रेड में यह चौंकाने वाली बात सामने आई कि यह स्टोन क्रशर पहले से ही सीज था, बावजूद इसके यहां चोरी का खनिज माल अवैध रूप से लाया जा रहा था। इस छापेमारी टीम में शामिल सर्वेयर विवेक कुमार,सहायक खनिज पर्यवेक्षक माधव सिंह, पीआरडी जवान पदम ,सूचना ग्रामीणों द्वारा दी गई थी, जिस पर विभाग ने गोपनीय और तत्काल कार्रवाई करते हुए यह छापा मारा।

मौके से संदिग्ध वाहन और अवैध खनिज सामग्री को जब्त कर लिया गया है।अवैध खनन व चोरी के इस मामले में संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। खनन विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन करने वालों पर अब कोई रियायत नहीं बरती जाएगी।

# 250 किलो गोमांस के साथ गो तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के गांव ऐथल बुजुर्ग में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 250 किलो प्रतिबंधित मांस व गौकशी करने के उपकरण बरमाद किए है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को पकड़ा है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गोवंश अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार बुधवार को मुखबिर ने सूचना दी कि ग्राम ऐथल बुजुर्ग में कुछ लोग गौकशी को अंजाम देने में लगे है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर छापेमारी की पुलिस की भनक लगते ही आरोपी ने भागने का प्रयास किया लेकिन ने आरोपी को दबोच लिया।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम इसरार उर्फ भूरा पुत्र हबीब निवासी ऐथल बताया। पुलिस ने मौके से 250 केजी गोमांस व गौकशी करने के उपकरण बरमाद किये जिन्हें सील किया गया है। साथ ही मौके से मिले गोमांस के सेम्पल को फॉरेन्सिक जांच के लिये भेजा गया है। पुलिस मामले में अन्य लोगों की जांच भी करने में लगी है कोई इसमें शामिल तो नही है। आरोपी के खिलाफ गोवंश अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया गौकशी की सूचना पर छापेमारी की गई है। मौके से मिले मांस को गढ्ढा खोलकर दबा दिया गया है। आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।



# जापान के स्वामी बनेंगे निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर

### विद्वान संत हैं स्वामी बाल कुम्भ मुनि : रविंद्रपुरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जापान के स्वामी बाल कुम्भ मुनि निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर की पदवी धारण करेंगे। भक्तों के साथ हरिद्वार आए स्वामी बाल कुम्भ मुनि ने बुधवार को चरण पादुका मंदिर पहुंचकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज से आशीर्वाद लिया। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने मा मनसा देवी की चुनरी ओढ़ाकर और मनसा देवी की मूर्ति भेंटकर स्वामी बाल कुम्भ मुनि को आशीर्वाद दिया और कहा कि विदेशों में भी सनातन धर्म की संस्कृति की पताका फहरा रहे स्वामी बाल कुम्भ मुनि विद्वान संत हैं। जल्द ही उन्हें निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर की पदवी प्रदान की जाएगी। उन्हे पूरा विश्वास है कि स्वामी बाल कुम्भ मुनि अखाड़ा और संत परंपराओं का पालन करते हुए समाज में धर्म और अध्यात्म का प्रचार करने के साथ अखाड़े की प्रगति में भी योगदान देंगे। निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी, भारत माता मंदिर के महंत महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी, महंत दर्शन भारती, महंत राज गिरी ने भी स्वामी बाल कुम्भ मुनि को आशीर्वाद दिया और कहा कि स्वामी बाल कुम्भ मुनि जापान में सनातन धर्म संस्कृति और अध्यात्म के प्रचार प्रसार में योगदान देंगे। स्वामी बाल कुम्भ मुनि ने कहा कि हरिद्वार विश्व की आध्यात्मिक राजधानी है। निरंजनी अखाड़े से जुड़ना उनके लिए गौरव का अवसर है। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज के नेतृत्व में जापान में हिंदुत्व और सनातन धर्म संस्कृति का प्रचार प्रसार करना ही उनका लक्ष्य होगा। इस दौरान जापान से आए कई श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ**
**डी.एस. वर्मा**
मो.: 9411100741
**संतोष कुमार**
मो.: 9760287392

# चकराता में नए सीएचसी के लिए डीएम चढ़े पहाड़, किया स्थलीय निरीक्षण

■ जनसुविधाओं से भरपूर होगा प्रस्तावित अस्पताल परिसर



शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** चकराता में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिलाधिकारी सविन बंसल ने मंगलवार को प्रस्तावित नए साम. .दायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के स्थान का स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम ने स्वयं पहाड़ी चढ़कर संभावित भूमि का निरीक्षण किया और क्षेत्रीय आवश्यकताओं को देखते हुए आधुनिक सीएचसी स्थापित करने पर जोर दिया।

विद्यमान सीएचसी की सीमाएं, नए परिसर की आवश्यकता चकराता का वर्तमान सीएचसी छावनी परिषद क्षेत्र में स्थित है, जो संकरे बाजार, सीमित स्थान और कैंट अधिनियमों के दायरे में आता है। ऐसे में मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर जल्द ही एक ऐसा नया अस्पताल बनेगा, जो खुली धूप, पर्याप्त जलापूर्ति और आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। संपूर्ण सुविधाओं से युक्त होगा नया सीएचसी नए सीएचसी में ओपीडी, फार्मेसी, ऑपरेशन थिएटर, महिला एवं पुरुष वार्ड, पैथोलॉजी लैब, पंजीकरण कक्ष, औषधि वितरण केंद्र और डॉक्टरों के आवास की पर्याप्त व्यवस्था प्रस्तावित है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि इस प्रस्ताव को शीघ्र शासन को भेजा जाए ताकि निर्माण कार्य जल्द शुरू हो सके।

### वर्तमान सीएचसी में भी होंगे सुधार

जब तक नया सीएचसी पूर्ण रूप से तैयार नहीं होता, तब तक वर्तमान अस्पताल में जरूरी सुविधाएं सुदृढ़ की जाएंगी। जिलाधिकारी ने मौके पर ही महिला प्रसूति कक्ष में एलईडी फोकस लाइट के लिए फंड स्वीकृत किया। साथ ही पंजीकरण और दवा वितरण काउंटर के विस्तार के निर्देश भी दिए। उन्होंने आरबीजी एक्स-रे मशीन की मरम्मत और अस्पताल भवन की विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए त्वरित कार्रवाई को कहा।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानीय नागरिकों ने डीएम के समक्ष प्रस्तावित स्थल को लेकर आपत्तियाँ जताईं। उनका कहना था कि ग्वासा पुल के समीप शिफ्ट किया जाने वाला स्थान दुर्गम है और वहां तक सार्वजनिक परिवहन की सुविधा भी नहीं है। उन्होंने चकराता को ही अस्पताल संचालन के लिए उपयुक्त बताया। इस पर जिलाधिकारी ने भरोसा दिलाया कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए ही कोई निर्णय लिया जाएगा। भू-निरीक्षण और सर्वेक्षण के निर्देश डीएम बंसल ने लोक निर्माण विभाग को नए अस्पताल भवन हेतु शीघ्र डीपीआर (आगणन) तैयार करने को कहा। साथ ही चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रस्तावित भूमि का जियोलॉजिकल सर्वे और मृदा परीक्षण भी शीघ्र कराया जाए।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम.के. शर्मा, एसीएमओ डॉ. दिनेश चौहान सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्कूल के छात्रों ने मॉडल यूनाइटेड नेशन सम्मेलन में दिखाया आत्मविश्वास

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** सेपियंस स्कूल, हरबर्टपुर एवं विकासनगर के कुल 33 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने टॉन्स ब्रिज स्कूल, देहरादून में आयोजित मॉडल यूनाइटेड नेशंस के तीन दिवसीय सम्मेलन में भाग लेकर अपनी अभूतपूर्व प्रतिभा, कूटनीतिक समझ, शोध क्षमता और सार्वजनिक भाषण कौशल का प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

इन विद्यार्थियों ने अपने आत्मविश्वास, समर्पण और वैश्विक मुद्दों पर गहन शोध के माध्यम से यह सिद्ध किया कि आने वाले कल के नेता आज हमारे बीच ही हैं। उनके विचारों की स्पष्टता, संवाद की कुशलता और समाधानपरक सोच ने सभी को अत्यंत प्रभावित किया। इस प्रेरणादायी उपलब्धि के लिए सामा. जिक विज्ञान विभागाध्यक्ष श्रीमती आशा गोसाई और श्रीमती नेहा सिंह के नेतृत्व को विशेष रूप से सराहा गया।

इस अवसर पर विद्यालय सेक्रेटरी रविकांत सपरा, प्रबंधक रशिता सपरा, विद्यालय निदेशिका रश्मि गोयल, विकास नगर प्रधानाचार्य नवीन तनेजा, हरबर्टपुर ऑफिशिएटिंग प्रिंसिपल गीता नेगी, नंदी बिष्ट, अश्वनी कुमार, सुमालती उनियाल तथा मानसी पाल सहित समस्त शिक्षकों ने छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना भी की।

# अधेड़ ने ग्राइंडर मशीन से गला काटकर दी जान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** बुधवार शाम मानसिक रूप से कमजोर एवं लंबे समय से बीमार एक अधेड़ ने ग्राइंडर मशीन से अपना गला काटकर आत्महत्या कर ली। बुधवार शाम कोतवाली पुलिस को डायल 112 के जरिए सूचना मिली कि रम्पुरा में किसी व्यक्ति ने अपनी बीमारी से परेशान होकर ग्राइंडर मशीन से अपना गला काट लिया है। सूचना पर कोतवाल मनोज रतूड़ी, उपनिरीक्षक नवीन बुधानी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां 51 वर्षीय असगर अली पुत्र अहमद अली निवासी दूधिया नगर वार्ड 13 का शव पड़ा हुआ था। कोतवाल ने बताया कि परिजनों के मुताबिक, मृतक मान. सिक रूप से अस्वस्थ और लंबे समय से बीमार था।

# चुनाव में नियुक्त पुलिस बल की अधिकारियों ने की ब्रीफिंग

शाह टाइम्स संवाददाता

विकासनगर। पंचायत चुनावों के प्रथम चरण में 24 तारीख को होने वाली मतदान प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु बुधवार को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विकासनगर में चुनाव ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस बल को ब्रीफिंग की गई।



ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश द्वारा समस्त जोनल पुलिस अधिकारी, सेक्टर पुलिस अधिकारी व उपस्थित बल को सम्बोधित करते हुए बताया कि हमारी प्राथमिकता स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराना है, इसलिए पोलिंग बूथों पर ड्यूटी पर नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारी ड्यूटी के दौरान निष्पक्षता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। बूथों पर सुरक्षा हेतु नियुक्त किया गया समस्त बल सर्वप्रथम अपनी ड्यूटी के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्राप्त कर लें तथा अपने पर्यवेक्षण अधिकारी का मोबाइल नंबर अवश्य रख लें। साथ ही इस बात को सुनिश्चित कर लें कि मतदान केन्द्र तथा उसके समीप किसी भी राजनैतिक दल का चिह्न अथवा किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यन्त्रों का प्रयोग न हो। मतदान स्थल के 100 मीटर की परीधि में केवल मतदाता व पूर्व में अधिकृत व्यक्ति को ही प्रवेश दिया जाये। पीठासीन अधिकारी द्वारा बुलाये जाने के अतिरिक्त कोई भी पुलिस कर्मचारी मतदान स्थल में प्रवेश न करे।

मतदान केंद्रों में सुरक्षा हेतु नियुक्त बल इस बात को सुनिश्चित कर ले मतदान की निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के पश्चात किसी भी व्यक्ति को मतदान स्थल में प्रवेश नहीं करने दिया जाये तथा जो व्यक्ति अन्दर आ चुके हो, वे ही नियमानुसार अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

इसके अतिरिक्त पोलिंग बूथ के अन्दर किसी भी व्यक्ति को मोबाईल ले जाने कि अनुमति किसी भी दशा में न दी जाये। चुनाव केंद्र में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था होने पर इसकी सूचना तत्काल अपने उच्चाधिकारियों को दें।

कल आज को होने वाली मतदान प्रक्रिया के दृष्टिगत शाम 5 बजे से जनपद देहरादून के विकासखंड चकराता, कालसी तथा विकासनगर में धारा 163 बीएनएसएस लागू कर दी जाएगी, इसलिए, सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले कि इस दौरान किसी राजनीतिक दल द्वारा किसी प्रकार का खुला प्रचार-प्रसार व जनसभा न की जाए। सभी पुलिस कर्मी अपने साथ मौसम के हिसाब से आवश्यक सामग्री रख लें, सभी पो. लिंग पार्टियां अपने बूथ पर पहुँचकर बूथ के आस-पास के क्षेत्र को भली-भाँति चैक कर लें, मतदान के दिन सभी क्षेत्रों के मध्य बैरियर लगाकर सीमाओं को सील कर लिया जाये, साथ ही सम्बन्धित अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि इस दौरान आवश्यक सेवाओं को छोड़कर किसी भी व्यक्ति का दूसरे क्षेत्र में अनावश्यक आवागमन न हो।

ब्रीफिंग के दौरान जनपद के सभी जोनल/सेक्टर पुलिस अधिकारी, पुलिस बल/होमगार्ड्स के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए तीनों विकासखंडों 4 सुपर जोन, 14 जोन, 49 सेक्टर में विभाजित किया गया है, जिनमें 367 मतदान केंद्र तथा 509 मतदेय स्थल (बूथ) बनाये गए है।

## एक नजर .......

### एक शराब तस्कर त्यूनी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**त्यूनी।** अवैध शराब की तस्करी कर रहे एक व्यक्ति को त्यूनी पुलिस ने किया गिरफ्तार। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 पेटी बीयर बरामद की। आरोपी पंचायत चुनाव के प्रचार प्रसार के लिए ले जा रहा था शराब। पुलिस ने शराब तस्कर के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। पंचायत चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए अवैध शराब की तस्करी की संभावना को देखते हुए एसएसपी देहरादून महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सघन चेकिंग अभियान चलाने के दिए हैं निर्देश । आगामी पंचायत चुनावों के दौरान चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने तथा चुनावो के दौरान अवैध शराब की तस्करी की रोकथाम को थाना त्यूनी पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/शराब तस्करो व नशा तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम के द्वारा रूटीन चौकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए, स्थान झूला पुल त्यूनी से । व्यक्ति नरेंद्र सिंह राणा पुत्र इंदर सिंह निवासी फनार थाना त्यूनी को 2 पेटी बीयर के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विनय मित्तल थाना त्यूनी, सिपाही प्रदीप चौहान, मनजीत रावत शामिल रहे।

### 101 लीटर गंगा जल व दूध से किया भगवान शंकर का जलाभिषेक



**विकासनगर।** सावन के महीने में होने वाला महाशिवरात्रि महोत्सव हनुमान धाम विकासनगर में 101 लीटर गंगा जल और दूध से भगवान शंकर का जलाभिषेक मंत्र उच्चारण के साथ किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने जल अर्पण किया। इस मौके पर आचार्य आकाश ने बताया शिवरात्रि के दिन ही शिव और पार्वती का मिलन का प्रतीक माना जाता है और भगवान शिव की विशेष पूजा की जाती हैं, शिवरात्रि मनाने के पीछे कई धार्मिक मान्यताएं हैं जिसमें एक मान्यता यह भी है कि इसी दिन समुद्र मंथन के दौरान विश्वभगवान शिव ने ग्रहण किया था जिससे उनके गले में जलन होने लगी थी तब देवताओं ने उनका अभिषेक कर उसके असर को खत्म किया था। कुछ मान्यताओं के अनुसार शिव पार्वती का विवाह भी इसी दिन हुआ, इस दिन शिवजी का अभिषेक करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और मनुष्य अकाल मृत्यु से बचता है। इस दौरान मंत्रोचार करने वालों में आचार्य आकाश पंडित जीवन भट्ट, विनय उनियाल, हनुमान धाम के महंत विष्णु महावर, विकास शर्मा, योगेश रोहिल्ला, पंडित सूरज, प्रियंक मित्तल व सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# शराब बेचते व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** 5 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब सोलमेट विहस्की (240 पव्वे) परिवहन करने वाले आरोपी को मय वाहन के कोतवाली विकासनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया।

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने को प्रभारी निरीक्षक विकासनगर द्वारा गंभीरता से लेते हुए सभी चौकी प्रभारियों एवं हल्का प्रभारियों को सघन चेकिंग अभियान चलाए जाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी विकासनगर के निकट पर्यवेक्षण में बीती रात्रि में गठित पुलिस टीम द्वारा चौकिंग के दौरान उदियाबाग तहसील रोड विकासनगर से अनुप चौहान पुत्र धनिराम निवासी मलूकावाला थाना विकासनगर द्वारा वाहन संख्या एचपी73 ए 7795 कार अल्टो के 10 में 05 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब सोलमेट विहस्की (240 पव्वे) परिवहन करते पकड़ा। पुलिस टीम में एसआई मनोज कुमार चौकी प्रभारी हरबर्टपुर, एसआई संदीप कुमार चौकी प्रभारी बाजार कोतवाली विकासनगर, सिपाही बृजपाल सिंह कोतवाली विकासनगर शामिल रहे।



# शिव भक्तों को सेलाकुई पुलिस भेज रही सकुशल वापस



**सेलाकुई।** कावड़ यात्रा के अंतिम पड़ाव में थाना सेलाकुई पुलिस द्वारा वापस लौट रहे शिव भक्त कावड़ यात्रियों का भव्य स्वागत करते हुए मंगल कामना के साथ सकुशल भेजा जा रहा है। पुलिस ने कांवड़ियो को पानी की बोतले व प्रसाद भी वितरित किया।

# कालेज ने चंद्रशेखर आजाद व बाल गंगाधर तिलक की मनाई जयंती

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकासनगर में चंद्रशेखर आजाद व बाल गंगाधर तिलक की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट, छत्रपाल सिंह, पंकज नौटियाल, विनय सिंह, दिव्या भट्ट तथा अन्य छात्र छात्रों के द्वारा मां सरस्वती तथा चंद्रशेखर आजाद वह बाल गंगाधर तिलक के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन वी पुष्पार्चन कर किया गया। विद्यालय की छात्रा आरती खत्री, अक्षिता आदि ने सुभाष चंद्र बोस वह बाल गंगाधर तिलक के जीवन से संबंधित प्रसंग सुनाए। विद्यालय के आचार्य कुलदीप जगवाण ने इन क्रांतिकारियों के विषय में बताते हुए कहा कि चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई, 1906 को मध्य प्रदेश के छोटे से शहर भावरा में हुआ था। एक निडर क्रांतिकारी के रूप में उनकी प्रतिष्ठा ने उन्हें औपनिवेशिक उत्पीड़न के विरुद्ध प्रतिरोध का प्रतीक बना दिया था तथा बाल गंगाधर तिलक, जिन्हें लोकमान्य तिलक के नाम से भी जाना जाता है, भारतीय राष्ट्रवादी नेता थे जिन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तिलक एक गणितज्ञ, दार्शनिक और स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा का नारा दिया, जो भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का एक महत्वपूर्ण नारा बन गया।

# लायंस ओलंपियाड दिल्ली ने तीन छात्रों को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल मांडूवाला के दसवीं के बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले तीन छात्रों को लायंस ओलंपियाड दिल्ली ने स्वर्ण पदक से सम्मानित किया।




इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश मेंदोला ने विद्यालय के तीन मेधावी छात्रों भावना बिष्ट, अंश भारद्वाज और अक्षत शर्मा को स्वर्ण पदक से सम्मानित किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, ये विद्यार्थी अपनी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर आज सम्मानित हुए हैं। इनकी इस उपलब्धि में न केवल उनकी स्वयं की मेहनत बल्कि उनके माता-पिता का अटूट समर्थन और शिक्षकों का सतत् मार्गदर्शन भी शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि लायंस ओलंपियाड द्वारा इस प्रकार की प्रतियोगिताओं और सम्मान समारोह का आयोजन एक अत्यंत सराहनीय पहल है। यह न केवल छात्रों की प्रतिभा को पहचानने और प्रोत्साहित करने का कार्य करता है, बल्कि उनमें शिक्षा के प्रति रुचि और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को भी विकसित करता है। सभी लोगों ने ऐसे मंच से विद्यार्थियों को न केवल अपनी शैक्षिक योग्यता का आकलन करने का अवसर मिलता है, बल्कि वे वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार होते हैं। इस सुअवसर पर भावना बिष्ट के पिता दीपक सिंह बिष्ट और अक्षत शर्मा के पिता महेश शर्मा ने विद्यालय द्वारा किए गए सर्वोत्तम कार्यों की सराहना की। सभी लोगों ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सम्मान प्राप्त करने वाले छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं विद्यालय को दिया और छात्रों ने बताया कि यह सम्मान उन्हें आगे भी कड़ी मेहनत करने और अपने लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा देगा।

# पहले चरण के पंचायत चुनाव की तैयारी पूरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 के अंतर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल में मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जनपद के पांच विकासखण्डकृजौनपुर, थौलधार, जाखणीधार, भिलंगना और प्रताप. नगर में 24 जुलाई को प्रथम चरण में मतदान संपन्न कराया जाएगा। इन क्षेत्रों में कुल 779 पोलिंग पार्टियां नियुक्त की गई हैं, जो अपने-अपने मतदान केंद्रों पर जाकर निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराएंगी।

दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों की पोलिंग पार्टियों को समय से पहले रवाना कर दिया गया है। इनमें विकासखण्ड भिलंगना की 3, जौनपुर की 4 और प्रतापनगर की 2 पोलिंग पार्टियां शामिल हैं, जो 22 जुलाई, मंगलवार को ही मतदान स्थलों के लिए रवाना हो चुकी हैं। वहीं, शेष 770 पोलिंग पार्टियां आज 23 जुलाई को अपने-अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान करेंगी।

चुनाव की पारदर्शिता और सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को सभी पोलिंग पार्टियों को एक बार फिर वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए। सभी मतदानकर्मियों को निर्देशित किया गया कि मतदान सामग्री प्राप्त करते समय सबसे पहले अपनी टीम के अन्य सदस्यों से संपर्क स्थापित कर लें और मतदान केंद्र का नाम व नंबर स्पष्ट रूप से नोट करें।

प्रत्येक पोलिंग पार्टी को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि सभी प्रपत्र, बैलेट पेपर और अन्य मतदान सामग्री क्रमबद्ध और पूर्ण हो। विशेष रूप से यह जांचने के निर्देश दिए गए हैं कि बैलेट पेपर पर क्रमांक सही हैं, तांबे की सील और दोनों मोहरें दुरुस्त हैं, अमिट स्याही और स्टैम्प पैड में पर्याप्त स्याही है तथा सभी आवश्यक लिफाफों पर स्पष्ट शीर्षक अंकित किए गए हैं।

इसके अलावा मतदान केंद्र पर पहुं. चने के बाद बूथ निर्माण की योजना को भली-भाँति समझने, सूचना पट्ट, प्रत्याशी सूची और मतदाता सूची को स्पष्ट स्थान पर चस्पा करने, मतदान एजेंटों को सुबह 7 बजे तक उपस्थित रहने के लिए सूचित करने और मतदाता पहचान पत्रों व मतपत्रों के मिलान को लेकर सतर्क रहने के निर्देश भी दिए गए हैं।

मतपत्रों के वितरण में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। वार्ड सदस्य के लिए सफेद रंग के मतपत्र, ग्राम प्रधान के लिए हरे रंग के, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए नीले रंग के और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग के मतपत्र निर्धारित किए गए हैं।

# बौराड़ी में विधिक जन जागरूकता शिविर आयोजित

■ कॉलेज में एक दिवसीय सिविर का अयोजन किया गया, पॉक्सो, पॉश और राहवीर योजना पर मिली जानकारी, फलदार पौधे लगाकर दिया हरियाली का संदेश, विधिक सेवा प्राधिकरण ने विद्यार्थियों को किया जागरूक, पौधारोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प,

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) बौराड़ी में एक दिवसीय विधिक जन जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं और विद्यालय स्टाफ को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों और न्याय संबंधी जानकारी से अवगत कराना था।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्राधिकरण के सचिव आलोक राम त्रिपाठी रहे, जिन्होंने छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से सुरक्षा अधिनियम (पॉश एक्ट) और राहवीर योजना के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति न सिर्फ जागरूक रहना चाहिए, बल्कि किसी भी प्रकार की अनदेखी या अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का साहस भी होना चाहिए।

इस अवसर पर रिटेनर अधिवक्ता राजपाल सिंह मिंया ने मोटर अधिनियम से जुड़ी जानकारी के साथ-साथ विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि किस तरह जरूरतमंदों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है और किस प्रकार से कोई व्यक्ति इसका लाभ उठा सकता है।

विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्य आरती बिष्ट ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं को न केवल उनके अधिकारों से परिचित कराते हैं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और कानूनी रूप से जागरूक भी बनाते हैं। उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकरण का आभार जताया और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम के समापन के बाद विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्यों, शिक्षकगणों और छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर सभी ने न केवल वृक्षारो. पण किया, बल्कि पौधों की देखभाल और संरक्षण का भी संकल्प लिया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का मजबूत संदेश दिया गया।

इस अवसर पर मीना सकलानी, संगीता रावत, रोशनी नेगी, इंदु कोठारी, भुवनेश्वरी नेगी, सुनीता राणा, प्रभा राणा, शोभा नेगी, हिमानी भंडारी, राखी राणा, सीमा असवाल, ममता डोभाल और ममता जोशी सहित कई अन्य शिक्षकाएं व छात्राएं मौजूद रहीं।

# बंदर का आतंक, दो महिलाएं और एक बच्चा घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** नगर क्षेत्र में एक कटखने बंदर ने दहशत फैला रखी है। बीते दो दिनों में इस आक्रामक बंदर ने दो महिलाओं सहित एक बच्चे को बुरी तरह घायल कर दिया, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। सबसे चिंताजनक बात यह है कि बंदर लोगों पर सीधे सिर पर हमला कर रहा है, जिससे घबराहट और डर का माहौल तेजी से फैल रहा है। पहली घटना बुधवार सुबह की है, जब भागीरथी पुल से गुजर रही कुछ महिलाओं को बंदरों के एक झुंड ने घेर लिया। उनमें से मरोड़ा गांव निवासी 29 वर्षीय रजनी देवी ने जैसे ही बंदरों से बचने के लिए नीचे झुककर बैठने की कोशिश की, एक कटखने बंदर ने पीछे से अचानक हमला कर उसके सिर पर गहरे दांत गड़ा दिए। गंभीर रूप से घायल रजनी देवी को तुरंत सीएचसी बागी ले जाया गया, जहां सिर में लगे घावों के कारण उन्हें टांके लगाए गए।

दूसरी घटना मंदिर मोहल्ले में हुई, जहां एक बुजुर्ग महिला हर्षिता देवी पर उस समय हमला हुआ, जब वह मंदिर जा रही थीं। बंदर ने उन्हें भी सिर पर काट खाया, जिससे वह घायल हो गईं और उन्हें इलाज के लिए तुरंत अस्पताल ले जाना पड़ा। तीसरी घटना संगम क्षेत्र में स्थित प्लेटफॉर्म पर खेल रहे बच्चों के साथ हुई। अचानक पहुंचे बंदरों ने बच्चों पर हमला कर दिया और 12 वर्षीय आयुष बिष्ट के हाथ को बुरी तरह काट डाला। घायल बालक को उसके पिता मनवर सिंह तत्काल अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार चल रहा है।

लगातार हो रही इन घटनाओं से नगरवासी बुरी तरह डरे हुए हैं और बच्चों और बुजुर्गों को घर से बाहर निकालने से कतरा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बंदर अब पहले जैसे नहीं रहे, वे आक्रामक, चालाक और हिंसक हो गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग सक्रिय हो गया है।

# मैक्स अस्पताल में एडवांस्ड लीडलेस पेसमेकर बना वरदान

## न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया से 68 वर्षीय महिला में सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया गया पेसमेकर :डॉ पुनीत



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, देहरादून के डॉक्टरों ने 68 वर्षीय महिला की जान बचाई, जिन्हें कम्पलीट हार्ट ब्लॉकेज की समस्या थी। मरीज का उपचार उन्नत तकनीक लीडलेस पेसमेकर के माध्यम से किया गया, जिसे न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया से सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया गया।

राजपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में डॉ. पुनिश सदाना, डायरेक्टर, कार्डियक साइंसेस व डॉ. प्रीति शर्मा, डायरेक्टर, कार्डियक साइंस.ेस मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल देहरादून ने बताया कि देहरादून निवासी गीता कठैत चक्कर आने और बहुत ही धीमी हृदय गति (सिर्फ 42 बीट्स प्रति मिनट) की शिकायत के साथ मैक्स अस्पताल, देहरादून की इमरजेंसी में लाई गईं। सामान्य रूप से हृदय गति लगभग 80 बीट्स प्रति मिनट होती है। मरीज की स्थिति ठीक करके और क्लिनिकल जांच करने के बाद डॉ. पुनिश सदाना, डायरेक्टर, कार्डियक साइंसेस व डॉ. प्रीति शर्मा, डायरेक्टर, कार्डियक साइंस.ेस मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल देहरादून के नेतृत्व में कार्डियक टीम ने लीडलेस पेसमेकर लगाने का निर्णय लिया।

डॉ. पुनिश सदाना ने देहरादून ने बताया कि, "पारंपरिक पेसमेकर में जहां सीने में चीरा लगाकर वायर को हार्ट से जोड़ा जाता है, वहीं लीड़लैस पेसमेकर में बिना किसी चीरे या टांके के, कैथेटर के माध्यम से पेसमेकर लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि हमने ये लीडलेस पेसमेकर दाहिनी फीमरल वेन (जांघ की नस) के माध्यम से प्रत्यारोपित किया, जिससे सीने में किसी तरह की सर्जरी या तारों की आवश्यकता नहीं पड़ी। पूरी प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हुई और मरीज को सर्जरी के तीन दिन के भीतर छुट्टी दे दी गई।"

### गंभीर हृदय रोगियों के लिए गेम-चेंजर साबित हो रहे लीडलेस पेसमेकर : डॉ प्रीति

डॉ. प्रीति शर्मा, डायरेक्टर, कार्डियक साइंसेस, मैक्स अस्पताल, देहरादून ने बताया, "लीडलेस पेसमेकर गंभीर हृदय रोगियों के लिए गेम-चेंजर साबित हो रहे हैं। यह नई तकनीक सर्जरी को अधिक सुरक्षित एवं कम जटिल होती है और मरीज की रिकवरी को बेहतर बनाती है। यह विशेष रूप से उन मरीजों के लिए उपयोगी है जो अधिक उम्र के हैं, जिन्हें वैस्कुलर (नसों) से जुड़ी समस्याएं हैं या जिन्हें संक्रमण का खतरा अधिक होता है।"

# विकास के मुद्दे पर जनता करने जा रही रिकॉर्ड मतदान : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में मतदाताओं से विकास के मुद्दे पर रिकॉर्ड मतदान का दावा किया है। कहा, उनके पहले कार्यकाल की शुरुआत में पार्टी एकतरफा हरिद्वार पंचायत चुनाव जीती थी, इस बार भी पहले ही चुनाव में हम प्रचंड जीत हासिल करेंगे। लेकिन अफसोस विपक्ष झूठे आरोपों के साथ चुनाव मैदान से बाहर बैठा हुआ है और अपनी सारी उम्मीद निर्दलीयों से लगाए है।



■ कहा, हरिद्वार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की स्वर्णिम सफलता दोहराएगी भाजपा

मीडिया से हुई बातचीत में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि, कल (आज) राज्य में पंचायत चुनाव के प्रथम चरण का मतदान होना है जिसको लेकर जनता में जबरदस्त उत्साह है। उन्होंने सभी मतदाता विकास के मुद्दे को प्राथमिकता देते हुए अधिक से अधिक वोट करने जा रहे हैं। चुनाव में पार्टी की उम्मीदों को लेकर पूछे सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने अपने पहले कार्यकाल की शुरुआत का जिक्र करते हुए कहा, तब हरिद्वार जिला पंचायत अध्यक्ष समेत सभी ब्लॉक प्रमुख सीटों को पार्टी ने जीता था। उसी तरह इस बार भी जिस तरह का रुझान, जनता के बीच से प्राप्त हो रहा है उससे सभी 12 पंचायत अध्यक्ष समेत कुल 89 ब्लॉक प्रमुखों में से अधिकांश पर भाजपा का चुना जाना स्पष्ट नजर आ रहा है। कहा, पार्टी ने जिला पंचायत की कुल 358 में से 320 पर समर्थित प्रत्याशी उतारे हैं, जिनमें अधिकांश हम जीतने जा रहे हैं। प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य की सीटों पर भी बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता चुनकर आ रहे हैं।

# मृतक उपनल कार्मिक के परिवार को सौंपा सहायता राशि का चेक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अपने कैंप कार्यालय में सड़क दुर्घटना में मृतक उपनल कर्मचारी कविता गुसांई के भाई पंकज गुसाईं को रुपये 1.50 लाख की त्वरित सहायता राशि का चेक प्रदान किया। यह सहायता उपनल के माध्यम से दी गई है।



सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि शोकाकुल परिवार को शीघ्र ही उपनल के सहयोग तथा पंजाब नेशनल बैंक के माध्यम से रुपये 50 लाख की अतिरिक्त सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने उपनल के प्रबंध निदेशक को निर्देशित किया कि दुर्घटना से संबंधित सभी कागजी कार्यवाही को जल्द से जल्द पूर्ण कर आश्रितों को सरक.ारी योजना का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए हर संभव सहायता का आश्वा.सन भी दिया।

गौरतलब है कि 10 जुलाई को उपनल कर्मचारी कविता ड्यूटी के पश्चात कार्यालय से घर लौट रही थीं, जब रायपुर-लाडपुर मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में उनकी दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो गई। इस दौरान प्रबंधन निदेशक उपनल ब्रिगेडियर (सेनि) जेएनएस बिष्ट, डीजीएम कर्नल (सेनि) राजेश नेगी, डीजीएम मेजर (सेनि) हिमांशु रौतेला भी उपस्थित रहे।

# मैदान में जलभराव की समस्या का होगा समाधान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बुधवार को नैनीताल के फ्लैट्स मैदान का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने कार्यदायी संस्था आरडबलूडी के ईई को फ्लैट्स मैदान में जल भराव की समस्या से समाधान के लिए उसका समतलीकरण करने के निर्देश दिए और यह कार्य 15 अगस्त तक पूर्ण करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि फ्लैट्स मैदान में विभिन्न खेलों के प्रतिभागियों द्वारा अभयास किया जाता है।

यहां बजरी डालने से पूर्व उसके आकार आदि के लिए खेलने वाले बच्चों से फीडबैक प्राप्त कर लिया जाए ताकि मैदान खेलों हेतु उपर्युक्त और बेहतर हो सके। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल रॉक क्लाइंबिंग वाल पर लगी रस्सी की भी सुरक्षा के दृष्टिगत बीच बीच में जांच कर ली जाए। खेल विभाग को रॉक क्लाइंबिंग वॉल के लिए प्रशिक्षक नियुक्त कर सुरक्षा उपकरणों, मैट तथा हेलमेट आदि की व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा नैनीताल झील के व्यू व सौंदर्यता को दृष्टिगत रखते हुए मैदान में कार्य कराया जाए। मैदान परिसर में लाइटिंग की उचित व्यवस्था की जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय बच्चों तथा खिलाड़ियों से भी वार्ता कर खेल प्रतिभाओं को विकसित किए जाने हेतु समस्त स्तरीय सुविधाएं मैदान में उपलबध करायें जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया।



बच्चों के द्वारा बैडमिंटन कोर्ट में लाइटिंग तथा सिथैटिक कोर्ट की मांग पर जिलाधिकारी द्वारा तत्काल संबंधित को बैडमिंटन कोर्ट हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था मुहैया कराए जाने निर्देशित किया गया। जिला.धिकारी के द्वारा चंअपसपवद भवन का निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था अत्यंत खराब पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल उक्त स्थानो की संपूर्ण सफाई व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए। मैदान के आसपास विद्युत लाइन तथा केबल लाइन को सुव्यवस्थित करने हेतु विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया। इस दौरान पालिका के सभासद मुकेश जोशी समेत उपजिलाधिकारी नैनीताल नवाजिश खलीक, ईई लोनि.वि रत्नेश सकसेना, आरईएस के के जोशी, ईओ नगर पालिका रोहिताश शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिक.ारी आदि उपस्थित रहे।

## बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**नैनीताल।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी नैनीताल वंदना सिंह के निर्देशानुसार जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 के शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराये जाने हेतु वीरवार (आज) जिले के विकास खंड धारी, रामगढ़, बेतालघाट तथा ओखलकांडा क्षेत्र में और दिनांक 28 जुलाई सोमवार को विकासखंड हल्द्वानी, कोटाबाग, भीमताल व रामनगर क्षेत्र में मदिरा की दुकानें पूर्णतया बंद रहेंगी। बताया कि दोनों दिवसों को मद्य निषेध (ड्राई डे) घोषित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह के मुताबिक जिले में त्रिास्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन मतगणना के दिन यानी 31 जुलाई (वीरवार) को पूरे नैनीताल जिले को मद्य निषेध (ड्राई डे) घोषित किया है। इस तिथि को जिले की सभी मदिरा की दुकाने बंद रहेंगी।

# पहले चरण के लिए मतदान आज

## ओखलकांडा, बेतालघाट, रामगढ़ और धारी में हुई ब्रीफिंग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान आज (गुरुवार, 24 जुलाई) को होगा। मतदान से ठीक एक दिन पहले पुलिस के आलाधिकारियों ने सुरक्षा में लगने वाले 1865 पुलिस कर्मियों की ब्रीफ किया और उन्हें मतदाता स्थलों की ओर रवाना किया। गुरुवार को रामगढ़, ओखलकांडा, बेतालघाट और धारी विकासखंड के विभिन्न मतदान स्थलों में मतदान है। इन सभी स्थलों पर पुलिस के आलाधिकारियों ने पुलिस कर्मियों को ब्रीफ किया। एसएसपी पीएन मीणा और एसपी क्राइम ने डा. जगदीश चंद्र ने ब्लॉक ओखलकांड़ा में, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र (नोडल अधिकारी निर्वाचन) ने बेतालघाट, सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल ने रामगढ़ और धारी में सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी ने पंचायत निर्वाचन ड्यूटी में लगे सभी सुरक्षा कर्मियों को ब्रीफ किया गया। निर्देश किया कि सभी निर्वाचन पार्टी के साथ मतदान केंद्र पर जाएंगे। मतदान परिसरों के 100 मीटर की परिधि में धारा 163 बीएनएसएस लागू रहेगी और पोस्टर, बैनर, लाउड स्पीकर नहीं लगेंगे। मतदाताओं को लुभाने वालों पर तत्काल कार्रवाई होगी। मतदान बूथ के अंदर मोबाइल फोन वर्जित रहेगा। मतदान स्थल पर बस्ता या बूथ लगाने की अनुमति पीठासीन से लेनी होगी। सुरक्षा कर्मी पोलिंग एजेंट के साथ चुनावी गति.विधि में शामिल न हों। मौसम विभाग से जारी एलर्ट के दृष्टिगत सतर्कता से ड्यूटी करें और अपने साथ बरसाती लेकर जाएं।

### पहले चरण में ड्यूटी करने वाले

- राजपत्रित अधिकारी-6
- निरीक्षक-11
- उपनिरीक्षक/ अपर उपनिरीक्षक-145
- हेड कांस्टेबल-167
- कांस्टेबल-606
- होमगार्ड-300
- पीआरडी/वन कर्मी-630
- 1 कंपनी 1 प्लाटून आईआरबी

## निर्भीक होकर मतदान करें आमजन: आइजी

**हल्द्वानी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने सभी जनपद प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान ड्यूटी में नियुक्त सभी जोनल और सेक्टर प्रभारियों को रात्रि में पोलिंग बूथों की सुरक्षा व्यवस्था की अनिवार्य रूप से जांच करनी होगी। आईजी अग्रवाल ने कहा कि चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे किसी भी तत्व पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी जो चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने का प्रयास करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि मतदान में व्यवधान उत्पन्न करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे लो.कतंत्र को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें और निर्भय होकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें।

# एसोसिएट प्रोफेसर दम्पति की याचिका पर सुनवाई 14 अगस्त को

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तरकाशी डिग्री कालेज में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर दंपती को पिथौरागढ़ जिले के बलुवाकोट डिग्री कालेज संबद्ध करने और उनके विरुद्ध की जा रही जांच कार्रवाई पर रोक लगाने के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई के बाद मामले की अगली सुनवाई के लिए 14 अगस्त की तिथि नियत की है। मुख्य न्यायाधीश जी नरेंदर एवं न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। पूर्व में कोर्ट ने स्थानांतरण आदेश पर रोक लगाते हुए जांच अधिकारी से कहा था कि याचिकाकर्ता की शिकायत पर क्या हुआ उसकी रिपोर्ट पेश करें। मामले के अनुसार उत्तरकाशी डिग्री कालेज के एसोसिएट प्रोफेसर रमेश सिंह व उनकी पत्नी डा. विनीता ने याचिका दायर कर कहा था कि उच्च शिक्षा विभाग ने भीमराव आंबेडकर जयंती के मौके पर 14 अप्रैल को कालेज खोलने व जयंती मनाने के निर्देश दिए थे, लेकिन प्राचार्य ने 14 अप्रैल के बजाय 12 अप्रैल को ही जयंती मनाने का आदेश किया था। जिसका उन्होंने विरोध किया था। इससे नाराज होकर प्राचार्य ने दो साल पुराने झूठे यौन शोषण के आरोप में याचिकाकर्ता डा. रमेश सिंह को दीर्घ अवकाश पर भेज दिया। जबकि यौन शोषण की न तो कहीं शिकायत है और न ही प्राथमिकी है। डा. रमेश सिंह ने इस आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी तो कोर्ट ने आदेश पर रोक लगा दी। उधर,16 अप्रैल को उच्च शिक्षा विभाग के अनुसचिव ने एक आदेश जारी कर डा. रमेश सिंह व डा. विनीता को 300 किमी दूर पिथौरागढ़ कालेज में संबद्ध कर दिया।

### चुनाव से सम्बंधित दर्जनभर याचिकाएं निरस्त

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पंचायत चुनाव से संबंधित एक दर्जन से अधिक याचिक.ाओं में याचिकाकर्ताओं को कोई राहत न देते हुए उन्हें एकसाथ निरस्त कर दिया। कोर्ट ने इन मामलों में याचिकाकर्ताओं से चुनाव याचिकाएं दायर करने की छूट दी है। बुधवार को न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ में एक दर्जन से अधिक याचिकाएं सुनवाई के लिये पेश हुई, जिनमें अधिकांश लोगों ने नामांकन पत्र निरस्त होने को चुनौती दी थी जबकि कई लोगों के नाम मतदाता सूची में न होने तथा कुछ के नाम दो जगह होने तथा जाति प्रमाण पत्र आदि से सबंधित थी। इन याचिकाओं की सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग के अधिवक्ता ने संविधान के अनुच्छेद 242 व उत्तराखंड पंचायत राज अधिनियम की धारा 131 का उल्लेख करते हुए कोर्ट को बताया कि चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बाद ऐसे मामलों में हाईकोर्ट द्वारा हस्तक्षेप न करने का प्रावधान है।

# तुषार अपहरण कांड में लचर जांच पर मानवाधिकार आयोग सख्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बहुचर्चित तुषार अपहरण कांड में पुलिस की लापरवाही अब राज्य मानवाधिकार आयोग के राडार पर आ गई है। पीड़ित पक्ष की ओर से न्याय न मिलने पर आयोग से गुहार लगाई गई, जिस पर गंभीर रुख अपनाते हुए आयोग ने आईजी कुमाऊं से मामले में विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। गली नंबर एक, तल्ली बमौरी निवासी गिरीश चंद्र, जो पीडब्ल्यूडी में संविदा कर्मी हैं, ने शिकायत में बताया कि बीती 6 मई को उनके इंजीनियर बेटे तुषार का दिनदहाड़े कार सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया था। यह घटना उस समय हुई जब तुषार सुबह करीब साढ़े 10 बजे कालाढूंगी रोड स्थित ईएनटी हॉस्पिटल के पास टहलने निकले थे। बदमाशों ने तुषार को जबरन उठाकर पीटते हुए उत्तर प्रदेश के बांदा तक पहुंचा दिया। गिरीश की तहरीर पर मुखानी पुलिस ने कपिल तिवारी, आलोक रंजन तिवारी समेत कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। अपहर्ताओं द्वारा 50 लाख रुपये की फिरौती मांगने का आरोप भी सामने आया। पुलिस ने इस मामले में 20 मई को दया किशन तिवारी निवासी सिविल लाइन, कोतवाली बांदा, अंकुश कुमार एटा और विनय प्रताप एटा को गिरफ्तार किया। हालांकि, घटना के ढाई महीने बीत जाने के बावजूद मुख्य साजिशकर्ता माने जा रहे आलोक तिवारी और कपिल तिवारी अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। इस लचर कार्रवाई से परेशान होकर पीड़ित गिरीश चंद्र ने राज्य मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई। आयोग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 9 जुलाई को आईजी कुमाऊं के नाम पत्र जारी किया है और 1 सितंबर तक पूरे मामले की तथ्यात्मक रिपोर्ट (आख्या) प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## नाबालिग किशोरी लापता

**हल्द्वानी।** राजपुरा क्षेच से एक 15 वर्षीय किशोरी संदिग्ध हालात में लापता हो गई है। इस संबंध में राजेंद्र नगर, राजपुरा लाइन नंबर-3 निवासी स्नेहा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। स्नेहा ने बताया कि उसकी छोटी बहन लक्ष्मी महेश्वरी को आखिरी बार 22 जुलाई की सुबह घर के बाहर देखा गया था, उसके बाद से वह लापता है। लक्ष्मी के पास मोबाइल फोन भी नहीं है, जिससे संपर्क नहीं हो पा रहा है। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां भी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने जानकारी दी कि किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है और उसकी तलाश के लिए पुलिस टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही लड़की को बरामद कर लिया जाएगा।

# पायलट बाबा आश्रम में विवाद

## समाधि कक्ष के ताले तोड़े, मारपीट व धमकी के आरोप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के गेठिया स्थित प्रसिद्ध महायोगी पायलट बाबा आश्रम एक बार फिर विवादों में आ गया है। आश्रम के केयरटेकर राहुल कुमार ने बुधवार, 23 जुलाई को ज्योलीकोट थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। राहुल के अनुसार, उन्हें दोपहर लगभग 12.30 बजे जानकारी मिली कि आश्रम में स्थित समाधि कक्ष के दो कमरों के ताले कुछ लोगों द्वारा तोड़ दिए गए हैं। जब वे दीपू सिंह असवाल, संजय कुमार, और राम.गिरि बाबा के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, तो देखा कि पुराने ताले टूट चुके थे और उनकी जगह नए ताले लगाए गए थे। इसी दौरान महायोगी पायलट बाबा कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल एंड रिसर्च के प्राचार्य मनोज कुमार भी मौके पर पहुंचे और कथित रूप से राहुल के साथ मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। राहुल ने आरोप लगाया कि मनोज कुमार की माता ने उन पर झूठे आरोप लगाए और समाधि कक्ष से लाइट का सामान, त्रिशूल, अगरबत्ती स्टैंड सहित कई धार्मिक वस्तुएं गायब पाई गईं। घटना की जानकारी मिलते ही ज्योलीकोट पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लेकर शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। इस बीच, एक और बड़ी जानकारी सामने आई है। पायलट बाबा के पौत्र अभिषेक कुमार की शिकायत पर बिहार के सासाराम में आठ लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि इन लोगों ने इलाज के बहाने बाबा को सासाराम से दिल्ली ले जाकर उन्हें ज़हर देकर मारने की साजिश रची और उनकी संपत्ति को फर्जी ट्रस्ट के माध्यम से हड़पने की योजना बनाई थी।

**बेदखली सूचना**

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र विक्की मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है और मेरी देखभाल भी नही करता है व आये दिन लड़ाई झगड़ा करता है जिस कारण में अपने पुत्र विक्की को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ती से बेदखल करती हूं आज के बाद विक्की के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन का जिम्मेदार वह स्वयं होगा

श्रीमती प्रेमा पत्नी श्री किशन
निवासी -2 बी - 11 संजय कॉलोनी,
जिला देहरादून, उत्तराखण्ड

# जिम्मेदार अधिकारियों पर हो कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में होटल के कमरों को अवैध रूप से तोड़कर दुकानों में बदलने के मामले ने तूल पकड़ लिया है।

इस मामले में पार्षद रवि जोशी ने बुधवार को नगर प्राधिकरण कार्यालय के बाहर धरना देते हुए तीखा विरोध दर्ज कराया और सवाल उठाए कि इतने महीनों तक प्राधिकरण की आँखें आखिर क्यों बंद रहीं। पार्षद रवि जोशी ने आरोप लगाया कि होटल के करीब 66 से अधिक कमरों को तोड़कर अवैध रूप से दुक.ानों का निर्माण किया गया, शटर लगाए गए और तीन पुल तक बना दिए गए, लेकिन नगर प्राधिकरण के अधिकारी मूक दर्शक बने रहे।



उन्होंने कहा कि यदि कोई गरीब व्यक्ति अपने घर में एक दरवाजा भी लगाता है तो प्राधिकरण तुरंत कार्रवाई करता है, लेकिन इतने बड़े निर्माण को किसकी शह पर नजरअंदाज किया गया? जोशी ने प्राधिकरण पर तंज कसते हुए कहा, अगर हमारी जानकारी के बाद ही काम करना है, तो प्राधिकरण हमें नौकरी पर रख ले। पार्षद जोशी ने कहा आखिर इतने दिनों तक किसके इशारे पर यह निर्माण चलता रहा? कहा, जब यह काम शुरू हुआ, तो किसने मालिकों को इशारा दिया कि वे निर्माण शुरू करें।

प्राधिकरण के खिलाफ रवि जोशी के इस धरने को स्थानीय नागरिकों का भी समर्थन मिला। लोगों का कहना था कि नियम सबके लिए बराबर होने चाहिए और प्राधिकरण की निष्क्रियता से बड़े स्तर पर अवैध निर्माण को बढ़ावा मिल रहा है।

**उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम**
कार्यालयः अधिशासी अभियंता, निर्माण शाखा, मसूरी
कुटुम्ब विहार, सिनौला, देहरादून
फोन/फैक्सः 0135-2736032 (का.) E-mail:jainigam.mussoorie@yahoo.com

पत्रांक:1798/135/66 दिनांक: 21.07.2025

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय के संचालन हेतु ग्राम सिनौला, देहरादून अथवा निकटवर्ती क्षेत्र में लगभग 2500.00 वर्ग फिट कारपेट एरिया का भवन, जिसमें कम से कम 05 कक्ष हो तथा 02 कमरों में टॉइलेट अटैच्ड हो की आवश्यकता है। भवन के साथ चार पहिया/दुपहिया वाहनों की पार्किंग हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो इच्छुक भवन स्वामी अपनी सीलबन्द कोटेशन दिनांक 31.07.2025 को 14.00 बजे तक इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। सीलबन्द कोटेशन दो लिफाफों, जिसमें से एक में भवन का स्वीकृत नक्शा एवं विवरण तथा दूसरे लिफाफे में किराये की प्रस्तुत दरें, रू0 100.00 का नॉन जुडिशियल स्टॉम्प पेपर देय होगा। ये दोनो लिफाफे एक बड़े सीलबन्द लिफाफे में प्रेषित करना होगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक अथवा समस्त कोटेशन निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा, सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।

नियम एंव शर्ते कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

**अधिशासी अभियंता**

"जल संचय-जीवन संचय" "कृपया जल स्रोतो को प्रदूषित होने से बचाईये"
वैधानिक चेतावनी-जल स्रोतो को प्रदूषित करना दण्डनीय अपराध है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9
ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।




# हरमनप्रीत ब्रिगेड ने जीती वनडे सीरीज

**● हरमनप्रीत कौर का शतक, क्रांति गौड़ की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड को हराया**

**चेस्टर-ली-स्ट्रीट।** कप्तान हरमनप्रीत कौर (102) की शानदार शतकीय पारी के बाद क्रांति गौड़ (छह विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को 13 रनों से हरा दिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली है।

319 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की महिला टीम शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र आठ रन के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। टैमी बोमॉन्ट (दो) एमी जोंस (चार) को क्रांति गौड ने आउट किया। इसके बाद एमा लैंब और नेट शिवर ब्रंट ने इंग्लैंड की पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिए 162 रनों की साझेदारी हुई। जब तक ये दोनों खिलाड़ी बल्लेबाजी कर रही थी तो ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड आसानी से यह मुकाबला जीत लेगा, लेकिन 31वें ओवर में श्रीचरणी ने एमा लैंब 81 गेंदों में (68) को बोल्ड कर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। इसके बाद 35वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने शतक की ओर बढ़ रही नेट शिवर ब्रंट 105 गेंदों में (98) को विकेटकीपर ऋचा घोष के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद सोफिया डंकली और ऐलिस डेविडसन-रिचर्ड्स ने मोर्चा संभाला, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने उन्हें पिच पर अधिक देर टिकने नहीं दिया। पांचवें विकेट के रूप में सोफिया डंकली (34) रन आउट हुई। ऐलिस डेविडसन-रिचर्ड्स (44) को गौड़ ने राधा यादव के हाथों कैच आउट कराया। शार्लेट डीन (21), लॉरेन फाइलर (शून्य) और लॉरेन बेल (सात) को भी गौड़ ने आउट किया। भारत ने 49.5 ओवर में इंग्लैंड को 305 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला 13 रनों से अपने नाम कर लिया। 84 गेंदों मे 102 रनों की शानदार शतकीय पारी खेलने वाली भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को 'प्लेयर ऑफ मैच' तथा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। भारत की ओर से क्रांति गौड़ ने 9-5 में 52 रन देकर छह विकेट लिए। श्रीचरणी को दो विकेट मिले। दीप्ति शर्मा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिए 64 रन जोड़े। 13वें ओवर में शार्लेट डीन ने प्रतिका रावल (26) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। भारत का दूसरा विकेट 18वें ओवर में स्मृति मंधाना (45) के रूप में गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी कप्तान हरमनप्रीत कौर ने हरलीन देओल के साथ 81 रनों की साझेदारी की। हरलीन देओल (45) के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आई जेमिमाह रॉड्रिग्स के साथ 110 रन की साझेदारी कर भारत के स्कोर को 272 तक पहुंचाया। 46वें ओवर में जेमिमाह रॉड्रिग्स 45 गेंदों में (50) को फाइलर ने आउट किया। भारत का पांचवां विकेट पर हरमनप्रीत कौर के रूप में गिरा।

# यह सीरीज जीत निश्चित रूप से हमें आत्मविश्वास देगी: हरमनप्रीत कौर

**● मैं बल्लेबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती थी, लेकिन आज का मैच हमारे लिए बहुत अहम था**

**डरहम, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में जब भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर बल्लेबाजी करने उतरीं तो उनका पहला रन 11वीं गेंद पर आया। यह 102 रनों की शतकीय पारी की शुरुआत थी,

जिसने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की सीरीज जीत की नींव रखी और घर पर होने वाले वनडे विश्व कप से पहले पूरी दुनिया को एक सशक्त संदेश भी दिया। चेस्टर-ली-स्ट्रीट में जब उन्होंने ग्यारहवीं गेंद खेली तो बाएं हाथ की स्पिनर लिंसी स्मिथ की गेंद पर खूबसूरत कवर ड्राइव के जरिये बाउंड्री पाई। धीमी शुरुआत होने के बावजूद वह अपनी लय में आ चुकी थीं। हरमनप्रीत का यह शतक वनडे में उनका सातवां लेकिन पिछली 13 पारियों में पहला 50+ स्कोर था। दौरे की शुरुआत में ईसीबी डेवलपमेंट ग्प के खिलाफ खेले गए 50 ओवर के वार्म-अप मैच में उन्होंने 54 रन बनाए थे और इंग्लैंड के खिलाफ सफेद गेंद की दोनों सीरीज में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर केवल 26 रन था, जो उन्होंने चौथे टी20 में बनाया। मैच के बाद उन्होंने कहा कि हर मैच में मैं बल्लेबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती थी लेकिन आज का मैच हमारे लिए बहुत अहम था। योजना यह थी कि क्रीज पर कुछ समय बिताया जाए और फिर देखा जाए कि आगे क्या होता है। वह रणनीति मेरे लिए कारगर रही। पहली दस गेंदों पर मुझे कोई रन नहीं मिला लेकिन तब मैं खुद से कह रही थी: 'मुझे हार नहीं माननी है, बस टिके रहना है, टीम के लिए टिके रहना है। 82 गेंदों में शतक पूरा करके हरमनप्रीत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले साल बनाए गए 87 गेंदों वाले शतक को पीछे छोड़ दिया और महिलाओं के वनडे में भारत के लिए दूसरा सबसे तेज शतक बनाया। इस साल की शुरुआत में आयरलैंड के खिलाफ स्मृति मंधाना ने 70 गेंदों में शतक लगाया था जो भारत के लिए सबसे तेज शतक है। साथ ही वह 4000 रन पूरे करने वाली भारत की तीसरी महिला खिलाड़ी भी बनीं। भारत के लिए संतोषजनक बात यह भी रही कि पूरी बल्लेबाजी इकाई ने अच्छा प्रदर्शन किया। जेमिमाह रॉड्रिग्स ने 50 रन बनाए और हरमनप्रीत के साथ चौथे विकेट के लिए 110 रन की साझेदारी की। मंधाना और हरलीन देओल ने 45-45 रन बनाए और ऋचा घोष ने 18 गेंदों में 38 रन की तेज पारी खेली। इसके बाद क्रांति गौड़ ने 52 रन देकर छह विकेट लिए और इंग्लैंड की टीम को 305 रन पर आउट कर दिया। इंग्लैंड एक गेंद बाकी रहते 13 रन से विश्व रिकॉर्ड लक्ष्य हासिल करने से चूक गई। गौड़ महिलाओं के वनडे में भारत की ओर से पांच विकेट लेने वाली दूसरी सबसे युवा खिलाड़ी बनीं। उनसे कम उम्र में यह उपलब्धि केवल दीप्ति शर्मा ने हासिल की थी। हरमनप्रीत ने गौड़ के बारे में कहा कि जब भी वह मैदान पर होती हैं और गेंदबाज़ी कर रही होती हैं तो वह प्रभावशाली रहती हैं। मैं बहुत खुश हूं जिस तरह की गेंदबाजी उन्होंने की और जब भी हमें ब्रेकथ्रू की जरूरत थी, वह टीम के लिए मौजूद थीं। भारत का 318/5 का स्कोर इंग्लैंड में किसी भी मेहमान टीम द्वारा बनाया गया।

## आयरलैंड दौरे के लिए पाकिस्तान की महिला टीम में एमान शामिल

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने छह अगस्त से शुरु होने वाले आयरलैंड दौरे के तीन टी-20 मैचों के लिए फातिमा सना की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में अनकैप्ड बल्लेबाज एमान फातिमा को शामिल किया है। छह से 10 अगस्त तक चलने वाली इस टी-20 सीरीज के मैच डबलिन के क्लोंटार्फ क्रिकेट क्लब में खेले जायेंगे। अनकैप्ड एमान फातिमा ने राष्ट्रीय महिला टी-20 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर टीम में जगह बनाई। उन्होंने आठ मैचों में 155-14 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 287 रन बनाए। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 2023 में होने वाले पहले महिला अंडर-19 विश्वकप में भी पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया था। 15 सदस्यीय टीम द्विपक्षीय श्रृंखला में भाग लेने के लिए आयरलैंड रवाना होने से पहले कराची में एक प्री-सीरीज प्रशिक्षण शिविर में भाग लेगी।

# बुमराह के साथ भारतीय टीम के पास जीतने और सीरीज बराबर करने के लिए जरूरी हथियार हैं: संजय



**● तीसरे और चौथे टेस्ट के बीच का अंतर किसी भी खिलाड़ी के लिए वापसी करने के लिए पर्याप्त है**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट से पहले 'फॉलो द ब्लूज' पर विशेष बातचीत करते हुए, जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ संजय बांगर ने टीम के अहम फैसलों पर अपनी राय रखी, जसप्रीत बुमराह की वापसी और आकाश दीप की अनुपस्थिति से लेकर ऋषभ पंत की विकेटकीपिंग और भारत के गेंदबाजी संतुलन तक।

भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट से पहले 'फॉलो द ब्लूज' पर विशेष बातचीत करते हुए, जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ संजय बांगर ने जसप्रीत बुमराह को प्लेइंग इलेवन में शामिल करने पर अपने विचार साझा किए। बांगर ने कहा कि बुमराह का चौथा टेस्ट खेलना अच्छी खबर है। एक अच्छी बात यह है कि कार्यक्रम में जगह बनाई गई है। खासकर जब आप लगातार दो टेस्ट मैच खेल रहे हों। तीसरे और चौथे टेस्ट के बीच का अंतर किसी भी खिलाड़ी के लिए वापसी करने के लिए पर्याप्त है। जसप्रीत बुमराह किसी भी टीम, खासकर भारतीय टीम, की ताकत बढ़ाते हैं। हाल के दिनों में जब भी उन्होंने खेला है, उनका विदेशी टेस्ट रिकॉर्ड और भी बेहतर हुआ है। उनकी मौजूदगी से, मुझे लगता है कि भारतीय टीम के पास जीत और सीरीज बराबर करने के लिए जरूरी हथियार मौजूद हैं। क्योंकि सीरीज दांव पर है, इसलिए भारत को इसमें वापसी करनी होगी। अगर कोई गेंदबाज है जो किसी भी परिस्थिति का फायदा उठा सकता है, तो वो बुमराह हैं। कुल मिलाकर, जहां तक बल्लेबाजी का सवाल है, सीरीज के पहले तीन टेस्ट मैच काफी आसान रहे। लेकिन इस खास टेस्ट में परिस्थितियां गेंदबाजों के ज्यादा अनुकूल होने की संभावना है। इसका मतलब होगा कि हमें ज्यादा ओवर नहीं फेंकने पड़ेंगे और हम निश्चित रूप से भारत को इंग्लिश बल्लेबाजों को सस्ते में आउट करने में मदद कर सकते हैं। प्रसिद्ध कृष्णा बनाम अंशुल कंबोज के चयन की दुविधा पर बांगर ने कहा कि शुभमन और गौतम गंभीर के लिए प्रसिद्ध और अंशुल में से किसी एक को चुनना मुश्किल होगा। शायद यही वजह है कि उन्होंने टेस्ट मैच शुरू होने तक फैसला टाल दिया है। मेरा मानना है कि प्रसिद्ध ने काफी कुछ किया है, और अगले टेस्ट मैच में आपको एक ऐसे गेंदबाज की जरूरत है जो मैनचेस्टर की पिच से उछाल हासिल कर सके। मुझे लगता है कि इस खास टेस्ट के लिए प्रसिद्ध से थोड़ा बेहतर हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## चैंपियंस लीग टी-20 10 साल से ज्यादा समय बाद वापसी के लिए तैयार

**नई दिल्ली, वार्ता।** चैंपियंस लीग ट्वंटी-20 वापसी के लिए तैयार है - और इसका दूसरा संस्करण बड़ा और बेहतर होगा। आईसीसी के सदस्यों ने, जिन्होंने हाल ही में सिंगापुर में आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन के दौरान बैठक की, विभिन्न देशों की घरेलू ट्वंटी-20 लीगों की फ्रेंचाइजी वाली इस टूर्नामेंट को फिर से शुरू करने का औपचारिक निर्णय लिया। अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो लीग अगले साल की शुरुआत में फिर से शुरू हो सकती है। क्रिकबज को पता चला है कि अंतर्राष्ट्रीय बोर्ड जल्द ही लीग की रूपरेखा पर विचार-विमर्श के लिए बैठक करेंगे, खासकर इस तथ्य को देखते हुए कि कई फ्रेंचाइजी मालिकों की टीमें कई देशों में हैं।

## पाकस्तान को एफआईएच हॉकी प्रो लीग में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण मिला

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** हॉकी न्यूजीलैंड द्वारा पिछले महीने एफआईएच हॉकी नेशंस कप जीतने के बावजूद अगले एफआईएच हॉकी प्रो लीग पुरुष सत्र में भाग न लेने के अपने निर्णय की अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ को सूचना देने के बाद, एफआईएच ने नियमों के अनुसार, नेशंस कप उपविजेता, यानी पाकिस्तान को 2025-26 प्रो लीग संस्करण में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। पाक हॉकी संघ को निमंत्रण स्वीकार या अस्वीकार करने के अपने निर्णय के बारे में एफआईएच को सूचित करने के लिए 12 अगस्त तक की समय सीमा दी गई है। 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग में डच महिला और पुरुष दोनों टीमों को चैंपियन घोषित किया गया।

# अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि के साथ पंजाब हॉकी लीग की घोषणा

**● देशभर की आठ आकादमी की टीमें इस लीग में हिस्सा लेंगी जो दो चरणों में आयोजित की जाएगी**

**मोहाली, वार्ता।** राउंडग्लास हॉकी अकादमी ने हॉकी पंजाब के सहयोग से जूनियर आयु वर्ग के लिए पंजाब हॉकी लीग (पीएचएल) के दूसरे संस्करण की घोषणा की है। इस बार कुल पुरस्कार राशि 30 लाख रुपये होगी, जो देश में किसी भी जूनियर स्तर की हॉकी प्रतियोगिता के लिए अब तक की सबसे बड़ी राशि है। राउंडग्लास और हॉकी पंजाब द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह लीग, जमीनी स्तर से खिलाड़ियों को व्यापक मैच अनुभव प्रदान करने और उनके पेशेवर व व्यक्तिगत विकास में सार्थक योगदान देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। देशभर की आठ अकादमियों की टीमें इस लीग में हिस्सा लेंगी, जो दो चरणों में आयोजित की जाएगी। इसके पहले संस्करण में पंजाब की छह टीमों ने होम-अवे फॉर्मेट में दो चरणों में भाग लिया था। इस वर्ष का पहला चरण 31 अगस्त से 9 सितंबर तक मोहाली इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

# सिंधु-उन्नति प्री क्वार्टरफाइनल में



**● पीसी सिंधु ने तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-15, 8-21 और 21-17 से जीत हासिल की**

**चांगझोउ, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने बुधवार को चांगझोउ के ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में चल रहे प्रतिष्ठित बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट चाइना ओपन 2025 में रोमांचक जीत के साथ महिला एकल के राउंड-ऑफ-16 में प्रवेश किया। विश्व नंबर 6 जापान की तोमोका मियाजाकी के खिलाफ, सिंधु (विश्व रैंकिंग 15) ने अपनी विशिष्ट दृढ़ता का परिचय देते हुए तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-15, 8-21, 21-17 से जीत हासिल की। दूसरा गेम हारने के बाद, भारतीय खिलाड़ी ने निर्णायक गेम में बढ़त बनाए रखते हुए जीत पक्की कर ली। सिंधु का प्री क्वार्टर फाइनल में 17 वर्षीय उन्नति हुड्डा से मुकाबला होगा जिन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनुभवी स्कॉटिश शटलर क्रिस्टी गिलमोर को केवल 36 मिनट में 21-11, 21-16 से हराया। पुरुष युगल में, विश्व की 12वें नंबर की जोड़ी, सात्विक-चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राउंड-ऑफ-16 में प्रवेश किया। इस जोड़ी ने जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को सीधे गेमों में 21-13, 21-9 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस बीच, महिला युगल में, पांडा बहनों, रुतपर्णा और श्वेतपर्णा को हांगकांग-चीन की अनुभवी जोड़ी के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा।

# वीनस विलियम्स की प्रतिस्पर्धी टेनिस में विजयी वापसी



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** अमेरिका की दिग्गज वीनस विलियम्स ने 16 महीनों के बाद डीसी ओवर में पीटन स्टर्न्स को हराकर प्रतिस्पर्धी टेनिस में विजयी वापसी की। 45 वर्षीय विलियम्स ने मुबाडाला सिटी डीसी ओपन 2025 के महिला एकल मुकाबले में विश्व की 35 नवंबर की खिलाड़ी पीटन स्टर्न्स को सीधे सेटों (6-3, 6-4) में हराया। इस जीत के साथ ही विलियम्स 45 साल की उम्र में टूर-स्तरीय एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गईं। इससे पहले मार्टिना नवरातिलोवा ने (47 साल की उम्र में) 2004 में विंबलडन में कैटालिना कास्टानो को हराया था। मैच के बाद विलियम्स ने कहा कि इतने लंबे समय के ब्रेक के बाद पहला मैच खेलना कितना मुश्किल होता है, यह बयां करना मुश्किल है। अगर आप मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से मेहनत करते हैं, तो आपको परिणाम मिल सकता है। मैं यहाँ अपने दोस्तों, परिवार, अपने प्रियजनों और प्रशंसकों के साथ हूँ, जिन्हें मैं प्यार करती हूँ और वे भी मुझे प्यार करते हैं, इसलिए यह एक खूबसूरत रात रही। विलियम्स का अगला मैच गुरुवार, 24 जुलाई को पोलैंड की मैग्डेलेना फ्रेच (विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर) के खिलाफ दूसरे दौर का रोमांचक मुकाबला होगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज को हराया



**● जोश इंग्लिश ने नाबाद 78 और कैमरून ग्रीन ने 56 रनों की तूफानी पारी खेली, एडम जम्पा ने तीन विके ट लिए**

**किंगस्टन, वार्ता।** एडम जम्पा (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद जॉश इंग्लिश नाबाद (78) और कैमरन ग्रीन (56) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 28 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया।

इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली है। 173 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में मात्र 13 रन के स्कोर पर ग्लेन मैक्सवेल (12) के रूप में अपना पहला विकेट गंवा दिया था। टीम को दूसरा झटका 42 रन के स्कोर पर कप्तान मिशेच मार्श (21) के रूप में लगा, लेकिन इसके बाद जॉश इंग्लिश और कैमरन ग्रीन ने वेस्टइंडीज के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 131 रनों की अविजित साझेदारी हुई। ऑस्ट्रेलिया ने 15-2 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। जॉश इंग्लिश ने 33 गेंद में पांच छक्के और सात चौकों की मदद से नाबाद 78 रनों की पारी खेली। वही कैमरन ग्रीन 32 गेंद में चार छक्के और तीन चौके लगाते हुए नाबाद 56 रन बनाये। वेस्टइंडीज की ओर से जेसेन होल्डर और अल्जारी जोसेफ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने लिए ब्रैंडन किंग और कप्तान शाई होप की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़े।ब्रैंडन किंग 36 गेंदों में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से (51) रनों की पारी खेली। कप्तान होप 13 गेंद में नौ रन बनाकर आउट हुए।

**● भारत बनाम इंग्लैंड-चौथा टेस्ट**

# भारत पहली पारी में 150 रनों के पार

**● ऋषभ पंत-साई सुदर्शन खेल रहे, कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल व केएल राहुल हो चुके आउट**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में खेला जा रहा है। बुधवार को मुकाबले का पहला दिन था और तीसरे सेशन का खेल जारी है। भारत ने पहली पारी में 3 विकेट पर 163 रन बना लिए हैं।

साई सुदर्शन और ऋषभ पंत नाबाद हैं। टी-ब्रेक से पहले कप्तान शुभमन गिल 12 रन, यशस्वी जायसवाल 58 रन और केएल राहुल 46 रन बनाकर आउट हुए। बेन स्टोक्स, लियम डासन और क्रिस वोक्स को एक-एक विकेट मिले। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज भारत से टेस्ट डेब्यू कर रहे हैं। उन्हें पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दीप दासगुप्ता ने टेस्ट कैप पहनाई। मैनचेस्टर में 51 साल बाद किसी भारतीय ओपनर ने फिफ्टी लगाई है। यशस्वी जायसवाल (58 रन) से पहले सुनील गावस्कर (101 रन, 58 रन) ने 1974 में इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक बनाया था। केएल राहुल 46 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने इंग्लैंड में 1000 रन पूरे किए। वे ऐसा करने वाले 5वें भारतीय बैटर बने। उनसे पहले तेंदुलकर, द्रविड़, गावस्कर और कोहली ऐसा कर चुके हैं। भारतीय बैटर साई सुदर्शन दूसरी पर रनआउट होने से बच गए। 57वें ओवर की चौथी बाल को साई ने पिच पर धकेला और रन लेने के लिए निकल पड़े। दूसरी ओर ऋषभ पंत ने इन्कार कर दिया। तब तक सुदर्शन आधी पिच पर आ गए थे। उन्होंने बैट छोड़ा और वापस स्ट्राइक की ओर दौड़ पड़े। इस बीच स्टोक्स ने थ्रो मारा, लेकिन नहीं लगा। 53वें ओवर में भारत ने पहली पारी में 150 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। ऋषभ पंत ने ब्रायडन कार्स के ओवर की दूसरी बाल पर एक रन लिया और टीम का 150वां रन बनाया। मैनचेस्टर टेस्ट के पहले दिन का दूसरा सेशन इंग्लैंड के नाम रहा। 26 ओवर के इस सेशन में भारत ने 71 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए। टी-ब्रेक से पहले भारतीय कप्तान शुभमन गिल (12 रन) को बेन स्टोक्स ने पगबाधा आउट किया। यशस्वी जायसवाल 58 रन और केएल राहुल 46 रन बनाकर आउट हुए। 50वें ओवर में भारत ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां कप्तान शुभमन गिल 12 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बेन स्टोक्स ने पगबाधा आउट किया। गिल बेन स्टोक्स की गुड लेंथ से अंदर आती बाल छोड़ना चाह रहे थे, लेकिन स्विंग को भांप नहीं सके। बाल उनके पैड पर टकराई। फील्ड अंपायर के आउट देने के बाद गिल ने डीआर मांगा, लेकिन थर्ड अंपायर ने फैसला नहीं बदला। 48वें ओवर की तीसरी बाल पर साई सुदर्शन को जीवनदान मिला। बेन स्टोक्स की लेग स्टंप से बाहर जाती बाल ने बल्ले का किनारा लिया और विकेटकीपर जैमी स्मिथ के पास गई, लेकिन वे इसे कैच नहीं कर सके। लियाम डासन ने आठ साल बाद टेस्ट में गेंदबाजी करते हुए सिर्फ सातवीं ही गेंद पर विकेट ले लिया।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी रहा पूरी तरह मुस्तैद, शिव मंदिरों में लगी रही लंबी-लंबी कतार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। लोगों ने लाइन में लगकर जलाभिषेक कर महादेव का आशीर्वाद लिया। नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने सिविल लाइंस स्थित शिव मंदिर में जल चढ़ाकर प्रसाद वितरित किया इसके अलावा अन्य समाजिक संगठनों ने भी प्रसाद बांटा।

देशभर में शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है सुबह करीब 3:30 बजे से जलाभिषेक का मुहूर्त था जिसके बाद से शिवालयों में लंबी लाइन लगनी शुरू हो गई। शिव मंदिर हर हर महादेव के जयकारों से गूंजते नजर आए। काफी संख्या में हरिद्वार से जल लेकर पहुंचे कांवड़ियों ने भी शहर के विभिन्न मंदिरों में जल चढ़ाकर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। सिविल लाइंस स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में श्री सनातन धर्म रक्षिणी सभा द्वारा विशेष प्रबंध किए गए थे ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी लाइन नजर आई। लोगों ने लंबे इंतजार के बाद जलाभिषेक किया। विधायक प्रदीप बत्रा ने पत्नी मनीषा बत्रा



के साथ शिव भगवान का पूजन कर जल चढ़ाया। इसके बाद लाइन में लगे श्रद्धालुओं को पानी की बोतलें वितरित की। उन्होंने कहा कि भगवान शिव सृष्टि के स्वामी है उनकी कृपा शहरवासियों पर बनी

**❖सामाजिक संगठनों ने भी शिव भक्तों को बांटा प्रसाद**
**❖शहर से देहात तक लाइन में लगकर शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक**

रहे यही प्रार्थना की गई है। **समर्पण जनकल्याण संगठन ने बांटा प्रसाद...**हमेशा की तरह इस वर्ष भी समर्पण जनकल्याण संगठन ने कोतवाली के बाहर स्टाल लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद में विभिन्न प्रकार की सामग्री वितरित की। उनके इस 26 वे शिविर में हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं की लंबी लाइन नजर आई। संगठन के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता तन मन से शिव भक्तों की सेवा करते नजर आए। **सेवा मंडल ने लगाया स्टॉल...**गणपति महोत्सव करने वाली प्रमुख



संस्था श्री सेवा मंडल द्वारा स्टॉल लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। यहां विधायक प्रदीप बत्रा एवं अन्य लोगों ने पहुंचकर शिवभक्तों को प्रसाद वितरण किया।

## महमूदपुर व इमलीखेड़ा के मंदिरों में महाशिवरात्रि पर

# श्रद्धालुओं व शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** पिरान कलियर के महमूदपुर में प्राचीन कर्णधाम भगवान शंकर के मंदिर में जलाभिषेक किया गया। पिरान कलियर। कलियर के महमूदपुर में प्राचीन मंदिर भगवान शंकर कर्णधाम में और इमलीखेड़ा के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं ने हरिद्वार से गंगाजल लाकर जलाभिषेक किया।सभी शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में शिवभक्तों की भारी भीड़ रही।

पिरान कलियर के महमूदपुर में प्राचीन कर्णधाम भगवान शंकर के मंदिर में जलाभिषेक किया गया। इस दौरान कड़ी पुलिस सुरक्षा में कावंड़ कलियर मंदिर पहुंची। कार्यक्रम से पूर्व मंदिर समिति पदाधि



कारी एवं शिवभक्त कार्वड़िये गंगाजल लेने हरिद्वार पहुंचे। वहां से गंगाजल लेकर शिव भक्तो ने पहले महामृत्युंजय मंत्र के साथ हवन पूजन किया। इसके बाद शिव भक्तो ने पुजारी श्याम सिंह के साथ भगवान शिव का बेलपत्रों, फूलों, फल, पंचामृत व गंगाजल से अभिषेक किया। जलाभिषेक के दौरान मुस्लिम समाज के लोंगो ने भी सहयोग किया।जलाभिषेक के दौरान शांति व्यवस्था के लिए खुफिया विभाग और पुलिसबल तैनात रहा। इसके अलावा नगर पंचायत इमलीखेड़ा के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में हरिद्वार जूना अखाड़े के मायादेवी मंदिर के श्रीमहंत चेतन गिरी माहराज और कृष्णानंद अवस्थी ने सभी शिव भक्तों के साथ रुद्राभिषेक और जलाभिषेक किया। मेहवड कलां ,बाजूहेड़ी, मेहवड़ खुर्द,बेलड़ा ,मोहम्मदपुर पांडा, माजरी, सहित आदि देहात क्षेत्रो के सभी शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया।शिवालयों के बाहर भक्तों की कतारें भी लगी रही। हर-हर महादेव और जय भोले के जयकारों की गूंज रही।थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों में शांतिपूर्ण तरीके से जलाभिषेक किया गया। सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल लगाया था।

# झबरेड़ा के प्राचीन शिव मंदिर में भक्तों ने चढ़ाया गंगाजल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे में स्थित नंदा वाला बाग प्राचीन शिव मंदिर में बुधवार तड़के 4:00 से ही महादेव के भक्तों द्वारा हरिद्वार से कावड़ व गंगाजल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक सुख शांति की कामना की गई।

श्रावण मास की चतुर्थी तिथि को बुधवार तड़के 4:00बजे शिव भक्तों द्वारा कस्बे में स्थित नंदा वाला बाग शिव मंदिर में कस्बे तथा आसपास ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में शिव भक्तों द्वारा हरिद्वार से गंगाजल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने वालों की भीड़ लग गई। मंगलवार रात्रि के समय सैकड़ो शिव भक्त कांवडीये हरिद्वार से गंगाजल तथा कावड़ लेकर शिव मंदिर प्रांगण में ही रुके हुए थे उनके द्वारा जलाभिषेक करने का समय होते ही सुबह 4:00 बजे जलाभिषेक शुरू कर दिया गया था बाद में कस्बा तथा आसपास के गांव से भी शिव भक्तों द्वारा भगवान शिव का जलाभिषेक करते हुए सुख शांति की कामना की गई। मान्यता है कि सबसे पहले भगवान परशुराम द्वारा उत्तर प्रदेश के जिला बागपत में पुरा महादेव मंदिर का



निर्माण किया था तथा श्रावण मास की चतुर्थी को गढ़मुक्तेश्वर से गंगाजल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया था जब से ही भगवान शिव का जलाभिषेक करने की है परंपरा चली आ रही है।

# बुग्गावाला-रोशनाबाद मार्ग पर पुलिया की अप्रोच क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम संवाददाता**

**बुग्गावाला।** बुग्गावाला-रोशनाबाद मुख्य मार्ग पर स्थित उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड की सीमा पर बने पुल की दोनों ओर की अप्रोच सड़क भारी बारिश के चलते क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे क्षेत्रवासियों को गंभीर आवागमन समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार बीते सोमवार को हुई तेज बारिश के कारण पुलिया से सटी मिट्टी धंस गई, जिससे सड़क का किनारा टूट गया और अप्रोच सड़क पर गहरे गड्ढे बन गए। नतीजतन छोटे वाहन तो किसी तरह गुजर रहे हैं, लेकिन बड़े और भारी वाहनों के लिए यह मार्ग पूरी तरह से जोखिमभरा बन गया है। यह मार्ग बुग्गावाला, रोशनाबाद, हरिद्वार, कलियर और आसपास के दर्जनों गांवों को जोड़ता है। ऐसे में स्कूली बसों और अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित प्रशासन को इस खस्ताहाल अप्रोच रोड की जानकारी दी, लेकिन अब तक किसी प्रकार की मरम्मत शुरू नहीं हो सकी है। इससे लोगों में रोष व्याप्त है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पुलिया की दोनों ओर की अप्रोच सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके और जनजीवन सामान्य हो सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्य शुरू नहीं हुआ तो मजबूरन उन्हें आंदोलन करना पड़ेगा।

# कंपनी कर्मचारी की मौत के बाद बुलेट चालक पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** सड़क दुर्घटना में कंपनी कर्मचारी की मौत के मामले में पुलिस ने बुलेट चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बुलेट नंबर के आधार पर पुलिस चालक की पहचान करने में लगी है। रुड़की कोतवाली को राकेश कुमार निवासी मुंडाखेड़ा कोतवाली लक्सर ने तहरीर देकर बताया था कि 11 जुलाई को शाम के वक्त पुत्र अंकुर सैनी (25) और नमन बाइक पर सवार होकर कांवड़ पटरी से गुजर रहे थे। पुत्र सुनहरा स्थित एक कंपनी में काम करता था। शाम के वक्त यूपी 11 नंबर के बुलेट चालक ने पुत्र की बाइक में टक्कर मार दी थी। जिसमें पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया था। लोगों की मदद से गंभीर अवस्था में पुत्र को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया था। जहां प्राथमिक उपचार के बाद पुत्र को देहरादून के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन गंभीर हालत के कारण पुत्र की 15 जुलाई को मौत हो गई थी। जिसके बाद पुत्र का शव घर लाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया था।

# 10 किलो गोमांस के साथ पुलिस ने दो महिलाओं को दबोचा, 3 फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए गोकशी के आरोप में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से 10 किलो गोमांस बरामद हुआ है।

जानकारी के अनुसार राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने के लिए सभी कोतवाली प्रभारीयो को निर्देशित किया था 22 जुलाई 2025 को चेकिंग के दौरान ग्राम लादपुर की दो महिलाओं को गोमांस गोकसी के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया जिसमें तीन व्यक्ति मौके से फरार हो गए। पूछताछ करने पर उन महिलाओं ने अपने नाम मोमिना पत्नी इरफान निवासी ग्राम लादपुर कला थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार कहां ताहमीना पत्नी इमरान उर्फ बादी निवासी ग्राम उपरोक्त बताए। वाछित फरार अभियुक्त के नाम इमरान पुत्रबाड़ी निवासी ग्राम लादपुर कला कोतवाली लक्सर फैजान पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम उपरोक्त शमशेर पुत्र कासिम निवासी ग्राम उपरोक्त बताए। मौके से 10 किलो गोमांस एवं गोकशी के उपकरण बरामद हुए।

उनको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हरीश गैरोला कांस्टेबल संदीप रावत अक्षय तोमर महिला कांस्टेबल रितु शर्मा शामिल रहे। पकड़ी गई दोनों महिलाओं के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर पकड़ी गई दोनों महिलाओं को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। फरार आरोपियों की धर पकड़ जारी है।

# आरएएफ जवान को बाइक ने मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** एक आरएएफ जवान को बाईक ने टक्कर मार कर घायल कर दिया।

जानकारी के अनुसार आरएएफ में तैनात जवान सुशील कुमार 22-23 की रात नगला इमरती के पास हाईवे पर अपनी टीम के साथ डयूटी कर रहा था। सुबह करीब सात बजे एक अज्ञात बाईक सवार तेज गति से आकर जवान को टक्कर मार दी जिसमें वह घायल हो गये। साथियों ने सुशील को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जिस बाबत थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी गयी।

# ई-रिक्शा चालक की मौत होने पर ट्रैक्टर चालक पर मुकदमा

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** सड़क दुर्घटना में ई रिक्शा चालक की मौत होने पर पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सहायक उप निरीक्षक बालम सिंह मुकदमे की जांच कर रहे हैं। रुड़की कोतवाली को शंकरपुरी निवासी अंकुश कुमार ने तहरीर देकर बताया कि पिता सतीश ई रिक्शा लेकर रविवार को रात के वक्त हरिद्वार रोड की ओर जा रहे थे। ई रिक्शा में मोनू, धर्मा व अन्य सवारियां भी बैठी थी। तभी मिट्टी के ट्रैक्टर ट्राली ने पिता की ई-रिक्शा में टक्कर मार दी थी। जिसमें पिता और एक सवारी भी गंभीर रूप से घायल हुई थी। घायलों को सरकारी अस्पताल भेजा गया था। जहां पिता की गंभीर हालत होने पर प्राथमिक उपचार के बाद पिता को सोमवार को देहरादून के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां पिता की मृत्यु हो गई थी। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर ट्राली को घटनास्थल पर छोड़कर चालक भी फरार हो गया था। पोस्टमार्टम के बाद घर लाकर पिता के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया था।

# मोहितपुर में विधायक ममता ने शिव मंदिर में कराया निर्माण कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर विधायक ममता राकेश ने शिवरात्रि के अवसर पर मोहितपुर गांव में शिव मंदिर में निर्माण कार्य करा कर उसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र वासियों को सावन शिवरात्रि की शुभकामनाएं दी।

जानकारी के अनुसार भगवानपुर विधायक ममता राकेश ने मोहितपुर गांव में शिव मंदिर में निर्माण कार्य करा कर उसका उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में भोले नाथ की कृपा बरसती है और भोले की सेवा करने से मनोकामना पूर्ण होती। सावन माह मे हिंदू समाज आदिकाल से भगवान शिव की



आराधना भक्ति के साथ सामाजिक समरसता के पर्व के रूप में करता आया है। एक नाम, एक नारा, एक वेशभूषा बम बम भोले के आह्वान के साथ निराकार ब्रह्म भगवान शिव को पवित्र गंगा जल अर्पित करके देश समाज व परिवार की समृद्धि की कामना की जाती है। उन्होंने कहा कि भगवानपुर विधानसभा क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के साथ कार्य कराए जा रहे हैं। इस दौरान सोनू, सुशील कुमार, अरविंद, विनोद सिंह,राजकुमार, पंकज कुमार, राजेन्द्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# कांवड़िए का ब्रेन डेड होने पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल कांवड़िए का ब्रेन डेड हो गया। पुलिस ने घायल कांवड़िए के पिता की तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रुड़की कोतवाली को विमल कुमार निवासी जेजे कॉलोनी सावदा घेवरा नागलोई दिल्ली ने तहरीर देकर बताया कि भतीजा अमन (18), शिवम और रविंद्र कुमार 15 जुलाई को बाइक पर सवार होकर गंगाजल लेने गए थे। 18 जुलाई को गंगाजल लेकर तीनों बाइक पर सवार होकर नगला इमरती बाईपास के पास पहुंचे थे। तभी हरियाणा ढाबे के पास रोड क्रॉस करते वक्त एक सफेद रंग की कार ने भतीजे की बाइक में टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसको एंबुलेंस से दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टर के मुताबिक भतीजे का ब्रेन डेड हो चुका है। इंस्पेक्टर मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगालकर कार और चालक की पहचान की जाएगी।

# महिला का बैग व मोबाइल लूटने वाले दो बदमाशों को ग्रामीणों ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर थाना क्षेत्र में एक स्कूटी सवार महिला का बैग व मोबाइल लूट कर फरार हुए दो बाइक सवार बदमाशों को ग्रामीणो ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर दोनो के खिलाफ मूकदमा दर्ज कर लिया है। भगवानपुर थाना क्षेत्र निवासी तेजपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ स्कूटी पर सवार होकर भगवानपुर से अपने घर इब्राहिमपुर जा रहा था। जैसे ही वह नागल गांव के पास पहुंचे तो पीछे से आ रहे दो बाईक सवार युवकों ने स्कूटी पर पीछे बैठी उसकी पत्नी से बेग छीन लिया। उसके बाद उसके हाथ से मोबाइल भी छीनने लगे तो वह नीचे गिर गए। दोनो बाईक सवार बेग लूट कर फरार हो गए। बेग में 15000 हजार रुपये की नगदी व कागजात थे। लोगो ने घेराबन्दी कर यूवको को पकड़ लिया।

## झबरेड़ा-गुरुकुल मार्ग पर रेलवे अंडरपास में

# बरसात का पानी भरने से आमजन बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे से कुछ ही आगे झबरेड़ा गुरुकुल मार्ग पर रेलवे लाइन अंडर पास में बरसात का पानी भर जाने से वहां से हजारों की संख्या में आने जाने वाले लोगों के जी का जंजाल बन गया है। रुड़की से झबरेड़ा होकर देवबंद जाने वाली रेलवे लाइन पिछले वर्ष बनकर पूरी तरह तैयार हो गई थी। कुछ महा पूव रेलवे लाइन का ट्रायल भी हो गया था। कस्बे से होकर निकलने वाली इस रेलवे लाइन पर जब काम चल रहा था उस समय कस्बे व क्षेत्र के लोगों को इससे कुछ लाभ मिलने की आशा हुआ करती थी। लेकिन अब रेलवे लाइन तैयार होने पर इसके नीचे जगह-जगह बने अंडरपास कस्बे के किसानों तथा यहां से जाने वाले प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोगों के सामने परेशानी का सबक बन गई है। कस्बा वह क्षेत्र वासियों राजवीर सिंह यशवीर सिंह डॉक्टर जोध सिंह चौधरी बिरम सिंह मुकेश कश्यप महावीर सिंह इंद्रेश मोती बालू अहमद सत्तर अहमद आदि का कहना है कि झबरेड़ा से आगे गुरुकुल मार्ग पर रेलवे अंडरपास के नीचे बरसात का पानी भरने से वहां से बाइक तथा कार आदि भी निकलना मुश्किल हो रही है। विभाग द्वारा इस पानी को निकालने के लिए कोई ठोस कदम उठाना



आवश्यक है। क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र जाति का कहना है कि जब यहां रेलवे लाइन बन रही थी उस समय भी उन्होंने इस अंडरपास के बराबर में सड़क मार्ग के लेवल के बराबर एक अंडर पास बनाने की मांग विभाग से की गई थी। इस अंडरपास के नीचे पानी भरने से अधिकतम मुश्किलें क्षेत्र वासियों को हो रही है उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री से मिलकर इस समस्या को हल करने का प्रयास करेंगे।

## कांवड़ यात्रा के दौरान मीट की दुकान बंद करवाने गई

# मित्र पुलिस पर हमला करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मीट की दुकान बंद करवाने गई पुलिस पर हमले का मामला सामने आया है हालांकि पुलिस अधिकारी है अभी इसकी पुष्टि नहीं कर रहे हैं और मामले में सीसीटीवी फुटेज चेक करने के बाद जांच करने की बात कह रहे हैं। वही इस घटना के बाद मौके पर भी लोगों की भीड़ जुटी रही।

कावड़ मेले के दौरान यात्रा रूट और कस्बे के अंदर मीट की दुकान बंद करने के आदेश प्रशासन द्वारा दिए गए थे। जिनकी समय सीमा शिवरात्रि तक थी लेकिन पुलिस को पता लगा कि मानक चौक स्थित एक धार्मिक स्थल के समीप मीट की दुकान खोली गई है इसके बाद पुलिस के कुछ कर्मचारी उक्त दुकानों को बंद करवाने गए। बताया गया है कि कुछ मीट व्यापारी पुलिस कर्मियों से उलझ गए और एक व्यक्ति द्वारा पुलिस से हाथापाई का भी प्रयास किया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बीचबचाव किया। वही पुलिसकर्मियों द्वारा सूचना अपने उच्च अधिकारियों को दी गई मौके पर पुलिस बल पहुंचता इससे पहले आरोपी फरार हो गए। अब पुलिस



की टीम आरोपियों की तलाश में जुटी है वही संबंध में कस्बा चौकी प्रभारी बलबीर सिंह का कहना है कि सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं अगर ऐसा हुआ है तो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

**गुरुवार, 24 जुलाई 2025**

# संसद में फिर गतिरोध

जैसीकि उम्मीद थी कि बुधवार को भी संसद के दोनों सदनों राज्यसभा व लोकसभा में कोई काम नहीं हो सका। सोमवार व मंगलवार की तरह ही विपक्षी दलों ने हंगामा किया। लोकसभा में पीठासीन अधिकारी कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने दो बार के स्थगन के बाद अपरान्ह दो बजे जैसे ही सदन की कार्रवाई शुरू की, विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोबीच आ गए। पीठासीन अधिकारी चाहते थे कि गोवा की जनजातियों से जुड़े मुद्दे पर चर्चा हो, लेकिन विपक्ष अपनी इसी बात पर अड़ा था कि बिहार में चुनाव आयोग की मतदाता सूची और ऑपरेशन सिंदूर पर पहले चर्चा हो। इसी को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। हंगामा बढ़ता देख श्री तेन्नेटी ने सदन की कार्रवाई दिनभर के लिए स्थगित कर दी। ऐसा ही नजारा राज्यसभा में भी देखने को मिला। वहां भी दो बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में विपक्ष नियम 267 के तहत कार्य स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा कराना चाहता था। 25 सदस्यों ने इस पर अपनी राय जाहिर कर मांग भी की थी। विपक्ष चाहता था कि सभी विधायी कामकाज रोककर बिहार चुनाव आयोग पुनरीक्षण पर चर्चा होनी चाहिए।

भाकपा महंगाई के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग कर रही थी। वहीं आप दिल्ली में झुग्गी झोपड़ी का मसला उठा रही थी। उस पर उप सभापति ने कहा कि ये सभी नोटिस अनुरूप में नहीं हैं और इसलिए इन्हें स्वीकार नहीं किया जा सकता। उनके इतना कहते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया और वहां भी दो बजे राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित हो गई। गुरुवार को संसद की कार्यवाही फिर से शुरू होगी, लेकिन उसमें स्थिति किसी तरह की बदलेगी ऐसा नहीं लगता, बल्कि लगता यह है कि संसद का पूरा मानसून सत्र ही हंगामे की नजर हो सकता है, क्योंकि न ही विपक्ष और न ही सत्ता पक्ष अपनी बातों से पीछे हटता दिखाई दे रहा है। सब अपना अड़ियल रुख दिखाते दिखाई दे रहे हैं। कई बार तो ऐसा लगता है कि जैसे किसी की भी इच्छा यह नहीं है कि संसद का सत्र सुचारू रूप से चले। संसद सत्र बुलाने से पूर्व जो सर्वदलीय बैठक हुई थी, वह बिल्कुल बेनतीजा होती दिखाई दे रही है। यह देखना भी कितना अजीब लगता है कि जब सर्वदलीय बैठक बुलाई जाती है तो तमाम राजनीतिक दल संसद की बैठकों के लिए अपना पूरा सहयोग देते दिखाई देते हैं।

सरकार भी विपक्ष की प्रशंसा करती है और अपनी तरफ से पूरा भरोसा विपक्ष को दिलाती है कि वह विपक्षी दलों को तमाम मुद्दों पर चर्चा कराने के लिए तैयार होगी, लेकिन जब सत्र शुरू होता है, तब नजारा दूसरा ही देखने को मिलता है। बात केवल चालू सत्र की नहीं बल्कि इसके पीछे अब संसद का पुराना अनुभव यही बताता है कि अब चर्चाओं में किसी की भी दिलचस्पी नहीं रह गई है। यह देखना भी दिलचस्प है कि संसद की कार्यवाही बाधित होने के लिए सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों ही एक-दूसरे को दोषी ठहराते हैं। यह बात अपनी जगह सही है कि दोनों ही पक्षों की जिम्मेदारी होती है कि संसद की कार्यवाही चलाने में वह पूरा सहयोग दें, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि इसमें सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है।

## सीजफायर कराना ट्रम्प का काम नहीं



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 25 बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष में सीजफायर कराया, वह कौन हैं, यह उनका काम नहीं है, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी तरह से चुप हैं, उन्होंने एक बार भी ट्रम्प के दावों का जवाब नहीं दिया, प्रधानमंत्री क्या बोलेंगे, कैसे बताएंगे कि ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ समझौता करवाया है, पूरी दुनिया जानती है कि ट्रम्प ने भारत और पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष में सीजफायर की घोषणा की थी। पीएम मोदी यह नहीं कह सकते, लेकिन यह सच है और पूरी दुनिया जानती है। जो लोग खुद को देशभक्त कहते हैं वे भाग गए हैं।

**-राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोकसभा**

# प्लास्टिक खाने वाले फफूंद की सच्चाई





**एम. इमरान**

विश्वभर में प्लास्टिक प्रदूषण एक विकराल समस्या बन चुका है। हर वर्ष करोड़ों टन प्लास्टिक हमारे समुद्रों, नदियों, जंगलों और यहां तक कि हमारे शरीर में सूक्ष्म कणों के रूप में जमा होता जा रहा है। प्लास्टिक की विशेषता यह है कि यह सैकड़ों वर्षों तक प्राकृतिक रूप से नष्ट नहीं होता, जिससे यह पर्यावरण और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा बन गया है। वैज्ञानिक वर्षों से इस समस्या का समाधान खोजने का प्रयास कर रहे हैं और इसी क्रम में हाल ही में सोशल मीडिया पर एक ऐसे फफूंद की वीडियो और खबरें वायरल हो रही हैं, जो प्लास्टिक को खा सकता है। मेरे कई सहयोगियों ने मुझे वह वीडियो भेजा और जानना चाहा कि क्या यह सच है।

दरअसल प्लास्टिक खाने वाले फफूंद की कहानी 2011 से शुरू होती है जब एल यूनिवर्सिटी के कुछ छात्रों ने इक्वाडोर के अमेजन वर्षावनों में एक खोजी अभियान के दौरान Pestalotiopsis microspora नामक एक विशेष प्रकार के फफूंद की पहचान की। (जबकि इस फंफूद की खोज वर्ष 1880 में कार्लो लुइगी द्वारा की जा चुकी थी)। वर्ष 2011 में यह खोज हुई कि यह फफूंद एकमात्र ऐसा जीव था जो बिना ऑक्सीजन के भी पॉलीयूरेथेन प्लास्टिक को अपना पोषण बना सकता था। यह खोज इतनी महत्वपूर्ण थी कि उसने वैज्ञानिकों का ध्यान आकर्षित किया और इस दिशा में गहन शोध शुरू हो गया।

फफूंद की यह क्षमता इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि प्लास्टिक मुख्यतः पॉलीमर से बना होता है, जो अत्यंत जटिल और टूटने में कठिन होता है, लेकिन यह फफूंद प्लास्टिक के पॉलीयूरेथेन यौगिकों को तोड़कर उन्हें सरल कार्बनिक यौगिकों में बदल सकता है, जिन्हें वह अपनी वृद्धि और जीवन चक्र को बनाए रखने के लिए उपयोग करता है। इससे यह संकेत मिला कि यदि इस जैविक प्रक्रिया को नियंत्रित और प्रबंधित किया जा सके, तो यह भविष्य में प्लास्टिक कचरे के निपटान का एक पर्यावरण-मित्र तरीका हो सकता है।

इस खोज के बाद अन्य वैज्ञानिकों ने भी प्लास्टिक खाने वाले और कई प्रकार के फफूंद और जीवाणु खोजे हैं। 2017 में जापानी वैज्ञानिकों ने Ideonella sakaiensis नामक बैक्टीरिया की पहचान की जो PET Polyethylene Terephthalate नामक प्लास्टिक को तोड़ने में सक्षम था। इसी तरह नीदरलैंड, भारत, चीन और अमेरिका के शोधकर्ताओं ने ऐसे कई अन्य सूक्ष्मजीवों की पहचान की है जो विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक को धीरे-धीरे पचाने की क्षमता रखते हैं।

फफूंद के जरिए प्लास्टिक को नष्ट करने के इस तरीके के अनेक लाभ हो सकते हैं। सबसे पहला और मुख्य लाभ यह है कि यह एक प्राकृतिक और जैविक प्रक्रिया है, जिससे हानिकारक गैसों या अवशेषों का उत्सर्जन नहीं होता। पारंपरिक तरीकों जैसे प्लास्टिक को जलाने से जहरीली गैसें वातावरण में फैलती हैं, जिससे वायु प्रदूषण और मानव स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है, लेकिन फफूंद की सहायता से यह प्रक्रिया स्वाभाविक ढंग से हो सकती है और प्रदूषण से भी बचा जा सकता है।

दूसरा लाभ यह है कि यह विधि सस्ती और टिकाऊ है। यदि यह तकनीक व्यापक स्तर पर लागू की जाती है, तो कचरा प्रबंधन की लागत में भारी कमी आ सकती है। विशेष रूप से विकासशील देशों में, जहां प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन एक बड़ी समस्या है, वहां यह तकनीक वरदान साबित हो सकती है। इसके अलावा, यह फफूंद नमी और अंधेरे में भी सक्रिय रहता है, जिससे इसे भूमिगत लैंडफिल क्षेत्रों में इस्तेमाल किया जा सकता है।

तीसरा बड़ा लाभ यह है कि यह विधि माइक्रोप्लास्टिक के खतरे को कम करने में भी उपयोगी हो सकती है। आजकल माइक्रोप्लास्टिक समुद्रों से लेकर पीने के पानी तक में पाए जा रहे हैं। यह मानव शरीर में प्रवेश करके कई बीमारियों का कारण बन सकते हैं। अगर यह फफूंद इन सूक्ष्म कणों को भी तोड़ सकती है, तो यह सार्वजनिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी क्रांतिकारी कदम हो सकता है।

हालांकि, जहां इस तकनीक के अनेक लाभ हैं, वहीं इसके कुछ नुकसान और चुनौतियां भी हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सबसे पहली चुनौती यह है कि यह प्रक्रिया अत्यंत धीमी है। प्राकृतिक रूप से फफूंद द्वारा प्लास्टिक को पूरी तरह नष्ट करने में महीनों या वर्षों तक लग सकते हैं। इस वजह से यह बड़े पैमाने पर तत्काल समाधान नहीं हो सकता।

दूसरी चुनौती यह है कि सभी प्रकार के प्लास्टिक को यह फफूंद समान रूप से नहीं तोड़ सकता। जैसे पॉलीयूरेथेन को Pestalotiopsis microspora द्वारा तोड़ा जा सकता है, लेकिन अन्य प्रकार के प्लास्टिक जैसे PVC, HDPE, LDPE को नष्ट करने के लिए अलग-अलग प्रकार के सूक्ष्मजीवों की आवश्यकता होती है। इससे इस तकनीक को व्यावसायिक स्तर पर लागू करना जटिल हो जाता है।

तीसरी चुनौती यह है कि इन फफूंदों को नियंत्रित वातावरण में पनपाना और उनकी वृद्धि को बनाए रखना आसान नहीं है। अगर इसे खुले में उपयोग किया जाए, तो अन्य जीवों या पर्यावरणीय परिस्थितियों से यह प्रभावित हो सकता है। साथ ही, अगर ऐसे फफूंद अनियंत्रित रूप से फैलने लगें, तो यह अन्य जैविक तंत्रों को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण विचार यह भी है कि इन फफूंदों से प्लास्टिक का जो अपघटन होता है, उसके उप-उत्पाद क्या होते हैं और वे पर्यावरण के लिए कितने सुरक्षित हैं। यदि ये उप-उत्पाद विषैले या हानिकारक हों, तो यह तकनीक समस्या का समाधान करने की बजाय नई समस्याएं खड़ी कर सकती है। इसलिए इसके दीर्घकालिक प्रभावों का परीक्षण और मूल्यांकन आवश्यक है। फिर भी, यह कहा जा सकता है कि फफूंद आधारित प्लास्टिक अपघटन की तकनीक एक नवाचार है जिसकी संभावनाएं अत्यंत व्यापक हैं। यदि इस क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाए और अधिक प्रभावी एवं तेजी से कार्य करने वाले सूक्ष्मजीव विकसित किए जाएं, तो यह तकनीक भविष्य में प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने का सबसे प्रभावी हथियार बन सकती है। कुछ देशों ने पहले ही इस दिशा में प्रयोग शुरू कर दिए हैं। उदाहरण के लिए नीदरलैंड और जर्मनी में कुछ प्रयोगशालाओं में जैव-रिएक्टर तैयार किए जा रहे हैं जहां इन फफूंदों को नियंत्रित रूप से प्लास्टिक अपशिष्ट में मिलाकर उनका निष्कासन किया जा रहा है। भारत में भी कुछ निजी स्टार्टअप कंपनियां और IIT संस्थान इस तकनीक पर अनुसंधान कर रहे हैं और जल्द ही इसके प्रारंभिक मॉडल सार्वजनिक किए जा सकते हैं।

भविष्य में यह संभव है कि लैंडफिल साइट्स पर फफूंद आधारित अपघटन संयंत्र लगाए जाएंगे, जहां प्लास्टिक कचरे को संग्रह करके जैविक रूप से नष्ट किया जाएगा। इसके साथ ही, फफूंद को भोजन का माध्यम बनाकर इससे जैव ईंधन, खाद या अन्य उपयोगी उत्पाद भी तैयार किए जा सकते हैं। कुछ वैज्ञानिक तो यह भी मानते हैं कि यदि जेनेटिक इंजीनियरिंग के माध्यम से इन फफूंदों को अधिक प्रभावशाली बनाया जाए, तो यह कई प्रकार के औद्योगिक अपशिष्टों को भी नष्ट करने में सक्षम हो सकते हैं। हालांकि इस तकनीक के नैतिक और पर्यावरणीय पक्षों पर भी विचार आवश्यक है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह फफूंद प्रकृति में अनियंत्रित होकर पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान न पहुंचाएं। साथ ही, जैविक विविधता की रक्षा करना भी अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी नई तकनीक के कारण मौजूदा संतुलन न बिगड़ जाए। यह मानव जाति को उसके द्वारा बनाए गए सबसे जटिल प्रदूषण प्लास्टिक से छुटकारा दिलाने की एक आशा की किरण है। इसके हर पहलू का गहन परीक्षण करें और फिर इसे धरातल पर उतारें। जब तक यह तकनीक पूर्ण रूप से व्यावसायिक रूप से सक्षम नहीं हो जाती, तब तक हमें अपने जीवनशैली में बदलाव लाकर प्लास्टिक का प्रयोग कम करना ही सबसे व्यावहारिक उपाय है। पुनः प्रयोग, पुनः उपयोग और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। साथ ही, सरकारों, उद्योगों और आम जनता को मिलकर इस दिशा में कार्य करना होगा ताकि हम आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ पृथ्वी सौंप सकें।

अंत में यह कहा जा सकता है कि प्लास्टिक खाने वाले फफूंद की खोज नई नहीं है इस पर वर्षों से शोध हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर इस तरह के वीडियो भ्रमित करने वाले हैं जिसमें कहा जा रहा है कि अब दुनिया से सारे प्लास्टिक कचरे का निपटारा हो जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बिहार चुनाव अपराध और राजनीति

**चुनावी वातावरण के बीच बिहार में भारतीय जनता पार्टी के और भी कई नेताओं पर आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप लगे हैं। मिसाल के तौर पर आरा में भाजपा नेता बबलू सिंह ने कार में रगड़ लगने जैसी मामूली घटना के बाद दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। जंगल राज का इससे बड़ा सुबूत और क्या हो सकता है ? इसी तरह एक अन्य मामले में, भाजपा नेता आलोक कुमार चौहान पर शराब तस्करों को छुड़ाने के लिए 150 लोगों के साथ थाने पर हमला करने, थानाध्यक्ष को पीटने और उनकी वर्दी फाड़ने का आरोप लगा। उधर कुछ दिन पूर्व बिहार सरकार में मंत्री और पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणू देवी के भाई पर जमीन हड़पने, अपहरण, हत्या और रंगदारी जैसे संगीन मामलों में शामिल होने का आरोप लगा। एक घटना में मंत्री रेणू देवी के भाई पर बेतिया में एक व्यक्ति का अपहरण कर होटल में ले जाकर मारपीट करने जैसा गंभीर आरोप लगा।**



**निर्मल रानी**

बिहार में नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल 22 नवंबर 2025 को समाप्त हो रहा है। उम्मीद की जा रही है कि चुनाव आयोग बिहार विधानसभा की सभी 243 सीटों के लिए इसी वर्ष (2025) के अंत तक यानी अक्टूबर और नवंबर में चुनाव करा सकता है। आगामी चुनावों के मद्देनजर राज्य में चुनावी सरगर्मियां काफी तेज हो गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या कांग्रेस नेता राहुल गांधी या अन्य दलों के शीर्ष नेता सभी चुनावी माहौल को अपने पक्ष में करने की जी तोड़ कोशिश में लग चुके हैं।


जब भी बिहार का चुनाव करीब आता है मीडिया में गुंडाराज और जंगल राज जैसे शब्द सुनाई देने लगते हैं। चाहे वह वर्तमान भाजपा-जे डी यू सरकार के लोगों द्वारा एक दशक से भी पहले के लालू यादव राज को याद कर उसे गुंडा राज सम्बोधित कर मतदाताओं में दहशत फैलाने की गरज से की जाने वाली चर्चा हो या फिर विपक्ष द्वारा नीतीश सरकार के शासन में बेखौफ अपराधियों द्वारा अंजाम दी जाने वाली दुस्साहसिक अपराधी घटनाओं के हवाले से सत्ता पर गुंडाराज को संरक्षण देने की बात हो परन्तु बिहार चुनावों में गुंडाराज की चर्चा छिड़ना लगभग स्वाभाविक सा हो गया है। हालांकि देश के कई अन्य राज्यों में भी अपराध और राजनीति का गहरा सम्बन्ध है। परन्तु बिहार में घटने वाली कुछ आपराधिक घटनाएं ऐसी होती हैं जो पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचती है। उदाहरण स्वरूप बिहार की राजधानी पटना में 17 जुलाई 2025 की उस सनसनीखेज घटना को ही देख लीजिए जबकि पांच सशस्त्र अपराधियों द्वारा पारस HMRI अस्पताल के आई सी यू में घुसकर चंदन मिश्रा नाम के गैंगस्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना सुबह करीब 7:15 बजे पुलिस मुख्यालय से मात्र दो किलोमीटर दूर हुई। इस घटना के बाद बिहार की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठना स्वाभाविक था।

जिस दुस्साहसिक अंदाज में पांच हमलावर, बिना चेहरा ढके हुए , बेखौफ अंदाज में अस्पताल की दूसरी मंजिल पर पहुंचे और केवल चंद सेकंड में इस हत्या को अंजाम देकर बड़ी ही आसानी से अस्पताल से बाहर चले गए इससे राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी था। कांग्रेस ने नीतीश सरकार पर कानून-व्यवस्था को नियंत्रित करने में विफल रहने का आरोप लगाया तो राजद ने हमलावरों को सरकारी अपराधी करार देते हुए कहा कि बिहार में जंगलराज की वापसी हो रही है। कई नेताओं ने इस घटना को नीतीश कुमार सरकार की नाकामी का सबूत बताया। ऐसी घटनाएं बिहार में अपराधियों के बढ़ते हौसले के साथ साथ अस्पतालों की सुरक्षा और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाती हैं। आश्चर्य की बात तो यह कि इस शूट आउट से केवल एक दिन पहले यानी 16 जुलाई 2025 को ही बिहार पुलिस ने यह दावा किया था कि संगठित अपराध और पेशेवर शूटरों पर शिकंजा कसा जा रहा है, परन्तु इस घटना ने तो पुलिस के दावों की पोल ही खोल कर रख दी। उसी दिन यानी 17 जुलाई को ही पटना में एक और हत्या की घटना पेश आई। इस घटना में दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में 20 वर्षीय युवक शिवम उर्फ बंटी नामक युवक की अपराधियों द्वारा तेज धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। इसी तरह 21 जुलाई 2025 को आदित्य कुमार नामक एक युवक की दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के सदावह गांव में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की गई।

इन्हीं चुनावी माहौल के बीच एक और अप्रत्याशित खबर ने राज्य में धमाका कर दिया है। बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश मिश्रा सहित 9 लोगों को राजस्थान की राजसमंद कोर्ट ने 4 जून 2025 को 15 साल पुराने यानी 2010 के एक नकली दवा मामले में दोषी ठहराया है। खबरों के अनुसार जीवेश मिश्रा पहले दवा कारोबार से जुड़े थे और दिल्ली की आल्टो हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक थे। इस मामले ने बिहार की राजनीति में हलचल मचा दी है, और विपक्षी दलों, विशेष रूप से कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने उनके इस्तीफे की मांग तेज कर दी है। विपक्ष का कहना है कि कि जीवेश मिश्रा को दोषी ठहराए जाने के बावजूद नीतीश कुमार की सरकार और बीजेपी उन्हें संरक्षण दे रही है। कोई जीवेश मिश्रा को मौत का सौदागर कह रहा है तो कोई उन्हें नकली दवा माफिया करार देकर उसे बर्खास्त करने की मांग कर रहा है। इस मामले में 1 से 3 साल तक की सजा और 20,000 रुपए तक का जुर्माना हो सकता था परन्तु जीवेश मिश्रा को केवल जुर्माना देकर छोड़ दिया गया। आखिर ऐसा क्यों?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ऑनलाइन आलोचना से स्वास्थ्य एजेंसियों पर घटता विश्वास



डिजिटल दौर में जन स्वास्थ्य एजेंसियों के सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। उन्हें अब सिर्फ बीमारियों के प्रसार से ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक जानकारियों और व्यक्तिगत हमलों से भी निपटना पड़ रहा है। एक हालिया अध्ययन बताता है कि यूएस के सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन जैसी स्वास्थ्य संस्थाओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई नकारात्मक टिप्पणियां लोगों के भरोसे को तोड़ रही हैं, उनमें गुस्सा बढ़ा रही हैं।


हाल ही में CDC ने टेक्सास और न्यू मेक्सिको में खसरे के प्रकोप को लेकर एक चेतावनी ट्विट की थी, जिसमें यात्रियों को टीका लगवाने की सलाह दी गई थी। कुछ लोगों ने इसका समर्थन किया, लेकिन कई लोगों ने इस पर शक जताया, साजिश के आरोप लगाए और यहां तक कि आपराधिक व्यवहार का इल्जाम तक लगाया। ऐसी तीखी प्रतिक्रियाएं अब आम हो रही हैं। इसका असर समझने के लिए स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने 6800 अमेरिकियों पर अध्ययन किया। प्रतिभागियों को एक काल्पनिक सोशल मीडिया पोस्ट दिखाई, जिसमें CDC जैसी संस्था ने एक दुविधामई स्वास्थ्य सलाह दी थी, जैसे सबको स्लीप एप्निया की जांच करवाने की सलाह। इसके बाद उन्हें आलोचनात्मक टिप्पणियां दिखाई, जो असली ऑनलाइन टिप्पणियों की तरह बनाई गई थीं। इन आलोचनात्मक टिप्पणियों की प्रकृति अलग-अलग थी। कुछ में सलाह से सिर्फ असहमति जताई थी, तो कुछ में संस्था की क्षमता पर या ईमानदारी पर सवाल उठाया था, जैसे राजनीतिक हित या छुपे हुए इरादे होना।

अध्ययन के नतीजे चौंकाने वाले थे। महज एक नकारात्मक टिप्पणी - भले ही हल्की-फुल्की ही क्यों न हो - भी लोगों का भरोसा कम कर देती है, लेकिन सबसे ज्यादा नुकसान वे टिप्पणियां करती हैं जो संस्था की सच्चाई और नैतिकता पर हमला करती हैं। ऐसी टिप्पणियां न सिर्फ भरोसा घटाती हैं, बल्कि लोगों में गुस्सा पैदा करती हैं और उन्हें उसे साझा करने, भावनात्मक प्रतिक्रिया देने या जवाब देने के लिए उकसाती हैं। दिलचस्प बात यह रही कि यह असर राजनीतिक सोच पर निर्भर नहीं था। चाहे व्यक्ति रिपब्लिकन हो या डेमोक्रेट, संस्था की ईमानदारी पर हमला देखकर दोनों ने समान प्रतिक्रिया दी। इससे पता चलता है कि भरोसे में कमी सिर्फ राजनीति का मसला नहीं, बल्कि इंसानों की सामान्य प्रवृत्ति है। यह अध्ययन दर्शाता है कि हर तरह की आलोचना का असर एक जैसा नहीं होता - किस तरह की आलोचना की जाती है, इससे बहुत फर्क पड़ता है।

हालांकि, राजनीतिक विश्लेषक जेम्स ड्रकमैन का कहना है कि गुस्से जैसी भावनाओं को सर्वेक्षण के जरिए मापना मुश्किल है, जो बात एक व्यक्ति को गुस्से जैसी लगे, वह दूसरे को चिंता जैसी लग सकती है। फिर भी, इस अध्ययन में जो पैटर्न सामने आया है, वह चिंता की बात है। स्वास्थ्य एजेंसी की तरफ से सफाई देने पर भी लोगों का भरोसा पहले जैसा नहीं लौटा। शोधकर्ता एवं मनोरोग विशेषज्ञ जोनाथन ली का मानना है कि इसका एक कारण यह हो सकता है कि लोग तुरंत सही बात सुनने के लिए तैयार नहीं होते - उन्हें पहले थोड़ा शांत होने के लिए समय की जरूरत होती है। इस अध्ययन से यह बात साफ होती है कि पारदर्शिता यानी ईमानदारी बहुत जरूरी है। सलाह है कि स्वास्थ्य एजेंसियों को यह स्वीकार करने में हिचकना नहीं चाहिए कि उन्हें हर सवाल का जवाब नहीं पता। खासकर महामारी जैसी तेजी से बदलती परिस्थितियों में यह ईमानदारी भरोसा बढ़ा सकती है।

**स्रोत फीचर्स**

## लिवर डैमेज होने पर शरीर में नजर आते हैं ये लक्षण



हमारे शरीर में जब भी किसी तरह की गड़बड़ी की शुरुआत होती है, तो कोई भी अंग ठीक से काम नहीं करता है। या फिर किसी भी न्यूट्रिशन और विटामिन की कमी होने लगती है, तो शरीर में इसके संकेत साफ नजर आते हैं। हालांकि अगर इन संकेतों को शुरुआत में ही समझ लिया जाए, तो आने वाले समय में बड़ी मुश्किल से बचा जा सकता है। पेट में गैस बनना, पाचन का कमजोर होना या ब्लोटिंग महसूस होना, नींद आने में मुश्किल, हमेशा कमजोरी, भूख न लगना, हाथ-पैरों में दर्द रहना या थकान महसूस होना आदि ऐसे लक्षण हैं, जिन पर आपको समय रहते ध्यान देना चाहिए। अगर आपके साथ भी ऐसा लगता है आपको भूख नहीं लगती है और खाना सामने आने पर खाने का मन नहीं करता है, तो यह लिवर की बीमारी का संकेत होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

**लिवर की समस्या-** आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी और अनहेल्दी खानपान की वजह से कई लोग पेट और लिवर से जुड़ी समस्याओं से परेशान रहते हैं। अगर आपको लंबे समय से भूख नहीं लग रही है या फिर कुछ भी खाने का मन नहीं करता है। तो इसको हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह लिवर की किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है। लिवर हमारे शरीर का पावर हाउस है और यह डाइजेशन को सही तरह से चलाने, शरीर में एनर्जी बनाए रखने और शरीर को डिटॉक्स करने का काम करता है। जब हमारा लिवर संक्रमित या कमजोर हो जाता है। तो मतली आने, पेट में सूजन, भूख कम लगने या पेट के दाहिने ऊपरी हिस्से में दर्द जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। फैटी लिवर, सिरोसिस, हेपेटाइटिस या लिवर इंफेक्शन जैसी बीमारियां आदि भूख न लगने की मुख्य वजह बन सकती हैं। अगर लंबे समय तक ऐसा रहता है, तो आपको फौरन डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है। शुरूआती जांच में अल्ट्रासाउंड और लिवर फंक्शन टेस्ट करवाएं।

हेल्दी लिवर के लिए रेगुलर एक्सरसाइज और बैलेंस आहार लेना चाहिए। साथ ही एल्कोहल या जंक फूड से दूरी बनाए रखना चाहिए। समय पर इलाज और लाइफस्टाइल में बदलाव से लिवर की बीमारियों से बचाव संभव है। इनके लक्षणों को रिवर्स करने में भी सहायता मिल सकती है। एक्सपर्ट की मानें, तो अगर आपको भूख नहीं लग रही है, खाना खाकर उल्टी महसूस होती है या फिर बार-बार खाने से मन हट रहा है। तो इसको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह लिवर की बीमारी का संकेत हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में बारिश के चलते 13 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बारिश से संबंधित हादसों में पिछले 48 घंटों में नौ बच्चों सहित कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हुए हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने बुधवार को यह जानकारी दी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के कई हिस्सों में भीषण बारिश हो रही है और मौसम वैज्ञानिकों ने कई शहरों के लिए शहरी बाढ़ की चेतावनी जारी की है। एनडीएमए ने बताया है कि जून के अंत से मानसून की बारिश से संबंधित घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 234 हो गई है।

### सीरिया पर प्रतिबंधों को लेकर तुर्की में वार्ता

**अंकारा।** तुर्की में अमेरिका के वित्त विभाग का एक प्रतिनिधिमंडल तुर्की, सीरिया और इराक के अधिकारियों के साथ सीरिया पर लगे प्रतिबंधों को हटाने के मुद्दे पर बातचीत कर रहा है। इस बातचीत में धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने में दमिश्क का समर्थन करने के लिए अमेरिका की तत्परता पर ज़ोर दिया गया है।तुर्की के इस्तांबुल स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी।

### ज़ेलेंस्की को अपने गुट की जांच का डर: रिपोर्ट

**मॉस्को।** यूक्रेन ने देश में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए बनी संस्थाओं की शक्तियों में कटौती कर दी है। सरकार के इस कदम को कठोर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा कहा जा रहा है कि यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के भ्रष्टाचार विरोधी निकायों पर प्रतिबंध लगाने वाले कानूनों को जल्दबाजी में बनाने का कारण संभवत: यह है कि यूक्रेन का राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, उनके करीबी लोगों के खिलाफ जांच शुरू कर चुका है। द इकोनॉमिस्ट पत्रिका ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है।

### 5 साल बाद फिर शुरू होगी दोनों देशों के बीच वीजा व्यवस्था

# चीन के साथ रिश्तों में आई गरमाहट

## आज से आवेदन प्रक्रिया होगी शुरू, गलवान संघर्ष के बाद से बंद थी सर्विस, दूतावास ने की पुष्टि

**नई दिल्ली/बीजिंग।** भारत सरकार अब चीनी पर्यटकों को फिर से वीजा देने जा रही है। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक भारत पांच साल बाद ये सेवा फिर से शुरू करेगा। कोरोना काल के बाद यह सर्विस बंद हो गई थी। इसके बाद जून 2020 में हुए गलवान संघर्ष ने दोनों देशों के रिश्तों को और खराब कर दिया था। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की है। दूतावास ने बताया कि यह प्रक्रिया 24 जुलाई 2025 से शुरू होगी। इस जानकारी को चीन की सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने भी प्रकाशित किया है, जिसमें कहा गया है कि भारतीय दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म वीबो पर इस संबंध में जानकारी साझा की है।



भारतीय दूतावास ने कहा है कि चीन के लोग अब भारत घूमने के लिए वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें सबसे पहले ऑनलाइन आवेदन फार्म भरना होगा। फिर वेबसाइट पर जाकर अपाइंटमेंट लेना होगा। इसके बाद उन्हें अपने पासपोर्ट और जरूरी दस्तावेज लेकर वीजा केंद्र जाना होगा।

- इस जानकारी को चीन की सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने भी प्रकाशित किया
- चीन के लोग अब भारत घूमने के लिए वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं

ये वीजा केंद्र बीजिंग, शंघाई और ग्वांगझू जैसे शहरों में हैं, जो दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत में आते हैं। वहां जाकर वे अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। गौरतलब है कि भारत ने 2020 में कोविड-19 महामारी के चलते सभी पर्यटक वीजा को निलंबित कर दिया था। इसके बाद भारत-चीन के बीच जून 2020 में गलवान संघर्ष हुआ था। इससे दोनों देशों के संबंध खराब हो गए थे। अप्रैल 2022 में अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) ने कहा था कि चीनी नागरिकों के सभी पर्यटक वीजा अब वैलिड नहीं हैं। दरअसल, चीन ने तब 22000 भारतीय छात्रों के फिर से चीन जाने की अनुमति नहीं दी थी। इसके बाद भारत ने 'जैसे को तैसा' की तरह जवाब देते हुए चीनी नागरिकों का टूरिस्ट वीजा अमान्य कर दिया था। जून 2022 में चीन ने अपनी वीजा नीतियों में ढील दी थी और भारतीय नागरिकों को पर्यटक वीजा के लिए आवेदन करने की अनुमति दी, जो आमतौर पर 90 दिनों की वैधता के साथ 30 दिनों तक ठहरने की अनुमति देता है। इसके अलावा चीन ने भारतीय पेशेवरों उनके परिवारों और अन्य विंदेशी नागरिकों के लिए भी वीजा आवेदन फिर से शुरू किए, जो चीन में काम या परिवार से मिलने के लिए जाना चाहते थे। इस नीति के तहत भारतीय नागरिक जो चीन में कार्यरत थे या जिनके परिवार वहां थे, वे वीजा के लिए आवेदन कर सकते थे।

### भारत न होता, तो हमारी इकोनॉमी बर्बाद हो जाती

**माले।** मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने कहा है कि अगर भारत नहीं होता, तो हमारी इकोनामी बर्बाद हो जाती। नशीद ने कहा कि कि उनके देश की आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो गई थी कि अगर भारत ने समय पर मदद न की होती, तो मालदीव दिवालिया (डिफाल्ट) हो गया होता। 2022-23 में पर्यटन ठप होने से मालदीव गहरे आर्थिक संकट में चला गया था। उस पर विंदेशी कर्ज बढ़ गया था और डालर की भारी कमी थी। भारत ने अनाज-ईंधन सप्लाई और क्रेडिट लाइन देकर मालदीव को डिफाल्ट होने से बचाया था। नशीद का यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मालदीव दौरे के ठीक पहले आया है। पीएम मोदी 25 और 26 जुलाई को मालदीव के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि को तौर पर शामिल होंगे। नशीद ने कहा कि मालदीव की विंदेश नीति हमेशा इंडिया फर्स्ट की रही है।

# बिना वीजा 59 देशों की यात्रा कर सकते हैं भारतीय

## भारत ने पासपोर्ट रैंकिंग में 77वां स्थान हासिल किया

**नई दिल्ली।** भारतीय अब बिना वीजा के 59 देशों की यात्रा कर सकते हैं। ये जानकारी हेनली पासपोर्ट इंडेक्स में सामने आई। भारत ने वैश्विक पासपोर्ट रैंकिंग में 77वां स्थान हासिल किया है। भारत की रैंकिंग में ये बदलाव पिछले 6 महीनों में आया है।

यह रैंकिंग दुनिया भर के पासपोर्ट को उनके वीजा-फ्री यात्रा की संख्या के आधार पर तय की जाती है। दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट के मामले में सिंगापुर शीर्ष पर है। सिंगापुर का पासपोर्ट 193 देशों में वीजा-मुक्त यात्रा की सुविधा देता है। 190 देशों के साथ जापान और साउथ कोरिया दूसरे स्थान पर हैं। तीसरे स्थान पर डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, इटली और स्पेन संयुक्त रूप से हैं, जिनके नागरिक 189 देशों में वीजा-मुक्त यात्रा कर सकते हैं।

- सिंगापुर पहले स्थान पर, पाक 96वें स्थान पर, अफगानिस्तान सबसे नीचे

सिंगापुर हेनली पासपोर्ट इंडेक्स में पहले स्थान पर है। इसके पासपोर्ट पर 193 देशों में वीजा-फ्री यात्रा कर सकते हैं। 2025 की रैंकिंग में भारतीय पासपोर्ट ने लगातार दूसरी बार सुधार दर्ज किया है। पिछले साल भारत 85वें स्थान पर था, और इस बार 8 पायदान ऊपर चढ़कर 77वें स्थान पर पहुंचा है। हालांकि, वीजा-मुक्त यात्रा की संख्या में कमी आई है। 2024 में भारतीय पासपोर्ट धारक 62 देशों में बिना वीजा यात्रा कर सकते थे, जबकि इस साल यह संख्या 59 है। फिर भी, रैंकिंग में सुधार का कारण दूसरे देशों के पासपोर्ट के तुलना में बेहतर प्रदर्शन है।



मुंबई। वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर बारिश के कारण जाम में फंसे वाहन।

### गाजा में राहत सामग्री वाले ट्रकों के फंसे होने पर इजरायल ने जताई हैरानी

**यरुशलम।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशानी ने गाजा में राहत सामग्री के वितरण में आ रही दिक्कतों पर हैरानी जताई है। शोशानी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें दिखाया गया कि 950 ट्रक गाज़ा की क्रॉसिंग पर फंसे हुए हैं। उन्होंने लिखा कि यह तब हुआ जब इजरायल ने सहायता पहुंचाने में मदद की। इतनी सहायता सामग्री क्यों अटकी हुई है? गौरतलब है कि 100 से ज़्यादा गैर सरकार संगठनों (एनजीओ) ने कहा है कि गाजा में रोजाना औसतन 28 ट्रकों के जरिये सहायता सामग्री वितरित की जा रही है। संयुक्त राष्ट्र ने कई बार कहा है कि उसे क्रॉसिंग पॉइंट्स के अंदर से गाज़ा के चालकों के साथ आने वाली आपूर्ति को इकट्ठा करने और सैन्य क्षेत्रों से होकर ले जाने के लिए आवश्यक इज़राईली अनुमति प्राप्त करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### ट्रम्प ने की जापान के साथ व्यापार समझौते की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जापान के साथ एक बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौते की घोषणा की है। ट्रम्प ने कल रात ट्रुथ सोशल पर कहा कि हमने जापान के साथ एक बड़ा समझौता पूरा किया है, शायद अब तक का सबसे बड़ा समझौता। इस समझौते के तहत अमेरिकी आयातक देश को निर्यात किए जाने वाले जापानी सामानों पर 15 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क का भुगतान करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि जापान अमेरिका में 550 अरब डॉलर का निवेश भी करेगा। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका को 'मुनाफे का 90 प्रतिशत' मिलेगा, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि ये निवेश कैसे काम करेंगे या मुनाफे की गणना कैसे की जाएगी।

# ट्रम्प ने 25वीं बार दोहराया भारत-पाक युद्ध मेरे कहने पर रुका

## बोले: भारत-पाकिस्तान संघर्ष में 5 फाइटर जेट्स गिरे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर से भारत-पाकिस्तान के बीच जंग में 5 फाइटर जेट्स के गिरने का दावा किया है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव बहुत ज्यादा बढ़ गया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि संघर्ष के बीच उन्होंने हस्तक्षेप किया और इसे रोकने में कामयाब हुए। ट्रम्प ने कहा कि उस समय दोनों देशों के बीच संघर्ष गंभीर हो गया था, 5 फाइटर जेट्स गिराए जा चुके थे। किसी भी वक्त परमाणु हथियारों का इस्तेमाल हो सकता था। गौरतलब है भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई को सीजफायर हुआ था। तब पहली बार ट्रम्प ने सीजफायर कराने का दावा किया था। बीते 73 दिनों में वे 25 बार जंग खत्म करने का दावा कर चुके हैं। इससे पहले ट्रम्प ने 19 जुलाई को 5 जेट गिरने का दावा किया था। तब भी उन्होंने यह साफ नहीं किया कि ये विमान किस देश के गिरे थे।



- दोनों देशों के बीच सीजफायर कराया, 73 दिन में 25वीं बार क्रेडिट लिया

दूसरी बार कहा: भारत-पाक संघर्ष में 5 विमान गिरे ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों के नेताओं को फोन किया और चेतावनी दी कि अगर लड़ाई नहीं रुकी तो अमेरिका व्यापार रोक देगा। वे दोनों देश परमाणु हथियार रखते हैं। कौन जानता है कि इसका अंजाम क्या होता, लेकिन उन्होंने इसे रोक दिया। ट्रम्प ने यह भी बताया कि यह बातचीत एक बार नहीं, बल्कि कई बार हुई।

यह पहली बार नहीं है जब ट्रम्प ने इस तरह का दावा किया है। इससे पहले भी उन्होंने शुक्रवार को कहा था कि भारत के आपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया था। इसी महीने व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन नेताओं के साथ एक निजी डिनर के दौरान ट्रम्प ने फिर दोहराया था कि भारत और पाकिस्तान एक-दूसरे पर हमला कर रहे थे और चार या पांच विमान हवा में ही गिरा दिए गए थे। उन्होंने कहा विमानों को हवा में ही मार गिराया जा रहा था। 5, 5, 4 या 5, लेकिन मुझे लगता है कि असल में 5 विमान मार गिराए गए थे।

# पृथ्वी की गति तेज, दिन हुए छोटे, वैज्ञानिक हैरान

**कैलिफ़ोर्निया।** इस साल गर्मी के मौसम में पृथ्वी की गति तेज़ होने के कारण दिन थोड़े छोटे हो गए हैं, जिसने वैज्ञानिकों को समय की गणना पर खासा ध्यान देना पड़ा है। इंटरनेशनल अर्थ रोटेशन एंड रेफरेंस सिस्टम्स सर्विस और अमेरिका नौसेना वेधशाला के आंकड़ों से पता चला है कि गत 10 जुलाई अब तक का सबसे छोटा दिन था, जो 24 घंटे से 1.36 मिलीसेकंड कम दर्ज किया गया।

एक चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि 22 जुलाई को दिन 24 घंटे से 1.34 मिलीसेकंड छोटा रहा। यही नहीं अनुमान है कि आगामी पांच अगस्त का दिन भी 24 घंटे से 1.25 मिलीसेकंड कम हो सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार एक दिन की लंबाई वह समय है जो धरती अपनी धुरी पर एक पूरा चक्कर काटने में लेती है।

यह औसतन 24 घंटे या 86400 सेकंड होता है, लेकिन वास्तव में, चंद्रमा का गुरुत्वाकर्षण बल, धरती पर मौसमी बदलाव और पृथ्वी के आंतरिक कोर के असर जैसी चीजों के चलते धरती का घूमना थोड़ा आगे पीछे हो जाता है। इसका असर यह पड़ता है कि एक पूरा चक्कर आमतौर पर 86,400 सेकंड से थोड़ा कम या अधिक समय लगता है-यह अंतर केवल मिलीसेकंड का है जिसका रोजमर्रा के जीवन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

- एक चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि 22 जुलाई को दिन 24 घंटे से 1.34 मिलीसेकंड छोटा रहा



ये अंतर लंबे समय में कंप्यूटर, उपग्रह और दूरसंचार पर असर डाल सकते हैं, यही कारण है कि 1955 में शुरू की गई परमाणु घड़ियों का उपयोग कर समय के सबसे छोटे बदलाव को भी दर्ज कर लिया जाता है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इससे वाई2के समस्या जैसी बात सामने आ सकती है, जिससे कभी कम्प्यूटर प्रणाली को ही ठप कर देने का खतरा पैदा कर दिया था। परमाणु घड़ियां एक निर्वात कक्ष में रखे परमाणुओं के दोलनों की गणना करके 24 घंटों की गणना अत्यंत सटीकता से करती हैं। ये समय-निर्धारण के लिए वैश्विक मानक है, साथ ही यह वह समय भी है जिस पर हमारे सभी फ़ोन और कंप्यूटर सेट होते हैं।

पिछले साल, 05 जुलाई को पृथ्वी ने अब तक का सबसे छोटा दिन देखा, जो 24 घंटे से 1.66 मिलीसेकंड कम था। स्क्रिप्स इंस्टीट्यूशन ऑफ़ ओशनोग्राफी में भूभौतिकी के एमेरिटस प्रोफ़ेसर और कैलिफ़ोर्निया विश्वविद्यालय, सैन डिएगो में एक शोध भूभौतिकीविद् डंकन एग्न्यू ने कहा कि 1972 से हम थोड़े तेज़ दिनों की ओर बढ़ रहे हैं।

# इमरान के बेटों से मिले ट्रम्प के दूत

## ग्रेनेल ने पाक के पूर्व पीएम की गिरफ्तारी को 'राजनीतिक उत्पीड़न' करार दिया

- आज आपके साथ समय बिताकर बहुत अच्छा लगा: रिचर्ड ग्रेनेल

**कैलिफोर्निया।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष प्रतिनिधि रिचर्ड ग्रेनेल ने कैलिफोर्निया में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटों, सुलैमान ईसा और कासिम खान से मुलाकात की।

ग्रेनेल ने इमरान खान की गिरफ्तारी को 'राजनीतिक उत्पीड़न' करार देते हुए उनकी रिहाई की मांग दोहराई। ग्रेनेल ने एक्स पर लिखा- कैलिफोर्निया (सुलैमान और कासिम) में आपका स्वागत है, मेरे दोस्तों। आज आपके साथ समय बिताकर बहुत अच्छा लगा। सुलैमान और कासिम, आपको मजबूत रहना होगा। दुनिया भर में लाखों लोग राजनीतिक उत्पीड़न से तंग आ चुके हैं। आप अकेले नहीं हैं। यह पहली बार नहीं है जब ग्रेनेल ने इमरान खान का समर्थन किया है। पहले भी उन्होंने न्यूजमैक्स को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि ट्रम्प सरकार के दौरान, जब इमरान खान पाकिस्तान के नेता थे, अमेरिका और पाकिस्तान के बीच संबंध बेहतर थे। उन्होंने खान को एक गैर-राजनीतिक व्यक्ति और समझदारी से बात करने वाला नेता बताया, जिनका ट्रम्प के साथ अच्छा रिश्ता था। ग्रेनेल ने इमरान खान की गिरफ्तारी को ट्रम्प के खिलाफ अमेरिका में चल रहे कानूनी मामलों से जोड़ा, इसे 'झूठे आरोपों' और 'भ्रष्टाचार के दावों' का मामला बताया।



### ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र पर नस्लभेदी हमला

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के एडिलेड शहर में एक भारतीय छात्र पर शनिवार को बेरहमी से हमला किया गया। 'द आस्ट्रेलिया टुडे' के रिपोर्ट के मुताबिक चरणप्रीत सिंह अपनी पत्नी के साथ कार से शहर के लाइट शो देखने निकला था। इसी दौरान किंटोर एवेन्यू के पास रात 9 बजे कार पार्किंग को लेकर उसकी स्थानीय लोगों से बहस हो गई। लड़कों ने चरणप्रीत को नस्लीय गालियां दी और उनपर हिंसक हमला किया। चरणप्रीत ने मीडिया को बताया कि उन्होंने मुझे कहा, इंडियन भाग जा और फिर मुझे लात-घूंसों से मारना शुरू कर दिया। मैंने जवाब देने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने मुझे तब तक मारा जब तक मैं बेहोश नहीं हो गया।

# नेतन्याहू के कत्ल की साजिश में 70 वर्षीय महिला गिरफ्तार

**तेल अवीव।** इजरायल की सुरक्षा एजेंसी शिन बेत ने बुधवार को एक 70 साल की बुजुर्ग महिला को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या की साजिश रचने के शक में गिरफ्तार किया है। इजरायली पब्लिक ब्राडकास्टर केएएन के मुताबिक, महिला पर आरोप है कि वह आईइडी ब्लास्ट के जरिए नेतन्याहू पर हमला करने की प्लानिंग कर रही थी।

केएएन ने बताया कि गुरुवार को महिला के खिलाफ अपराध की साजिश रचने और आतंकी एक्ट करने की साजिश के आरोप में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, महिला को दो हफ्ते पहले भी गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उसे कुछ शर्तों के साथ रिहा कर दिया गया। इन शर्तों में उसे सभी सरकारी संस्थानों में एंट्री करने और प्रधानमंत्री के करीब जाने से प्रतिबंधित किया गया था। पुलिस के मुताबिक, यह महिला 'जानी-मानी सरकार विरोधी प्रदर्शनकारी' है। उसने अन्य प्रदर्शनकारियों से हथियार हासिल करने और प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेने की कोशिश की थी। कोर्ट के आदेश से महिला की पहचान को सीक्रेट रखा गया था, लेकिन जांचकर्ताओं की अपील पर बुधवार को गोपनीयता का आदेश हटा लिया गया, जिससे उसके खिलाफ मामले सार्वजनिक हुए। जांच पूरी होने के बाद, पुलिस ने बताया कि स्टेट अटार्नी आफिस और सरकारी वकील को आगे की कार्रवाई और चार्जशीट के लिए जरूरी दस्तावेज सौंप दिए गए हैं। यह पहली बार नहीं है जब इजरायली पीएम पर हमला हुआ है।

- महिला आईईडी ब्लास्ट के जरिए नेतन्याहू पर हमला करने की प्लानिंग कर रही थी

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना- पैरामैड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट